# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 02 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 55, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ बंद

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। } 10

## छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी ली जायेंगी वापस : नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस ली जाएंगी और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। } 12



## पटाखा विस्फोट : आरोपी के घरों पर चला बुलडोजर

### मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अब तक 13 की मौत



विशेष संवाददाता

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी और फैक्टरी मालिक नौशाद को मंगलवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी अमित पाल ने बताया कि प्रशासन ने सोमवार रात फैक्टरी को ध्वस्त करने का ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नौ पुलिसकर्मी सस्पेंड

लखनऊ। कौशांबी में घनी आबादी के बीच अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को हुए भीषण विस्फोट में अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। लचर और लापरवाह व्यवस्था के कारण हुई इन मौतों में आठ बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा चार पुरुष और एक महिला की जान गई। चार मृतक एक ही परिवार के हैं। दो परिवार के तीन-तीन सदस्यों की जान गई। तीन गंभीर घायलों को अस्पताल में वेंटीलेटर पर रखा गया है। इस मामले में लापरवाही करने वाले नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसमें लापरवाही बरतने पर एक इंस्पेक्टर, छह दारोगा और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता के साथ योग्यता सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी

### 40 अधिकारियों का हुआ चयन, 21 विभिन्न आईआईटी से शिक्षित, 8 महिला अधिकारी भी शामिल

विशेष संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह ख के अधिकारियों की नियमित भर्ती पूरी होने के बाद नवचयनित 40 अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद हुई इस भर्ती से बोर्ड की कार्यक्षमता मजबूत होगी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सरकारी सेवाओं में ऐसी चयन व्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें पारदर्शिता के साथ योग्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में लागू की गई नई भर्ती प्रक्रिया इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जिम्मेदारी सीधे प्रदेश के पर्यावरण और लोगों के स्वस्थ जीवन से जुड़ी है। ऐसे में नवचयनित अधिकारी अपनी तकनीकी दक्षता का इस्तेमाल पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और विभागीय कार्यप्रणाली के साथ मैदानी स्तर की चुनौतियों को समझने के निर्देश दिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह ख के 26 सहायक पर्यावरण अभियंता और 14 सहायक वैज्ञानिक अधिकारी, कुल 40 अधिकारियों का चयन किया गया है। चयनित अधिकारियों में 21 विभिन्न आईआईटी से शिक्षित हैं, जबकि अन्य अधिकारियों ने देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है। चयनित अधिकारियों में 8 महिलाएं भी शामिल हैं। इस भर्ती की खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री के निर्देश और सिद्धांतों के अनुरूप चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया। पहले बोर्ड में समूह ख के अधिकारियों की भर्ती मुख्य रूप से केवल साक्षात्कार के आधार पर की जाती थी। पुरानी विनियमावली, 1995 ...शेष पृष्ठ 10 पर



### सेवा संकल्प अभियान से गांव-गांव पहुंचेगी विकास की कहानी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने तथा नागरिकों को विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में एक माह तक व्यापक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, विकास और जनभागीदारी से जुड़े 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### शीर्ष न्यायालय ने सीजेपी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ रद्द कीं सभी प्राथमिकी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उन सभी प्राथमिकियों को रद्द कर दिया, जो देश भर में 20 से 25 जुलाई के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। इसके बाद कॉजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में पांच सितंबर को होने वाले अपने प्रस्तावित मार्च को रद्द कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार को यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के कारण अपनी जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को तीन महीने के भीतर मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को बंद करते हुए पीठ ने कहा युवा प्रदर्शनकारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हम पूरा न्याय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं।

### अस्पताल में भर्ती हुए अन्ना हजारे

मुंबई। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की रक्त जांच रिपोर्ट में गुर्दे में संक्रमण के संकेत मिलने के बाद उन्हें मंगलवार को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हजारे के एक सहयोगी ने यह जानकारी दी। चिकित्सक डॉ. गौतम भंसाली ने बताया कि हजारे की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। उन्होंने बताया वह अब बेहतर और स्थिर हैं। उनके सहयोगी दत्ता आवारी ने बताया कि 89 वर्षीय हजारे को सोमवार रात दक्षिण मुंबई स्थित बॉम्बे अस्पताल लाया गया। इससे पहले, उन्हें शुरुआती इलाज के लिए अहिल्यानगर जिले में उनके पैतृक गांव रालेगण सिद्धि के एक स्थानीय चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया था। अन्ना की रक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार उन्हें गुर्दे में संक्रमण है।

# आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती : मोदी

### प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती और सुरक्षित पनाहगाह के खिलाफ ठोस कदम उठाने की वकालत की

एजेंसी

बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से उन देशों का मुकाबला करने का आग्रह किया जो आतंकवाद का इस्तेमाल सरकार की नीति के तौर पर करते हैं। मोदी ने आतंकवाद के वित्त पोषण और आतंकियों की भर्ती के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में दोहरे मापदंड को खारिज करने की भी अपील की। उनका इशारा सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और कई अन्य वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में, मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम केवल कार्रवाई-प्रतिक्रिया वाले दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रह सकते क्योंकि आतंकवादी गतिविधियां मानवता के लिए लगातार एक गंभीर चुनौती बनी हुई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ के भीतर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करते हुए आतंकवादी तंत्र, जिसमें वित्तपोषण नेटवर्क, भर्ती के तरीके और पनाहगाह शामिल हैं, को पूरी तरह से खत्म करने की वकालत की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जो देश आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत हथियार के तौर पर करते हैं, उन्हें चेतावनी दी जानी चाहिए कि आतंकवाद कभी भी किसी के लिए रणनीतिक रूप से उपयोगी नहीं हो सकता। पश्चिम एशिया संकट पर चिंता जाहिर करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने निरंतर यह कहा है कि सभी तनावों और संघर्षों को युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।



प्रधानमंत्री ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के संदर्भ में कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह एससीओ चार्टर की मूल भावना है। भारत बीआरआई का विरोध करता रहा है क्योंकि इसका कुछ हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का मुख्य विषय आतंकवाद से निपटने के लिए एससीओ से एकजुट होकर काम करने का उनका आह्वान था। उनकी बातों को मुख्य रूप से पाकिस्तान द्वारा अलग-अलग आतंकवादी समूहों को दिए जा रहे समर्थन के संदर्भ में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम सिर्फ कार्वाई-प्रतिक्रिया वाले नजरिए तक सीमित नहीं रह सकते। मोदी ने कहा हमें आतंकवाद के वित्त पोषण, आतंकियों की भर्ती, कट्टरपंथ के प्रसार और आतंकियों के पनाहगाहों के पूरे तंत्र को खत्म करना होगा। हमें एक स्वर में बात करनी होगी और यह स्पष्ट करना होगा कि इस गंभीर मुद्दे पर दोहरे मापदंडों की कोई जगह नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें उन देशों को कड़ा संदेश देना चाहिए जो आतंकवाद का इस्तेमाल अपनी नीति के तौर पर करते हैं तथा आतंकवादियों को पनाह और समर्थन देते हैं। पश्चिम एशिया के हालात पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पता चलता है कि किसी एक इलाके का टकराव सिर्फ उसी इलाके तक सीमित नहीं रहता, क्योंकि उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। उन्होंने कहा आज की आपस में जुड़ी हुई दुनिया में, सुरक्षा का दायरा और भी बढ़ गया है। पश्चिम एशिया के संकट ने यह दिखा दिया है कि किसी एक इलाके का टकराव सिर्फ उसी इलाके तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है जिससे ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती हैं। ऐसी रुकावटों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपीपीईटी : अब सात सितंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपी एसएसएससी) ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 (पीईटी-2026) के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने पीईटी-2026 के लिए पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर से बढ़ाकर 7 सितंबर 2026 कर दी है। इस संबंध में आयोग की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

आयोग की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 (पीईटी-2026) का विज्ञापन 1 अगस्त 2026 को प्रकाशित किया गया था। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 3 अगस्त 2026 से शुरू हुई थी। पहले पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर 2026 निर्धारित की गई थी। अब आयोग ने अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर देते हुए इस अंतिम तिथि को 7 सितंबर 2026 तक विस्तारित कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार पीईटी-2026 में शामिल होने के इच्छुक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राम मंदिर ट्रस्ट की सीईओ सर्च कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

### चयन समिति ने तीन योग्य प्रत्याशियों का अंतिम पैनल न्यास को सौंपा



जिला संवाददाता

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन के लिए गठित सर्च कमेटी ने व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया के सफल समापन की घोषणा करते हुए कमेटी ने मंगलवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद के लिए तीन योग्य प्रत्याशियों का एक पैनल दिया गया है। सर्च कमेटी में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. चतुवेर्दी, चतुवेर्दी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, वेटेरन, और परमाणु वैज्ञानिक डॉ. सुरेश ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वाणिज्यिक सिलेंडर 9.50 रुपये महंगा

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी के अनुरूप विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 5.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं, होटल तथा रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 9.50 रुपये की वृद्धि की गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के अनुसार, घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमत 6.28 रुपये प्रति लीटर या 5.46 प्रतिशत बढ़ाकर 121.28 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। यह वृद्धि एक अगस्त को कीमतों में पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद हुई है। लगातार दो बढ़ोतरी से विमानन कंपनियों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा। विमानन कंपनियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी ने सैनिक स्मारक का किया लोकार्पण

### स्मारक केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सैनिकों की वीरता व त्याग का प्रतीक : सीएम

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। भारत-नेपाल सीमा से लगे बनबसा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सैनिक स्मारक एवं झंडा पार्क का लोकार्पण करते हुए विशाल राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्र में निर्मित यह स्मारक केवल एक संरचना नहीं, बल्कि देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले सैनिकों की वीरता और त्याग का स्थायी प्रतीक है। विशाल तिरंगा सीमांत क्षेत्र में राष्ट्रीय गौरव और एकता का संदेश भी देगा। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद देश की सीमाओं पर जवान पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। स्मारक के माध्यम से आने वाली पीढ़ियां सैनिकों के साहस और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को करीब से समझ सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रति सरकार की सोच में व्यापक बदलाव आया है। पहले जिन्हें देश के अंतिम छोर के ...शेष पृष्ठ 10 पर






**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- जेम पर यूपी का जलवा, तीन राष्ट्रीय पुरस्कार (पृष्ठ-02)
- कवच 4.0 परियोजना के लिए 170 करोड़ स्वीकृति (पृष्ठ-02)
- रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 94.94 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- अनियमित बारिश से पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-10)
- बिजली की खपत 13 प्रतिशत बढ़कर 169 अरब यूनिट (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** आईएमडी का पूवार्नुमान 10 जिलों में आकस्मिक बाढ़ की आशंका

# छह सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट, योगी सरकार ने कसी कमर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पहले से जारी बाढ़ की स्थिति के बीच मौसम विभाग ने छह सितंबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश, आकस्मिक बाढ़, मेघगर्जन और वज्रपात का पूवार्नुमान जताया है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के पूवार्नुमान को गंभीरता से लेते हुए योगी सरकार ने राहत एवं बचाव व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय ने संभावित प्रभावित जिलों के प्रशासन को सतर्क रहने तथा जरूरतमंद लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश जारी किए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलों को मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखने, नदियों और नालों के जलस्तर की निगरानी करने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में आवश्यक इंतजाम पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में राहत और बचाव कार्य तत्काल शुरू किया जा सके। आईएमडी के पूवार्नुमान के मुताबिक छह सितंबर तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी से मूसलाधार बारिश हो सकती है। बारिश के साथ कई इलाकों में मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। इसे देखते हुए राहत आयुक्त कार्यालय ने जिला प्रशासन को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक सावधानी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। भारी बारिश की आशंका वाले जिलों में बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, संत रविदास नगर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, रायबरेली, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, ...शेष पृष्ठ 10 पर




## हरियाणा : खड़े ट्रक से टकरायी गाड़ी यूपी के छह तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी

फरीदाबाद। हरियाणा के पलवल में मंगलवार को कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर एक पिक-अप गाड़ी के सड़क पर खड़े हुए ट्रक से टकराने से छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा के पलवल में हुए सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

**मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख**

योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, हरियाणा के पलवल में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हरियाणा सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हादसे में जान गंवाने वाले उत्तर प्रदेश के नागरिकों के पार्थिव शरीर उनके गृह जनपद पहुंचाकर परिजनों को सौंपने तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जेम पर यूपी का जलवा, तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के जरिए पारदर्शी और समावेशी सरकारी खरीद को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर अधिकारियों को बधाई देते हुए छोटे उद्यमों को सरकारी बाजार से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की।

प्रदेश सरकार ने जेम के माध्यम से अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी खरीद की है। इसमें 55,972 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद एमएसई से हुई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जुलाई तक कुल 7,235 करोड़ रुपये की खरीद में एमएसई की हिस्सेदारी बढ़कर 59 प्रतिशत हो गई है। इसमें उत्तर प्रदेश के अपने एमएसई की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही। नई दिल्ली के भारत मंडपम में जेम के 10वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें जेम ओवर ऑल एक्सीलेंस अवार्ड, हाईएस्ट जेम प्रोक्योरमेंट वैल्यू और बेस्ट आउटरीच बिल्डिंग अवार्ड शामिल हैं। पुरस्कार एमएसएमई के प्रमुख सचिव शीश भूषण लाल सुशील ने प्राप्त किए। प्रदेश में सरकारी खरीद में एमएसई की भागीदारी लगातार बढ़ी है। वर्ष 2023-24 में जेम पर कुल 20,248 करोड़ रुपये की

- **सरकारी खरीद में एमएसई की हिस्सेदारी 59% हुई**

खरीद में एमएसई की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत थी। वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 53 प्रतिशत, 2025-26 में 55 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2026-27 में जुलाई तक 59 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि में एमएसई खरीद में उत्तर प्रदेश के अपने उद्यमों की हिस्सेदारी भी 76 प्रतिशत से बढ़कर 86 प्रतिशत हो गई। सरकार के मुताबिक, समावेशी सरकारी खरीद नीति का असर अब आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जेम ने प्रदेश के छोटे उद्यमियों को देशभर के सरकारी खरीदारों तक पहुंच उपलब्ध कराई है। चालू वित्तीय वर्ष में जुलाई तक यूपी के एमएसई को जेम के माध्यम से 16,953 करोड़ रुपये का कारोबार मिला। इसमें महिला उद्यमियों को 2,202 करोड़, एससी/एसटी उद्यमियों को 255 करोड़ और स्टार्टअप्स को 2,360 करोड़ रुपये का कारोबार मिला। सरकार का कहना है कि जेम के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार बढ़ रहा है। इससे छोटे उद्यमों के साथ महिला उद्यमियों, एससी/एसटी कारोबारियों और स्टार्टअप्स को नए अवसर मिलने के साथ रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

जेम के जरिए सरकारी परिसंपत्तियों को बेहतर मूल्य दिलाने का उदाहरण कानपुर में देखने को मिला। उद्योग निदेशालय ने जुलाई 2026 में 34 औद्योगिक प्लॉट एवं शेड को 99 वर्ष की लीज के लिए नीलामी की। इनका आरक्षित मूल्य 6.39 करोड़ रुपये था, जबकि प्रतिस्पर्धी बोली के बाद बिक्री मूल्य बढ़कर 32.54 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह सरकार को आरक्षित मूल्य की तुलना में 26.15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हुई।

# मथुरा में जन्माष्टमी पर्व भक्ति के साथ होगा तकनीक का संगम

- **जन्माष्टमी पर मथुरा में पहली बार होगा भव्य ड्रोन शो**
- **4 सितंबर की रात तीन से चार किमी. तक दिखेगा अद्भुत नजारा**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्माष्टमी पर्व को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मथुरा इस बार जन्माष्टमी पर श्रद्धा, भक्ति के साथ आधुनिक तकनीक के अनूठे संगम की साक्षी बनेगी। इस अवसर पर जहां देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होंगे, वहीं अनेक प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिमय माहौल को और भव्य बनाएंगे। इसके साथ ही पहली बार 500 ड्रोन के जरिए आसमान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया जाएगा।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सीईओ लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि इस बार ड्रोन शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा, जो चार सितंबर को रात करीब नौ बजे से शुरू होगा। यह शो लगभग एक घंटे तक चलेगा। इस दौरान 500 ड्रोन एक साथ आसमान में उड़ान भरेंगे और अलग-अलग आकृतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म तथा उनकी लीलाओं से जुड़े दृश्य प्रदर्शित करेंगे। ड्रोन शो की खास बात यह होगी कि आसमान में बनने वाली कृष्णलीला की आकृतियां जन्मभूमि के आसपास करीब तीन से चार किलोमीटर की दूरी तक दिखाई दे सकेंगी। इससे श्रीकृष्ण जन्मभूमि और उसके आसपास मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को एक साथ इस अनूठे आयोजन का साक्षी बनने का अवसर मिलेगा। इससे पहले 2 सितंबर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जो 4 सितंबर तक चलेंगे। यह सभी कार्यक्रम डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में होंगे। नागप्पन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 2 सितंबर को दोपहर तीन बजे उद्घाटन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 3:10 से 3:15 बजे तक श्याम जी शंख वादन करेंगे। शाम 4:15 बजे से भारत भूषण भजन, कीर्तन और लोकगायन की प्रस्तुति होगी।

शाम 6:15 से 7:40 बजे तक गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन की ओर से मुदरिया प्रेम एवं नंदोत्सव की झांकी गीत और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद शाम 7 से 9 बजे तक श्रुति अनंदिता वर्मा के निर्देशन में आरुष वर्मा, कमला बैरवा, निष्ठा शर्मा, रालीग खान और सम्राट कुमार कृष्णा कॉन्सर्ट-डिवोशनल म्यूजिकल प्रस्तुति देंगे। इस प्रस्तुति में भक्ति संगीत के साथ आधुनिक संगीत का भी समावेश होगा। तीन सितंबर को शाम 4 से 5 बजे तक देवेश शर्मा भजन गायन करेंगे। इसके बाद शाम 5 से 7 बजे तक कृष्णा सागर कलेक्टिव की भजन जेमिंग होगी।

शाम 6:15 से 7:40 बजे तक गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी की ओर से ह्यमुदरिया प्रेम एवं नंदोत्सव की झांकी गायन और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। शाम 7 से 9 बजे तक भी कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें श्रुति अनंदिता वर्मा के निर्देशन में आरुष वर्मा, कमला बैरवा, निष्ठा शर्मा, रालीग खान और सम्राट कुमार कृष्णा की संगीत प्रस्तुति शामिल होगी। इसके साथ ही चार सितंबर को दोपहर तीन से पांच बजे तक मोहित शैवानी ह्यकृष्णानयन-कृष्णप्रिय वो जो कभी कहा नहीं गया की प्रस्तुति देंगे। चार सितंबर को शाम 5 से 7 बजे तक हार्टफुलनेस फाउंडेशन की प्रस्तुति होगी। इसमें सुनीति मिश्रा कृष्णः अनंत रंग, अनंत भाव प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद अनिरबान भजन एवं बांसुरी वादन और मैत्रेयी राय भजन गायन करेंगी। शाम 7 से 9 बजे तक प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या आयोजित होगी। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान शहर में पांच बड़े और 21 छोटे मंच भी बनाए जाएंगे। इन मंचों पर ब्रज के कलाकार अपनी लोककला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ब्रज की पारंपरिक संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इसके अलावा पहली बार पांचजन्य प्रेक्षागृह परिसर में फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इससे श्रद्धालु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ विभिन्न खान-पान का भी लुत्फ उठा सकेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए हैं। शहर में 129 स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे और 24 पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 16 वॉच टावर बनाए जाएंगे। पुलिसकर्मी इन टावरों से भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों की निगरानी की जाएगी।

# तनुज पुनिया समेत कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## सांसद समेत अन्य कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा इको गार्डेन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में मंगलवार को जीपीओ पार्क स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के मंच के शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गये एफआईआर को निरस्त किये जाने की मांग की गयी। इसके बाद पुलिस द्वारा बलपूर्वक तनुज पुनिया सहित सभी कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर इको गार्डेन ले गयी जिन्हें देर शाम रिहा किया गया।

सांसद तनुज पुनिया के साथ उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के तमाम कांग्रेसजन प्रदर्शन में शामिल रहे। अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की मानसिकता दलित विरोधी है। दिखावे के लिए वे बाबा साहब अम्बेडकर और दलित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तो करते हैं किन्तु इनके मन में दलितों के प्रति सिर्फ उपेक्षा भरी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं एवं दलित वर्ग से आते हैं उनकी हल्द्वानी में जनसभा के बाद भाजपा के लोगों द्वारा मंच का शुद्धिकरण किया जाना पूरी तरह संविधान विरोधी कृत्य है। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार अविलम्ब इस कृत्य के दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करे एवं इस दलित विरोधी कृत्य के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी के विरूद्ध दर्ज किए गए फर्जी एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन एवं गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से डा. शहजाद आलम, ममता चौधरी, मुकेश सिंह चौहान, सुशील कुमार बाल्मीकि, विषम सिंह, सिद्धिश्री, मुरली मनोहर, विनय गौतम, विनीत वर्मा, अमरनाथ पासवान, अखिलेश कनौजिया, अभय गौतम, अजय रावत सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# कैप्टन दिनेश सिंह बने रालोद पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संतकबीर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ।** रालोद के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में संगठन विस्तार को गति देते हुए कप्तानगंज, बस्ती निवासी कैप्टन दिनेश सिंह को संत कबीर दास नगर क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष को मनोनयन पत्र रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्यराज सिंह एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी तथा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल तोमर ने संयुक्त रूप से सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्यराज सिंह ने कहा कि कैप्टन दिनेश सिंह के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल तोमर ने कहा कि कैप्टन दिनेश सिंह को लगभग तीन दशकों का प्रशासनिक एवं सैन्य अनुभव प्राप्त है। उन्होंने अपने सैन्य सेवाकाल में अनेक महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में भाग लेकर कुशल नेतृत्व, अनुशासन और कार्यक्षमता का परिचय दिया है। उनके व्यापक अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। कर्नल तोमर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कैप्टन दिनेश सिंह पूर्वांचल के पूर्व सैनिकों को रालोद से जोड़ने, संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर चंद्रबली यादव सदस्य संसदीय बोर्ड, वरिष्ठ नेता हवलदार सिंह यादव, शिक्षक नेता अभय सिंह यादव बस्ती, चौधरी मान सिंह, विकास सिंह भैंसा आदि मौजूद रहें।

# जनता की आवाज बुलंद करना सभी की साझा जिम्मेदारी

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी का एकजुट होने की जरूरत : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों से आये नागरिकों के साथ एक विशेष जनसंवाद लोक हुंकार जन संवाद, जन भागीदारी, जन परिवर्तन (जनता के साथ सीधे संवाद) का कार्यक्रम मंगलवार को गांधी भवन ऑडिटोरियम, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी उप्र राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद राकेश राठौर एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी सहित वरिष्ठ नेतागण भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि आज जन संवाद, जन भागीदारी और जन परिवर्तन के संकल्प के साथ जनता के अधिकारों, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद आप लोगों के बीच हुआ है। इसका समाज पर अच्छा प्रभाव जाएगा।

उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और उपस्थित सिविल सोसाइटी के साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने जनता की आवाज को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है, इसके लिए हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों के प्रतिनिधि यहां पर एकत्र हुए हैं लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लेने के लिए आये हैं। बहुत ही सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी वर्गों और समुदायों के लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। आज उप्र में हर तरफ भय का वातावरण पैदा किया गया है। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी के सिपाही हैं जिनका कहना है कि देश में जहां कहीं भी पीड़ा दिखाई देगी वहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पहुंचेंगे और पीड़ित की आवाज उठायेंगे।

सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा देश में संविधान विरोधी कृत्य कर रही है, जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम के बाद मंच का शुद्धिकरण भाजपा के लोगों द्वारा किया गया उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए हमारे नेता लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी। यह भाजपा का दलित विरोधी कृत्य है जो डा. बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान का अपमान कर रही है।

# गन्ने के खेत से विदेशी बाजार तक पहुंची एक्सपोर्ट चेन

- **यूपी ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की**
- **कृषि से पैकेजिंग तक दिख रहा त्रिवर्षीय आबकारी निर्यात नीति का असर**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निर्यात की बढ़ती रफ्तार अब केवल विदेशी बाजारों तक पहुंचने वाली बोतलों और उत्पादों की कहानी नहीं रह गई है। इसकी शुरूआत गन्ने के खेत, शीरा और अनाज से होकर उद्योगों तक पहुंच रही है और वहां से पैकेजिंग, भंडारण व परिवहन के रास्ते विदेशी बाजार तक जा रही है।

योगी सरकार की त्रिवर्षीय आबकारी निर्यात नीति 2026-29 ने इस पूरी एक्सपोर्ट चेन को नई गति दी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (अप्रैल-जून 2026) में प्रदेश के आबकारी निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 45.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय वृद्धि 18.3 प्रतिशत रही - इस तरह प्रदेश की वृद्धि राष्ट्रीय औसत की दोगुनी से भी अधिक रही। वहीं मात्रा की दृष्टि से प्रदेश का निर्यात 163 प्रतिशत बढ़ा। सबसे अहम उपलब्धि यह रही कि यूपी ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की।

निर्यात की इस बढ़ती श्रृंखला में कृषि उत्पादों की भूमिका भी अहम है। बस्ती से 25 हजार कुंतल शीरे का विदेश निर्यात किया गया, जिससे करीब पांच लाख अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई। शीरा भिन्न शुल्क वर्गीकरण में आता है, इसलिए यह अर्जन उपरोक्त आंकड़ों से अतिरिक्त है। यानी खेतों में तैयार होने वाले कृषि उत्पाद अब स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रसंस्करण के बाद सीधे वैश्विक बाजार का हिस्सा बन रहे हैं। निर्यात बढ़ने के साथ अप्रैल-जुलाई 2026 के मध्य यूपी की इकाइयों ने अन्य राज्यों को भी पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 1.64 करोड़ अधिक बोतलें भेजीं, जो करीब 45.7 प्रतिशत की वृद्धि है। निर्यात की बढ़ती संभावनाओं ने प्रदेश में नए निवेश के साथ पुरानी औद्योगिक क्षमता को भी सक्रिय किया है। उन्नाव में यूनाइटेड ब्रुअरीज और हरदोई में माउंट एवरेस्ट ब्रुअरीज नई इकाइयां स्थापित कर रही हैं।

फरुर्खाबाद में वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स ने इकाई स्थापित की है। वहीं एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स ने मुरादाबाद की बंद पड़ी इकाई को दोबारा शुरू किया है। गोरखपुर की कियान डिस्टिलरी ने एथेनॉल उत्पादन के साथ पेय आसवनी और ब्रुअरी के लिए भी आवेदन किया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, रैडिको खेतान भी अन्य राज्यों से अपने सीतापुर और रामपुर संयंत्रों में निर्यात उत्पादन स्थानांतरित कर रही है। अप्रैल-जून 2026 में देश से करीब 10.17 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आबकारी निर्यात हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 127.8 लाख डॉलर रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 87.9 लाख डॉलर था। यानी महज एक साल में प्रदेश ने करीब 39.9 लाख डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि हासिल की।

# कवच 4.0 परियोजना के लिए 170 करोड़ की दी स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

- **रेलवे ने मुरादाबाद डिवीजन के शेष 712 किलोमीटर पर कवच परियोजना के लिए दी सहमति**



**लखनऊ।** भारतीय रेलवे ने उत्तरी रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन के शेष 712 रूट किलोमीटर (आरके) खंडों पर कवच वर्जन 4.0 लागू करने की स्वीकृति दे दी है। इसकी कुल लागत 170 करोड़ रुपये है। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) की तैनाती से डिवीजन के रेलवे सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। कवच 4.0 के कार्यान्वयन से चिन्हित खंडों में ट्रेन संचालन के लिए एक उन्नत सुरक्षा परत उपलब्ध होगी।

कवच स्वदेशी रूप से विकसित एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है जिसे परिचालन सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह खतरे के सिग्नल को पार करने (एसपीएडी) से रोकने में सहायता करता है, असुरक्षित स्थितियों से बचने के लिए आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित रूप से ब्रेक लगाता है, गंभीर परिस्थितियों में ट्रेन की गति को नियंत्रित करता है और टक्करों के जोखिम को काफी हद तक कम करता है। यह पहल भारतीय रेलवे द्वारा अपने पूरे नेटवर्क में कवच कवरेज का विस्तार करने और रेलवे सिग्नलिंग तथा ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों का आधुनिकीकरण करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

# हथकरघा उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देगी सरकार

## बुनकरों को सरकारी खरीद के माध्यम से मिलेगा स्थायी बाजार और रोजगार



**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग को प्रोत्साहन देने तथा प्रदेश के बुनकरों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकारी संस्थानों में स्थानीय स्तर पर निर्मित हथकरघा उत्पादों की खरीद को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में मंगलवार को विधान भवन स्थित कक्ष संख्या-80 में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सरकारी विभागों तथा शासकीय उपक्रमों में प्रयुक्त होने वाले बेडशीट एवं गॉज बैंडेज की खरीद और आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश के बुनकरों को सरकारी खरीद का बाजार उपलब्ध कराना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकारी संस्थानों में स्थानीय बुनकरों द्वारा निर्मित गुणवत्तापूर्ण वस्त्रों की खरीद बढ़ने से प्रदेश के लाखों बुनकर परिवारों को रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलेगी तथा प्रदेश में उत्पादित वस्त्रों के लिए स्थायी बाजार भी विकसित होगा। उल्लेखनीय है कि 07 अगस्त 2026 को लोकभवन, लखनऊ में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग सहित सरकारी विभागों एवं शासकीय उपक्रमों में प्रमुख रूप से प्रयुक्त होने वाले बेडशीट एवं गॉज बैंडेज की खरीद सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में बैठक के दौरान इसकी कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 2,13,107 बुनकर कार्यरत हैं। बेडशीट तथा गॉज बैंडेज सहित विभिन्न वस्त्रों का उत्पादन प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में बुनकरों द्वारा किया जा रहा है। सरकारी खरीद में इन उत्पादों को प्राथमिकता मिलने से बुनकरों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा सकेगा और परंपरागत बुनकरी व्यवसाय से नई पीढ़ी को जोड़ने में भी मदद मिलेगी। समीक्षा बैठक में प्रस्तावित व्यवस्था के तहत सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आवश्यकतानुसार बेडशीट, तकिया कवर तथा गॉज बैंडेज क्लॉथ की आपूर्ति उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम लिमिटेड के माध्यम से सुनिश्चित किए जाने पर चर्चा हुई। इसके लिए प्रदेश के बुनकर सहकारी समितियों एवं बुनकरों से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कराया जाएगा।

# भाजपा की साजिशों से सावधान रहें : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव 2027 में एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव से अच्छा प्रदर्शन करना है। जनता ने सपा की सरकार लाने का मन बना लिया है। चुनाव में समाजवादी समर्थक एक भी वोट घटने न पाए। एक भी वोट छूटे न। भाजपा की साजिशों से सावधान रहें। इस बार धोखा नहीं होना चाहिए।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कुशासन, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त हो गयी है। जनता भाजपा को हटाना चाहती है। भाजपा सरकार में हर स्तर पर भेदभाव है। भाजपा के अन्यायी शासन के खिलाफ पीडीए एकजुट है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा घबराई है। भाजपाई पीडीए के खिलाफ तरह-तरह की साजिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का पीडीए प्रोग्रेसिव और डेवलपमेंट का है। यहां प्रेम, दया, अपनापन है। सपा सबको साथ लेकर चलती है। सभी का सम्मान करती है।

सपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि बूथों को मजबूत करें। जनता को सपा की योजनाओं के बारे में बताएं। सबके प्रति प्रेम, दया अपनापन का व्यवहार करते हुए सबको जोड़ें। श्री यादव ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। भाजपा लोकतंत्र के खिलाफ है। वह लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण के लिए खतरा है। भाजपा शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान विरोधी है।

# सच्चाई को दबाने की कोशिश कर रही सरकार : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने देश की आर्थिक स्थिति और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में आज हर तरफ झूठे दावों और प्रचार की गूंज है, जबकि जमीन पर आम जनता महंगाई और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। सुनील सिंह ने कहा कि जीडीपी के आंकड़ों से लेकर विकास के दावों तक, जनता के सामने ऐसी तस्वीर पेश की जा रही है जो जमीन की सच्चाई से कोसों दूर है। यदि अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है तो फिर आम आदमी की जेब खाली क्यों है और उसकी क्रय शक्ति लगातार कमजोर क्यों हो रही है? उन्होंने कहा कि जनता महंगाई से परेशान है। सीएनजी महंगी, दूध महंगा, एलपीजी महंगी और चीनी महंगी हो चुकी है। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान लगातार महंगा हो रहा है, लेकिन मोदी देश में खुशियों की बधाई दे रहे हैं। सवाल यह है कि जब जनता की रसोई का बजट बिगड़ चुका है और परिवार अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, तो ये खुशियां आखिर किसके लिए हैं? लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि आपकी सरकार ने देश की खुशियां छीन ली हैं। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, छोटे कारोबारियों का संकट और आम आदमी की घटती क्रय शक्ति जैसे वास्तविक मुद्दों पर सरकार गंभीरता से काम करने के बजाय प्रचार और आत्मप्रशंसा में व्यस्त है।

# बीबीएयू में मनाया जा रहा राजभाषा हिंदी उत्सव

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 1 - 30 सितंबर तक राजभाषा हिंदी उत्सव-2026 मनाया जा रहा है। हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस उत्सव के अंतर्गत हिंदी माह (हिंदी पखवाड़ा) का उद्घाटन, विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी प्रतियोगिताओं, श्रुतिलेख (सु-लेख), टिप्पणी एवं प्रारूपण, हिंदी टंकण, राजभाषा सामान्य ज्ञान तथा स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सप्त दिवसीय हिंदी कार्यशाला, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं आनंद मठ पर एक दिवसीय कार्यक्रम, दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अपनी भाषा, संस्कृति, ज्ञान-परंपरा और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः अभिव्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत की विराट सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसने विविधताओं के बीच संवाद, समन्वय और सह-अस्तित्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी का संवर्धन केवल हिंदी दिवस या हिंदी पखवाड़े तक सीमित नहीं होना चाहिए।

# खेल कोटे में 109 सीटों पर 7 तक प्रवेश का मौका

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत खेल कोटे की खाली सीटों पर प्रवेश का मौका दिया गया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को निर्धारित मानकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के साथ सात सितंबर तक कमरा नंबर 207 (ए) में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी ने बताया कि आवेदन और खेल प्रमाणपत्रों की जांच के बाद निर्धारित सीटों के सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। खेल कोटे में कुल 109 सीटें खाली हैं। इनमें बीटेक में 24, बीए 2025 एनईपी में 20, बीबीए में तीन, बीकॉम में छह, बीसीएसआईटी में तीन, बीएससी में नौ, बीवीए में दो और सीसीआईसीवीएम में एक सीट है। एमटेक (एआईडीएस) और एमटेक (एआईएमएल) में एक-एक सीट है। इसके अलावा एमए अर्थशास्त्र, शिक्षा, हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी और इतिहास में दो-दो, एमबीए में छह, एमसीए, एमकॉम, एमएससी आईटी, रसायन, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिकी और सांख्यिकी में दो-दो सीटें हैं। एमवीए एप्लाइड आर्ट्स, एमवीए पेंटिंग में एक-एक और पीडीसीडी में तीन सीटें हैं।

# प्रदेश की 82 लाख महिला किसान बनीं परिवर्तन की अग्रदूत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांवों में स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनकर उभर रहे हैं। योगी सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश में 10.58 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से करीब सवा करोड़ ग्रामीण परिवार जुड़े हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, उद्यम और स्थायी आजीविका के अवसर मिल रहे हैं।

महिला समूहों से जुड़ी 82 लाख से अधिक महिला किसान भी ग्रामीण बदलाव की अग्रदूत बनी हैं। खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई, डेयरी, हस्तशिल्प और स्वच्छता उत्पादों सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं छोटे उद्यम संचालित कर रही हैं। प्रशिक्षण, ऋण और बाजार से जुड़ाव ने उनकी आय बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास भी मजबूत किया है। मिशन निदेशक अरुण कुमार के मुताबिक, महिलाओं को बचत और ऋण की पारंपरिक व्यवस्था से आगे बढ़ाकर उद्यमिता से जोड़ना मिशन की बड़ी उपलब्धि है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच मिली है, जिससे छोटी पूंजी से कारोबार शुरू करने के अवसर बढ़े हैं। कृषि क्षेत्र में भी महिला समूहों की भागीदारी बढ़ी है। 82 लाख महिला किसानों का जुड़ाव ग्रामीण परिवारों की आय के स्त्रोतों में विविधता ला रहा है।

समूहों के माध्यम से महिलाएं एक-दूसरे के अनुभव साझा कर आगे बढ़ रही हैं और सफल महिलाएं दूसरी महिलाओं को भी उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रही हैं। सरकार का फोकस अब स्वयं सहायता समूहों को केवल वित्तीय सहायता तक सीमित रखने के बजाय उद्यम, रोजगार और बाजार से जोड़कर स्थायी आय के स्त्रोत विकसित करने पर है।

संक्षेप

## छेड़छाड़ के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

श्रावस्ती। गिलौला थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी रामप्रसाद पुत्र बीपत को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि करीब 4 वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी रात 11 बजे छत पर सो रही थी। आरोपी दीवार फांदकर पहुंचा और अश्लील हरकत करने लगा। शोर सुनकर मां व ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी भाग गया। मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो सौरभ सक्सेना ने सजा सुनाई।

## दुर्घटना में किशोर की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। मवेशी की टक्कर से टेम्पो अनियंत्रित हो गया। दुर्घटना में किशोर की मौत से घर का इकलौता चिराग बुझ गया। लालगंज कोतवाली के सांगीपुर वार्ड निवासी देव कुमार द्विवेदी (17) पुत्र स्व. उमेश द्विवेदी सोमवार को किसी कार्य से प्रतापगढ़ गया था। देर रात वह प्रतापगढ़ से सवारी वाहन टेम्पो से लालगंज वापस लौट रहा था। नेशनल हाईवे प्रतापगढ़ रायबरेली पर लीलापुर थाना के तिना दुबान के पास मवेशी की अचानक सामने आ जाने से टेम्पो पलटा खा गया। देव कुमार टेम्पो के नीचे दब गया। फोनिक सूचना पर सगरा सुन्दरपुर चैकी पुलिस आनन फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस घायल को लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर आई। यहां गम्भीर दशा में प्रारंभिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही किशोर की मौत हो गयी। बिलखते परिजन शव को लेकर यहां घर वापस आ गए। मंगलवार की सुबह लीलापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक किशोर के पिता की भी कोरोना काल में मौत हो गयी। वह अपने पीछे मां तथा छोटी बहन को निराश्रित छोड़ गया है। मृतक लालगंज में कैटरिंग के जरिए परिवार का भरण पोषण किया करता था। किशोर की मौत से मां बहन को रोता बिलखता देख लोगों की भी आंखें नम हो उठीं दिखी। लीलापुर एसओ वारिज कसेरा का कहना है तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्यकार की मां का निधन, जताया गया दुख

प्रतापगढ़। उमापुर वार्ड निवासी वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि नागेन्द्र अनुज की मां सावित्री (75) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। निधन की जानकारी पर क्षेत्रीय साहित्यकारों ने बैठक कर शोक जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी सावित्री के निधन पर परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी साहित्यकार की मां के निधन पर परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। वहीं स्थानीय साहित्यकारों की बैठक वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें पूर्व प्राचार्य डॉ. डीपी ओझा, डॉ. बच्चाबाबू वर्मा, शेख मुंशीरजा अनीश, शिवाकान्त द्विवेदी, अंजनी अमोघ, दयाराम वर्मा, गयाप्रसाद मिश्र आदि ने भी साथी की मां के निधन पर गहरा दुख जताया है।

## बम के साथ धराए आरोपी

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर कोतवाली पुलिस ने आठ देशी बम के साथ दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से कूट रचित नम्बर प्लेट के साथ डीसीएम भी बरामद करने में सफलता ली है। लालगंज कोतवाली के दरोगा रामनरेश तथा बनवारी लाल फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। कोतवाली के नहर मार्ग स्थित जंगली बीर बाबा के समीप पुलिस को देख दो संदिग्ध भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हे दबोचा तब इनके पास से आठ देशी बम बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डीसीएम भी बरामद किया। डीसीएम पर आरोपियों द्वारा कूट रचित नम्बर प्लेट लगाया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह रात में मवेशियों की चोरी कर इन्हे बाहर बेचने की घटना अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

# बेटियों की मजबूती से सशक्त होगा भारत

- कस्तूरबा विद्यालयों में तकनीकी और वैज्ञानिक शिक्षा का विस्तार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर स्मार्ट कक्षाओं तक बेटियों को मिल रहे आधुनिक अवसर





**देवीपाटन मंडल/श्रावस्ती।** देश की समग्र प्रगति, आत्मनिर्भरता और नवनिर्माण के लिए बेटियों का शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए सशक्त बेटियों की आवश्यकता है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को आधुनिक शिक्षा और कौशल से जोड़कर उन्हें समर्थ एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत देवीपाटन मंडल के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में किए जा रहे नवाचार ग्रामीण अंचल की छात्राओं के लिए शिक्षा के नए द्वार खोल रहे हैं। इन विद्यालयों में तकनीकी, वैज्ञानिक, डिजिटल और व्यावहारिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

गोण्डा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय झंझरी में मंडल की पहली अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वस्तुओं के इंटरनेट और उन्नत कंप्यूटर प्रयोगशाला ह्यकेजीबीवी नवाचार केंद्र स्थापित की गई है। यह परिषदीय विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यहां छात्राओं को आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित साधनों के साथ मशीनों को सीखने की प्रक्रिया, रोबोट तकनीक और कंप्यूटर संबंधी व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं में तकनीकी समझ, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित हो रही है।

श्रावस्ती के कस्तूरबा विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से डिजिटल शैक्षिक सामग्री, चलचित्र और एनिमेशन के जरिए कठिन विषयों को सरल और रोचक ढंग से समझाया जा रहा है। इससे छात्राओं में तार्किक सोच, रचनात्मकता और विषयों को समझने की क्षमता का विकास हो रहा है। इसी क्रम में बलरामपुर के कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में फिजिक्स वाला की डिजिटल कक्षाओं के माध्यम से विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन छात्राओं को मिल रहा है। इससे छात्राएं विज्ञान और गणित की मूलभूत अवधारणाओं को मजबूत करने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी आत्मविश्वास हासिल कर रही हैं।

बहराइच के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रयोग आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। छात्राओं को नियमित रूप से वैज्ञानिक प्रयोग और व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इससे उनमें जिज्ञासा, खोजी प्रवृत्ति और अनुसंधान की क्षमता विकसित हो रही है। तकनीकी और वैज्ञानिक शिक्षा के साथ ही मंडल के सभी कस्तूरबा विद्यालयों में योग, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और खेलकूद जैसी गतिविधियों को भी शिक्षा का हिस्सा बनाया गया है। इसका उद्देश्य छात्राओं का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करना है।

देवीपाटन मंडल में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे ये प्रयास ग्रामीण परिवेश की बेटियों को आधुनिक संसाधनों और बेहतर अवसरों से जोड़ रहे हैं। कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राएं अब शिक्षा के साथ तकनीक, विज्ञान, खेल और आत्मरक्षा में भी दक्ष बन रही हैं। यह पहल ग्रामीण बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें नए भारत के निर्माण की सशक्त भागीदार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## बंद कमरे में पति-पत्नी के शव मिले, जांच में जुटी पुलिस

**बलरामपुर।** जिले के गैंसड़ी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मकान के बंद कमरे से पति-पत्नी के शव संदिग्ध परिस्थिति में मिले। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि पीर गेडास गांव में मनोज (28) और उनकी पत्नी मंजू देवी (26) रहते थे। सोमवार दोपहर तक दोनों के कमरे से बाहर नहीं निकलने पर परिजनों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने उसे तोड़ा तो अंदर दोनों बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उन्होंने कहा कि मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्वाई की जाएगी।

## मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में डीएम ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं



श्रावस्ती। आयुक्त देवीपाटन मंडल, गोण्डा दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मंडल के जिलों में हर माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को ह्यमां पाटेश्वरी शक्ति संवाद जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और संवेदनशील माहौल में अपनी बात रखने का अवसर देना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। जनता दर्शन में भी कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में वास्तविक समाधान करने तथा केवल कागजी खानापूर्ति न करने के निर्देश दिए।

## संस्कृत प्रतिभा खोज-2026 का हुआ भव्य आयोजन

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ तथा भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में जनपद श्रावस्ती के कटरा स्थित चन्द्रभान संस्कृत शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, तेन्दुआ पण्डित में जनपदस्तरीय ह्यसंस्कृत प्रतिभा खोज-2026 प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार त्रिपाठी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने संस्कृत सामान्य ज्ञान और संस्कृत गीत प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महामाया राजकीय महाविद्यालय श्रावस्ती के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, राजकीय महाविद्यालय पचपेड़वा के प्राचार्य डॉ. चन्द्र कांत तथा जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना के प्राचार्य राम बिहारी बाजपेयी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



मुख्य वक्ता राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कृष्ण मोहन शुक्ला तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थी जयंत धर द्विवेदी ने विद्यार्थियों के शैक्षिक, नैतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत बुद्धि, तर्क शक्ति और स्मरण शक्ति को मजबूत करने के साथ संस्कार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी बढ़ाती है।

संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शिवा सिंह प्रथम, उन्नति द्वितीय और ऋतिक कसौंधन तृतीय रहे। संस्कृत गीत में शर्वा मिश्र प्रथम, दीपांशु पाण्डेय द्वितीय तथा विनायक मिश्र तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समापन पर संस्थान के प्रबंधक मुकेश जी, प्रधानाचार्या बबिता (शास्त्री), संयोजक रवि प्रताप (शास्त्री), शिक्षकों एवं निर्णायकों के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जलभराव के समाधान को लेकर वकीलों ने उठाई आवाज



प्रताापगढ़। तहसील परिसर में लगातार जलभराव की समस्या से नाराज वकीलों ने मंगलवार को भी न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। आम सभा की बैठक में समस्या को लेकर प्रशासनिक लापरवाही को लेकर अधिवक्ताओं में गुस्सा देखा गया। इसके बाद अधिवक्ताओं का जत्था संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश चन्द्र तिवारी एवं महामंत्री शिवरंजन यादव तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद की अगुवाई में एसडीएम चैंबर पहुंचा। यहां वकीलों ने डीएम को सम्बोधित एसडीएम वाचस्पति सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जलभराव की समस्या के अविलंब समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने न्यायिक एवं प्रशासनिक कामकाज के सुचारू रूप से संचालित होने को लेकर प्रशासन से अस्थायी संपर्क मार्ग बनवाए जाने पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि कोर्ट तक पहुंचने के लिए अधिवक्ताओं व फरियादियों के लिए आवागमन की सुविधा बहाल न हुई तब अधिवक्ताओं को विरोध प्रदर्शन की आवाज मुखर करना होगा। आम सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पांडेय व मोहम्मद असलम ने भी समस्या को लेकर प्रशासन पर घोर लापरवाही को लेकर आक्रोश जताया है। इस मौके पर संदीप सिंह, अनिल मिश्रा, पंकज मिश्रा, लालता प्रसाद पांडेय, आशीष तिवारी, सुरेन्द्र गौतम, संतोष सरोज, दिनेश सिंह, शिवनारायण शुक्ला, विपिन शुक्ल, अंबुज पांडेय, रामअभिलाख यादव, मो. इरफान, शैलेन्द्र शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## सीएमओ ने जिला अस्पताल भिनगा व सीएचसी भंगहा का किया औचक निरीक्षण

श्रावस्ती। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंगहा तथा विभिन्न विद्यालयों का सघन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस का आयोजन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं पाया गया। निरीक्षण के समय ड्यूटी से अनुपस्थित सुरेश कुमार, लैब टेक्नीशियन, विजय लक्ष्मी, एएनएम तथा संजय पाठक, फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल के मुख्य द्वार पर सुरक्षा गार्ड तैनात न होने पर भी सीएमओ ने नाराजगी जताई। सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में वाहन परिसर में बेतरतीब खड़े मिले, जिससे मरीजों और एम्बुलेंस के आवागमन में परेशानी हो रही थी। उन्होंने सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रेरणा ऐप के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय बुधई पुरवा, सती चौरा तथा कम्पोजिट विद्यालय सिसवा में वीकली आयरन एंड फॉलिक एसिड सप्लीमेंटेशन (डब्ल्यूआईएफएस) कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बच्चों को नियमित आयरन एवं फॉलिक एसिड की दवा दिए जाने तथा रजिस्टर अद्यतन पाए गए। सीएचसी भंगहा में पीएमएसएमए दिवस नियमानुसार संचालित मिला और सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित पाए गए। सात माह की गर्भवती सरिता शर्मा, निवासी भंगहा, जिनका हीमोग्लोबिन 8 ग्राम था, को आयरन सुक्रोज दिया जा रहा था। डॉ. अशोक कुमार सिंह ने पांचों डोज समय से पूरी कराने और सुरक्षित संस्थागत प्रसव की सलाह दी।

## जिला बदर हिस्ट्री शीटर को पुलिस ने थमाई नोटिस, तीन दिन में जिला छोड़ने का आदेश

प्रतापगढ़। जिले बदर हिस्ट्री शीटर को गाजे बाजे के साथ उसके घर पहुंची पुलिस ने नोटिस तामील कराते हुए तीन दिन के भीतर सीमा से बाहर जाने को कहा है। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा निवासी वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू पासी हिस्ट्री शीटर है। पुलिस के अनुसार आए दिन वह असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहता है। जिससे सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा रहता है। लालगंज कोतवाली पुलिस की इसी आख्या के आधार पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने हिस्ट्री शीटर को जिला बदर कर दिया है। मंगलवार को रानीगंज कैथौला चैकी पुलिस जिलाधिकारी के आदेश की नोटिस तामील कराने जिला बदर आरोपी के घर पहुंची। गाजे बाजे के साथ पहुंची पुलिस ने आरोपी को जिला बदर की नोटिस पढ़कर सुनाया और तीन दिन के भीतर जिले की सीमा से बाहर चले जाने का निर्देश दिया। लालगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश के बाद हिस्ट्री शीटर को जिला बदर की नोटिस थमा दी गयी है। नोटिस की नियमावली के विपरीत यदि आरोपी जिले में पाया गया अथवा जिले की सीमा में आने का साक्ष्य मिला तो मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में एसएसओ का फंदे से झूलता मिला शव

प्रतापगढ़। विद्युत उपकेन्द्र में तैनात एसएसओ के संदिग्ध परिस्थितियों में सरकारी आवास में फंदे से झूलते शव को लेकर मंगलवार को उपकेन्द्र में हड़कंप मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर बाजार के समीप पावर हाउस में विवेक कुमार यादव एसएसओ तैनात थे। पिछले पांच महीने से वह उपकेन्द्र में अवर अभियन्ता के रिक्त पद पर प्रभार संभाले हुए थे। मंगलवार की सुबह अधिशासी अभियंता रूपेश कुमार ने किसी सरकारी सूचना के लिए एसएसओ को फोन किया। तब उनका फोन बंद मिला। इसके बाद करीब ग्यारह बजे अधिशासी अभियन्ता दोबारा फोन किया तब भी एसएसओ का फोन बंद मिला। तब अधिशासी अभियन्ता ने सांगीपुर के एसडीओ प्रशान्त कुमार को एसएसओ से संपर्क करने को कहा। एसडीओ ने उपकेन्द्र में तैनात कर्मचारियों से एसएसओ का पता लगाने को कहा। इसके बाद कर्मचारी एसएसओ के आवास पहुंचे। आवास में उनका कमरा अन्दर से बन्द मिला तब कर्मचारियों ने कमरे के बाहर आवाज लगाई। अंदर से कोई आवाज न पाने पर कर्मचारियों ने कमरे के अन्दर झांका तब वह एसएसओ को फंदे से झूलता देख दंग रह गए। कर्मचारियों ने पुलिस को फोनिक सूचना दी। मौके पर उदयपुर पुलिस पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़वाया। पुलिस ने कर्मचारियों के सहयोग से एसएसओ के शव को नीचे उतरवाया। मृतक एसएसओ विवेक कुमार यादव जौनपुर जिले के थाना बक्सा के मीरगंज कुंवारदहा निवासी थे। मृतक के बच्चे रक्षाबंधन पर्व पर घर गए हुए थे। एसएसओ के फंदे पर झूलने की वजह को लेकर कोई तस्वीर साफ नही हो सकी है। पत्नी और बच्चों की मौजूदगी न होने के कारण भी घटना को लेकर पुलिस कोई क्लू अभी तलाश नही पाई है। एसएसओ की मौत की जानकारी पर अधिशासी अभियन्ता रूपेश कुमार तथा सांगीपुर एसडीओ प्रशान्त कुमार भी विद्युत उपकेन्द्र पहुंचे।



# डॉ. भास्कर शर्मा को मिला भारत गौरव पुरस्कार-2026

### दिल्ली में आयोजित वर्चुअल अवार्ड सेरेमनी में किए गये सम्मानित



**सिद्धार्थनगर।** जिले के सुप्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. भास्कर शर्मा ने एक बार फिर सिद्धार्थनगर का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। चिकित्सा एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें भारत गौरव पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया है। केटीके आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट एंड एजुकेशन फाउंडेशन, दिल्ली के तत्वावधान में 30 अगस्त को आयोजित वर्चुअल अवार्ड सेरेमनी में मेजर यशपाल सिंह ने डॉ. भास्कर शर्मा को यह सम्मान प्रदान किया। यह उपलब्धि उनकी वर्षों की चिकित्सा सेवा, समाज के प्रति समर्पण और होम्योपैथी के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को मिली राष्ट्रीय पहचान के रूप में देखी जा रही है। डॉ. भास्कर शर्मा ने होम्योपैथी चिकित्सा के साथ लेखन के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने ह्यहोम्योपैथिक इनसाइक्लोपीडिया मटेरिया मेडिकाह्न नामक विशाल ग्रंथ का लेखन किया है, जिसे वे होम्योपैथी के क्षेत्र की विश्व की सबसे बड़ी पुस्तकों में बताते हैं। चिकित्सा ज्ञान को व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में उनके इस प्रयास को भी विशेष उपलब्धि माना जाता है। डॉ. शर्मा को इससे पूर्व भी देश-विदेश में अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इनमें स्टार ऑफ होमियोपैथी लंदन, प्रेसिडेंशियल यूथ फिटनेस अवार्ड अमेरिका, डॉ. सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ. एलन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉ. कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनालिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवॉर्ड नाइजीरिया, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी श्री गोवा, होम्योपैथी रत्न एवं चिकित्सा रत्न सम्मान प्रमुख हैं। भारत गौरव पुरस्कार मिलने पर डॉ. डीके मौर्य, डॉ. चंद्रशेखर वर्मा, डॉ. वीरेंद्र त्रिपाठी, डॉ. मनोज शर्मा सहित चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. भास्कर शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## राज्यपाल ने तीन सदस्यों को सौंपे पैटर्न सदस्यता प्रमाणपत्र

लखनऊ। जनभवन में आयोजित रेडक्रास की वार्षिक आम सभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने श्रावस्ती के तीन सदस्यों को भारत की राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित पैटर्न सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, गरिमा त्रिपाठी और शैलेन्द्र त्रिपाठी शामिल हैं। इस अवसर पर रेडक्रास आपदा प्रबंधन समिति के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि श्रावस्ती रेडक्रास संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि सितंबर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पैटर्न सदस्यता के लिए 25 हजार, वाइस पैटर्न के लिए 12,500 तथा संस्थागत सदस्यता के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। विस्तृत घोषणा जल्द की जाएगी।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार, तीन डंडे-पाइप बरामद



सिद्धार्थनगर, । थाना मोहाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक मोटा बांस का डंडा, एक यूकेलिप्टस का डंडा और एक स्टील का पाइप भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 26 जून 2026 को ग्राम बेलहरी में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। घटना में जमाल अहमद के सिर में गंभीर चोट लगी थी। उपचार के बाद उसकी तबीयत दोबारा बिगड़ने पर परिजन उसे लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए, जहां 28/29 अगस्त की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद मुकदमे में गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर गठित टीम ने एक सितंबर को मुखबिर की सूचना पर सड्डा तिराहे से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों में जुबेर अहमद, क्यूम अहमद, इमरान अहमद, कमरूद्दीन उर्फ रियाज, महबुद उर्फ महबूब, सफीउल्लाह, मोहम्मद आरिफ और हफीजुल्लाह उर्फ हाफू शामिल हैं। सभी बर्डपुर नंबर-5, टोला छोटकी बेलहरी, थाना मोहाना क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित थाना मोहाना के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

## वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। जिले के थाना भवानीगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की। पुलिस के अनुसार, थाना भवानीगंज में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 33/2026 में धारा 85, 80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त अरशद सलमानी पुत्र मोहम्मद इद्रीश सलमानी, निवासी रठैना टोला, कस्बा भवानीगंज को एक सितंबर को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद तथा कांस्टेबल अजय यादव एवं राघवेंद्र तिवारी शामिल रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम




सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले निवेशकों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने तथा जनपद में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रोजगार सृजन योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आवेदन कराने पर जोर दिया। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव रखे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संक्षेप

## बरसात में पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

फतेहपुर चैरासी (वीओएल)। मंगलवार को सुबह से हो रही बरसात ने जहां जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया वहीं कहीं पेड़ गिरने से जाम जैसी स्थिति बन गई तो कहीं छप्पर दीवार गिरने की छिटपुट घटनाएं हुई। स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यद्यपि जूनियर तक स्कूल बन्द होने की सूचना से छात्र छात्राओं और अभिभावकों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव रोड पर काली मिट्टी और माथर के बीच पेड़ के रोड पर गिरने से जाम जैसी स्थिति कुछ समय के लिए बन गई लेकिन राहगीरों द्वारा पेड़ का कुछ हिस्सा किनारे कर देने से आवागमन किसी प्रकार चलता रहा। क्षेत्र के बर्थाई गाँव में एक दीवार और उसपर रखा छप्पर गिरने से एक वृद्ध महिला और उसकी पोती छप्पर के नीचे फंस गए जिन्हें गाँव वालों ने निकाल लिया जिससे मामूली चोट लगने के अलावा कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण के परिणाम घोषित

चरगांवा, गोरखपुर। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद गोरखपुर में संचालित समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण का प्रवेश परिणाम घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपने प्रवेश परिणाम की जानकारी के लिए वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश की अंतिम तिथि 04-09-2026 तक अवकाश सहित निश्चित है। अभ्यर्थी अभ्यर्थी दिए गए लिंक पर क्लिक कर एवं अपना पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि अंकित करें यदि अभ्यर्थी का चयन हुआ है तो उसका बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा जिसका वह प्रिंट निकाल कर सकता है समस्त मूल प्रमाण पत्रों अंक पत्रों की प्रति एवं उनकी एक प्रमाणित प्रतीक तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित प्रवेशित संस्थान के कार्यालय में अंतिम निर्धारित तिथि के पूर्व संपर्क करके संस्थान में उपलब्ध प्रवेश लिस्ट से जांच करवाने के उपरांत अपना प्रवेश ले ले। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने नजदीकी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकता है। उक्त आशय की जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चरगांवा के प्रधानाचार्य संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

## मृत किसान के परिजनों को विधायक ने सौंपा चार लाख रुपये का चेक

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के यादवपुर गांव निवासी किसान रामकांत उपाध्याय की कुछदिन पूर्व छुट्टा सांड के हमले में दुखद मौत हो गई थी। मंगलवार को विधायक महेन्द्र पाल सिंह स्थानीय तहसील के उप जिलाधिकारी ज्ञान प्रताप सिंह के साथ मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें राज्य आपदा मोचक निधि से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। इस दौरान विधायक व एसडीएम ने परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त करते हुए बताया कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत एक लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता भी जल्द ही परिवार को प्राप्त होगी तथा शासन की ओर से मिलने वाली सभी प्राप्त सहायता दिलाने के लिए प्रशासन के स्तर से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश आदी शर्मा पुत्र बसन्त कुमार, निवासी ग्राम हैदराबाद, थाना हैदराबाद, तहसील गोला, जनपद खीरी अंकित हो गया है। जबकि परिवार रजिस्टर एवं शैक्षिक अंकपत्रों में उसका सही नाम ऋतुराज शर्मा पुत्र बसंत कुमार अंकित है। अतः आधार कार्ड में नाम आदी शर्मा के स्थान पर ऋतुराज शर्मा पुत्र बसंत कुमार तथा पता मो. गोपाल नगर कॉलोनी, निकट नया बाईपास, भुसौरिया रोड, गोला गोकर्णनाथ, परगना हैदराबाद, तहसील गोला, जनपद खीरी अंकित किया जाए। बसन्त कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी- मो. गोपाल नगर कॉलोनी, निकट नया बाईपास, भुसौरिया रोड, गोला गोकर्णनाथ, जनपद खीरी

# सभी सीटें फिर भाजपा के पाले में लाने का लें संकल्प

## 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 से बड़ी जीत दिलाने का पार्टी नेतृत्व ने तय किया लक्ष्य : जनार्दन तिवारी



गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों शुरू कर दी है। मंगलवार को भाजपा के रानीडीहा क्षेत्रीय कार्यालय पर गोरखपुर जिला के सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी एवं मण्डल प्रवासियों की बैठक में हर बूथ को कार्यकर्ता की दृष्टि से मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा किया गया। इसके लिये बूथ स्तर पर कार्य करने हेतु मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी एवं मण्डल प्रवासियों का प्रवास भी तय किया गया। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि अब 2027 का विधानसभा चुनाव पार्टी नेतृत्व के सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जिसको लेकर शीर्ष नेतृत्व द्वारा लखनऊ में आयोजित बैठक में दिशा निर्देश भी प्राप्त हो गया है। इसी कड़ी में 02, 03 व 04 सितम्बर को मण्डल के लिए तय किये गए प्रवासी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, शक्तिकेन्द्रों के प्रमुख एवं बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर रणनीति को अन्तिम रूप देंगे। उन्होंने कहा कि गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का गृह जनपद है। 2022 के विधानसभा चुनाव में गोरखपुर समेत मण्डल की सभी जिलों में भाजपा को शतप्रतिशत सफलता हासिल हुई थी। 2027 के विधानसभा चुनाव में जिले के भाजपा के हर कार्यकर्ता को यह संकल्प लेकर चलना चाहिए कि जनपद की हर सीट एकबार फिर भाजपा के पाले में आये। इस उपलब्धि के कारण जहाँ गोरखपुर के कार्यकताओं का मान बढ़ेगा वहीं अपने नेता मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ का परचम भी प्रदेश व देश में लहराएगा। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने बैठक के विषय वस्तु को विस्तार से रखते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने में अब करीब 100 दिन और शेष है। पार्टी नेतृत्व का पूरा फोकस अब बूथ की मजबूती पर है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि बूथ की मजबूती के लिए दिन रात एक करदे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी अब चुनावी मूड में है इसलिए संगठन में कोई पेंच अगर ढीला है तो उसे समय रहते दुरुस्त करने जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिले के कार्यकर्ताओं को 2017 से बड़ी जीत 2027 में दिलाने का लक्ष्य दिया है, जिसे साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संचालन अभियान के जिला संयोजक व भाजपा जिला महामन्त्री राजाराम कन्नौजिया ने किया। इस बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व अभियान संयोजक डा सत्येन्द्र सिन्हा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डा आरडी सिंह, डीसीएफ चैयरमैन गुलाब रध्वर सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डा बच्चा पाण्डेय नवीन, मीडिया सम्पर्क विभाग के क्षेत्रीय संयोजक सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय, जिला महामन्त्री उमाशंकर निषाद व डा योगेश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य, मनोज कुमार शुक्ल, हरिकेश राम त्रिपाठी, ब्रह्मानन्द शुक्ल, कृष्णपाल सिंह, गीतांजली श्रीवास्तव, डा सदानन्द शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, धर्मेन्द्र कुमार मिश्र व राकेश चौधरी, जिला मन्त्री मनोज सिंह सैंथवार, मंजू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी के एम मझवार, अनिल प्रजापति सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल, मण्डल प्रभारी, मण्डल प्रवासी आदि उपस्थित थे।

## गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन के पुल से नहीं हो पा रही पानी की निकासी, अटवट गांव में बाढ़ जैसे हालात



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। बीघापुर तहसील क्षेत्र के अटवट ग्राम सभा में लगातार बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गांव के रास्तों पर करीब पांच फुट तक पानी भरने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के करीब 25 घर जलभराव से प्रभावित हैं।ग्राम सभा की प्रधान रामा देवी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण लोन नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी का पानी गांव के आसपास फैलने से आधे गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। रास्तों पर करीब पांच फुट पानी भरा होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। रामा देवी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर बने पुल के नीचे पानी की निकासी पर्याप्त नहीं होने के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। उनका कहना है कि लोन नदी पर बने पुल की ऊंचाई कम होने से पानी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है और निकासी सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। इससे पानी का दबाव बढ़ने के कारण गांव की ओर जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण उन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित परिवार पानी के बीच रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर जलनिकासी की व्यवस्था कराने और समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की।

## बारिश से हुई कटान का एसडीएम ने निरीक्षण किया



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के पाटन से पुरवा मार्ग पर बैजुवामऊ गांव के नजदीक बनी पुलिया के पास जोरदार बारिश के चलते कटान हो गई है जिससे आवागमन बाधित हो गया है कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर लोग आवागमन करने को मजबूर हैं। पाटन से मेड़ीलाल खेड़ा, पनहन, पुरन्दरपुर, ममरेजपुर को जाने वाली सड़क पर बैजुवामऊ के पास बनी पुलिया के पास पानी के तेज बहाव के चलते सड़क कट गई। सड़क पर जाने से दो पहिया चार पहिया व बड़े वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। ममरेजपुर प्रधान प्रतिनिधि डॉक्टर संतोष दीक्षित ने बताया कि अत्यधिक बरसात के चलते सड़क कट जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है भाजपा नेता नीशू शुक्ला ने कहा कि सड़क पर बड़े पाइप डालकर आवागमन को सुचारू किया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके। सूचना पर मौके पर एस डी एम धर्मेंद्र कुमार सिंह, जेई अनिमेष ने पहुंच कर स्पेलिंग अच्छा किया। एसडीएम ने बताया कि शीघ्र आवागमन सुचारू कर दिया जाएगा।

## लेखपाल संघ का द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ बीघापुर तहसील इकाई का द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। तहसील सभागार में संघ के जिला मंत्री बृजेश प्रताप सिंह व चुनाव अधिकारी मत्स्येंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए चुनाव में चुनाव के दौरान 2:00 बजे से 3:00 तक पर्चा भर जाने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था, किंतु किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा पर्चा न भरे जाने पर मर्दन सिंह को अध्यक्ष, सोनू कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राशि पटेल कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अमर सिंह मंत्री, आयुष पटेल उप मंत्री, अनुराग श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, विशाल निर्मल लेखा परीक्षक तथा राकेश बाबू को मीडिया प्रभारी निर्विरोध घोषित किया गया। शपथ ग्रहण के बाद लेखपाल राकेश कुमार, संजीव पांडे, गौरव मिश्रा, सुनील कुमार, अजय, आनंद सिंह, आकाश शुक्ला ने संघ के नए पदाधिकारी को बधाई दी है।

## नवागत एसडीएम ने कार्यभार संभाला



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील बीघापुर के नवागत उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को पाटन स्थित मुख्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और बाढ़ क्षेत्र का दौड़ा कर निरीक्षण किया। 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने जयराज मऊ स्थित बाढ़ चैकियों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया तथा सड़क कटान का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य किया जाएगा। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाना तथा जनसुनवाई को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना एवं राजस्व वादों का निस्तारण हमारी जिम्मेदारी होगी। बाढ़ की स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में लगातार टीम के साथ सर्वे कराया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाली फसल व उसके नुकसान की क्षतिपूर्ति को लेकर प्राकलन तैयार किया जा रहा है वही बाढ़ से प्रभावित हुए मकानों की क्षतिपूर्ति को लेकर आपदा सहायक को रिपोर्ट के लिए निर्देशित किया गया है। तहसील मुख्यालय पर जल भराव को लेकर अधिवक्ताओं वादकारियों को हो रही समस्या के प्रति गंभीर हुए और उसके निजात को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीएनसी विभाग से वार्ता हुई है, समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

## छात्राओं को दिया सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का मंत्र



बनवारपार/गोला, गोरखपुर। शासन के मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गोला कोतवाली परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में अपनी सुरक्षा करने कानूनी अधिकारों को जानने और आत्मनिर्भर बनने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एलपीएम पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं व 12वीं की छात्राओं ने सहभागिता किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गोला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रप्रकाश पांडेय तथा मिशन शक्ति प्रभारी महिला उप निरीक्षक प्रियंका मौर्य एवं महिला कांस्टेबल करिश्मा राना ने छात्राओं को मिशन शक्ति के मूल उद्देश्यों और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में घबराने के बजाय निडर होकर सामना करना चाहिए। पुलिस हर कदम पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है।

उन्होंने आगे कहा कि गोला पुलिस गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।

महिला उप निरीक्षक प्रियंका मौर्य और कांस्टेबल करिश्मा राना ने सरकार द्वारा जारी विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 1090 (महिला पावर लाइन) 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) के प्रयोग एवं उनकी कार्यप्रणाली के बारे में बिंदुवार जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा तथा प्रधानाचार्या एकता वर्मा व रेवरेण्ट डी के सिंह ने पुलिस टीम का आभारव्यक्त करते हुए कहा नारी सुरक्षा और सम्मान केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि यह हमारे समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से अपनी शंकाओं के समाधान हेतु प्रश्न भी पूछे जिनका अधिकारियों ने बेहद सहजता से उत्तर दिया। इस अवसर पर निरीक्षक अपराध राजेश कुमार यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक इंद्रजीत कुशवाहा, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका मौर्या, मनीष यादव, अनूप सिंह व इन्द्रजीत सिंह, शिवम पाण्डेय, चन्दन विश्वकर्मा, दुर्गेशधर दुबे व अर्जुन प्रजापति मौजूद रहे।

## चरगांवा ब्लॉक का ग्राम पंचायत जंगल धूसड़ जल्द बनेगा मॉडल सोलर गांव




चरगांवा, गोरखपुर। विकास खण्ड चरगांवा का ग्राम पंचायत जंगल धूषण का जल्द ही मॉडल सोलर गांव के रूप में विकास किया जाएगा। जिससे स्वच्छ उर्जा को बढावा मिलने के साथ ही यह ग्राम पंचायत उर्जा खपत को लेकर आत्मनिर्भर बन सकेगा। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विकास मंत्रालय अन्तर्गत पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनांतर्गत स्वच्छ उर्जा को बढावा एवं उर्जा खपत को लेकर गांव को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य को लेकर चलाए जा रहे 'मॉडल सोलर गांव' योजना के तहत गत छह माह पूर्व चरगांवा ब्लाक के ग्राम पंचायत जंगल धूषण का चयन किया गया था। ग्राम पंचायत में अतिरिक्त उर्जा के रूप सोलर विकास का विकास किया जाएगा। जिससे उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीनेडा) द्वारा सरकारी संस्थाओं, सार्वजनिक स्थलों पर सोलर सन्यंत्र लगाने सहित स्वंय सहायता समूह के महिलाओं को कुटीर उद्योग लगाने हेतु आर्थिक सहायता दी जाएगी। सोमवार को चरागांव विकास खण्ड के जंगल धूषण पंचायत भवन सभागार परिसर में स्वयं सहायता समूह के उपस्थित महिलाओं को स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से यूपीनेडा के सीनियर पॉलिसी ऑफिसर मृदुल शर्मा ने मिले बजट के बारे मे कहा कि स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को आटा चक्की, तेल मशीन, मिल्क चिल्लर व मीनी कोल्ड स्टोरेज कुटीर उद्योग लगाने के लिए लागत की90 प्रतिशत धनराशि स्वीकृत एक करोड़ से सब्सिडी दी जाएगी व 10 प्रतिशत स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा जमा करना पड़ेगा।

इस अवसर पर पंचायत भवन सभागार में ग्राम पंचायत प्रधान जंगल धूसर राजेंद्र निषाद, ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत सचिव वकील कुमार, पंचायत सहायक हेमलता चौहान, सहित राधे प्रेरणा स्वयं सहायता समूह सहित अन्य स्वयं सहायता समूह की महिलायें उपस्थित रहीं।

## छात्राओं ने किया झंगहा थाने का भ्रमण, लिया सुरक्षा की जानकारी

चौरीचौरा, गोरखपुर। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जेपीएस सेंट्रल एकेडमी जंगल गौरी नंबर के इंटरमीडिएट की छात्राओं ने मंगलवार को झंगहा थाने का शैक्षणिक एवं जागरूकता भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों तथा संकट की स्थिति में उपलब्ध सहायता और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। थाना परिसर में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिसकर्मियों ने छात्राओं सेसंवाद कर महिला एवं बालिका सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी उपलब्ध कराया। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना भय के पुलिस से संपर्क करने तथा सरकारी हेल्पलाइन की सहायता लेने की बात बताई। छात्राओं द्वारा पूछे गए कुछ प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं का पुलिस अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

## 36 साल की महिला को मिल रही है वृद्धावस्था पेंशन

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में एक हैरान करने वाली घटना हुई है. यहां एक 36 साल की महिला को 10 साल से वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी. मामले का खुलासा होने के बाद हड़कंप मच गया. मामले की प्राथमिक जांच में पता चला है कि महिला ने ही फर्जी दस्तावेज लगाकर यह धांधली की है. चूंकि यह धांधली अधिकारियों कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना नहीं हो सकती. ऐसे में मामले की विधिवत जांच के आदेश दिए गए हैं. मामला इटावा के बढ़पुरा ब्लॉक में ग्राम पंचायत विचारपुरा का है. जानकारी के मुताबिक यहां रहने वाली महिला उमा देवी पत्नी शिवराज सिंह की उम्र महज 36 साल है, लेकिन वह बीते 10 वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन ले रहीं थी. मामला सामने आने के बाद सरकारी रिकॉर्ड खंगाले गए. इसमें पता चला कि 10 साल पहले जब उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन बनवाया, उस समय उनकी उम्र 26 थी. लेकिन उन्होंने कूट रचना कर 60 साल उम्र वाला फर्जी दस्तवेज जमा कर दिया। मामले में सबसे बड़ा सवाल महिला की वास्तविक उम्र को लेकर है. शिकायत के अनुसार उमा देवी की उम्र करीब 36 वर्ष है, जबकि पेंशन के लिए रिकॉर्ड में उनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक दर्शाई गई. इसी आधार पर उन्हें वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिलता रहा. करीब 10 वर्षों तक यह मामला विभागीय रिकॉर्ड और सत्यापन प्रक्रिया के बीच चलता रहा. अब मामला सामने आने के बाद उनकी पेंशन रोक दी गई है ।

## रेलवे ट्रैक मिला युवक का शव



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधा के समीप मंगलवार सुबह दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ट्रैक के बीच शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। बांदा जनपद के बबेरू थाना क्षेत्र स्थित शिवाजी चैराहा निवासी 25 वर्षीय संजय पुत्र मूलचंद्र हरियाणा की एलएनटी कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते थे। वह ट्रेन से दिल्ली से अपने घर बांदा जा रहे थे। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उनका शव भरथना थाना क्षेत्र में दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की अप और डाउन लाइन के बीच पोल के समीप पड़ा मिला। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव की तलाशी ली तो मृतक की जेब से कंपनी का गेट पास समेत कुछ अन्य दस्तावेज मिले। दस्तावेजों के आधार पर युवक की शिनाख्त संजय के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। कस्बा चैकी प्रभारी तन्मय चैधरी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## कुल्हाड़ी मारकर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार



बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम गुलजार नगर में परिवार के लोगों के बीच हुए विवाद के दौरान रामबाबू और उसके परिजनों पर कुल्हाड़ी व डंडे से हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल कुल्हाड़ी और डंडा भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक ने बताया कि मंगलवार को महेवा चैकी क्षेत्र में वांछित आरोपितों की तलाश में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि मामले में वांछित अविनाश उर्फ सोनू पुत्र छविराम निवासी गुलजार नगर, महेवा नया नगला मोड़ के पास बरगद के पेड़ के नीचे बैठा है। वह घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों को वहां से हटाकर कहीं और छिपाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपित को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को उसका और उसके परिवार का रामबाबू के परिवार से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान उसने और उसके भाई ने रामबाबू पर कुल्हाड़ी व डंडे से हमला किया था। रामबाबू को बचाने पहुंचे उसके परिवार के लोगों पर भी हमला कर दिया था। घटना के बाद आरोपित ने भागते समय कुल्हाड़ी और डंडे को सफेद बोरी में रखकर बरगद के पेड़ के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। आरोपित को साथ लेकर पुलिस वहां पहुंची तो उसने झाड़ियों को हटाकर हथियार छिपाने की जगह बताई। पुलिस ने बोरी से एक कुल्हाड़ी और डंडा बरामद किया। बरामद कुल्हाड़ी के फल पर खून के निशान भी मिले है। पुलिस ने दोनों हथियारों को कब्जे में लिया थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रजनीश तिवारी, हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, संजीव कुमार, कांस्टेबल आशुतोष मिश्रा और विजय कुमार समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जिलाध्यक्ष ने कमलावती का जोरदार स्वागत किया



इटावा। भारतीय जनता पार्टी जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास हेतु जिला कार्ययोजना बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। बैठक का शुभारंभ भाजपा के प्रेरणा पुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके हुआ। बैठक को मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त बूथ संगठन है। बूथ स्तर पर कार्य करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव का वास्तविक योद्धा है और उसी के अथक परिश्रम से संगठन की विजय सुनिश्चित होती है। पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार नियमित सम्पर्क व संवाद, सक्रिय प्रवास और कार्यकताओं के साथ आत्मीय संबंध हैं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि विपक्ष लगातार झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। ऐसे समय में भाजपा कार्यकताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। संचालन अभियान संयोजक जितेंद्र गौड़ ने किया। बैठक में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, अजय धाकरे, जिलामहामंत्री सतेंद्र राजपूत, कृपानारायण तिवारी, आयुष राज, जिलाउपाध्यक्ष विरला शाक्य, अशोक चैबे, यशवर्धन चैधरी, संजीव भदौरिया, बासु चैधरी, जिलामंत्री राजकमल यादव, संजूबाबू शाक्य, प्रीती दुबे, जितेंद्र पाल, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य उपस्थित रहें।

## ऑटो में छूटा 70 हजार रुपये व जेवरात से भरा बैग, चालक की ईमानदारी से मिला वापस

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम नगला तौर निवासी रिटायर्ड अध्यापक 80 वर्षीय हरे लाल पाल अपनी 75 वर्षीय पत्नी सुहागा देवी के साथ बाजार से खरीदारी कर ऑटो से सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम गुराऊ स्थित अपने दामाद के घर जा रहे थे। गुराऊ पहुंचने पर दंपती ऑटो से उतर गए, लेकिन जल्दबाजी में उनका बैग ऑटो में ही छूट गया। बैग में 70 हजार रुपये नकद के अलावा सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। कुछ देर बाद बैग गायब होने का पता चलने पर बुजुर्ग दंपती के होश उड़ गए और वह काफी परेशान हो गए। इसी बीच ग्राम मीरखपुर पुठिया के मजरा निवासी ऑटो चालक सतेंद्र यादव को अपने ऑटो में छूटा बैग मिल गया। चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग को अपने पास रखने के बजाय सीधे थानाध्यक्ष कमल भाटी के पास पहुंचा दिया। पुलिस ने बैग के स्वामी की तलाश कर बुजुर्ग दंपती को थाने बुलाया। उनकी मौजूदगी में बैग खोलकर देखा गया तो उसमें रखे 70 हजार रुपये और सोने-चांदी के आभूषण सुरक्षित मिले। अपना कीमती सामान वापस पाकर हरे लाल पाल और उनकी पत्नी ने राहत की सांस ली तथा ऑटो चालक सतेंद्र यादव की ईमानदारी की सराहना करते हुए पुलिस का भी आभार जताया।

**कार्यालय, आदर्श नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद, जनपद-सीतापुर**

पत्रॉक -: 315/न.पं.त.-नीलामी/2026-27 दिनॉक -: 31.08.2026

**सार्वजनिक नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद में संचालित एम.आर.एफ. सेन्टर पर एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री/कबाड़, कच्चा गत्ता, पक्का गत्ता, सफेद प्लास्टिक, काली प्लास्टिक, पन्नी, लोहा, काँच, टॉयर, चप्पल, जूता आदि की बिकी हेतु कुटेशन दिनांक 07.9.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। एम.आर.एफ. सेन्टर पर एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री/कबाड़, कच्चा गत्ता, पक्का गत्ता, सफेद प्लास्टिक, काली प्लास्टिक, पन्नी, लोहा, काँच, टॉयर, चप्पल, जूता आदि लेने हेतु इच्छुक फर्मे/ठेकेदार/कबाड़ी अपना कुटेशन अलग-अलग सामग्री की दर से दिनांक दिनॉक 07.09.2026 को समय अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते हैं प्राप्त कुटेशन उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे कार्यालय में खोले जायेंगें। नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**(सुभाष चन्द्र सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**

**(तयय्बुन)**
**अध्यक्ष**

संक्षेप

## सन्दिग्ध अवस्था में व्यापारी की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के व्यापारी ने अंतर कलह के चलते कमरे में पंखे के कुंडे से लटक गया जिससे उसकी मौत हो गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी अनुसार सोमवार शाम 7 बजे करीब प्रमुख गल्ला व्यापारी श्याम मोहन द्विवेदी पुत्र अभिलाष द्विवेदी (40) अपने पैतृक गांव में मकान के अंदर कमरे में घरेलू अंतर कलह के चलते फंदे से लटक गया पत्नी संगीता ने देखकर चीख पुकार मचाई तब तक बहुत देर हो चुकी थी परिजनों ने नीचे उतार तब तक उनकी मौत हो गई थी सूचना मिलते ही पुलिस ने गांव जाकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और पुत्र अक्षत पुत्री अनम को रोते बिलखते भी लगता छोड़ गया है। घटना की जानकारी होते ही डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, अतुल बाजपेई समेत तमाम लोगों गांव पहुंचे हैं।

## कीटनाशक पीने से युवक की मौत

सीतापुर। खैराबाद इलाके में घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ निगलने से एक युवक की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। थाना क्षेत्र के माखुपुर निवासी रामकृष्ण (35) पुत्र मन्नीलाल ने मंगलवार सुबह करीब आठ बजे घर के अंदर रखा कीटनाशक पदार्थ निगल लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। युवक की हालत खराब देख परिजन घबरा गए और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद रामकृष्ण को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोग बदहवास नजर आए। सूचना अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवक द्वारा कीटनाशक पदार्थ निगलने की बात सामने आई है। पुलिस कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वास्तविक वजह और स्पष्ट हो सकेगी।

## सड़क हादसे में चालक की मौत

सीतापुर। सिधौली कस्बे के नेशनल हाईवे-30 पर मंगलवार तड़के करीब चार बजे जामा मस्जिद के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने खड़ी डीसीएम में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक स्टेयरिंग के बीच बुरी तरह फंस गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, लखनऊ की ओर से आ रही एक डीसीएम का टायर फट गया था। चालक ने वाहन को हाईवे पर डिवाइडर की तरफ खड़ा कर दिया था। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी डीसीएम ने खड़ी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और तड़के टहलने निकले लोग मौके पर पहुंच गए। एक ट्रक चालक ने फंसे चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग की पेट्रोलिंग टीम पहुंची। काफी मशक्कत के बाद चालक को वाहन से बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सर्राफा व्यापारी से लूट का खुलासा, 7 शातिर गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रामपुरकलां क्षेत्र में 23 अगस्त की शाम सर्राफा व्यापारी रमेश निगम के साथ हुई लूट का पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह ने व्यापारी की पहले रेकी की थी और दुकान बंद कर घर जाते समय रास्ते में सिर पर डंडा मारकर वारदात को अंजाम दिया था।

गिरफ्तार आरोपितों में लखनऊ निवासी मनीष रावत, अनूप, नंदू कनौजिया उर्फ शत्रुहन, राजस्थान के धौलपुर निवासी दिलशाद, बस्ती निवासी विशाल तिवारी तथा महमूदाबाद के माहनगर निवासी पंकज और पप्पू शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से आठ जोड़ी पायल, 163 बिछिया, 17 अंगूठियां, ताबीज, लॉकेट, कड़े, बाला समेत चांदी की अन्य सामग्री, दुकान की नौ चाबियां, जला हुआ चश्मा और नीले बैग का जला टुकड़ा बरामद किया है। इसके अलावा दो तमंचे, चार कारतूस, दो लकड़ी के डंडे और वारदात में प्रयुक्त अपाचे व टीवीएस स्पोर्ट बाइक भी बरामद हुई हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने व्यापारी की रेकी कर उसके घर जाने का रास्ता और समय पता किया था। योजना के तहत दो बाइकों से पहुंचकर वारदात की गई। सभी आरोपितों को संबंधित धाराओं में चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। इन टीमों ने किया खुलासाः

कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सिधौली विशाल गुप्ता के नेतृत्व में एसओजी व रामपुरकलां पुलिस ने की। एसओजी टीमः निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक अरविंद शुक्ला, हेड कांस्टेबल शराफत अली, राहुल कुमार, सोहनपाल, कांस्टेबल गुरपाल सिंह, दीपक रंजन, प्रशांत शेखर सिंह, पुनीत कुमार, सोनल तोमर, अमित मांगट, दानवीर, भानु, शैंकी, ब्रह्मफूल व महिला कांस्टेबल डाली रानी। रामपुरकलां पुलिस टीमः थानाध्यक्ष लल्ला गोस्वामी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह व अशोक कुमार, कांस्टेबल ज्ञान सिंह, राजेश शर्मा, सुरेंद्र कुमार, जसवंत यादव, मो. इरफान, अजय, सतीश शाक्य, ईश्वर सरन, शिवम, यशपाल, मनोज कुमार व हर्षित यादव।

## प्लाईवुड कारोबारी के ठिकानों पर जीएसटी का छापा



सीतापुर। तंबौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को जीएसटी की टीम ने प्लाईवुड कारोबारी इजराइल अंसारी के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। लखनऊ से करीब 10 वाहनों से पहुंची टीम ने दोपहर करीब एक बजे कस्बे में स्थित हिंदुस्तान प्लाईवुड फैक्ट्री में जांच शुरू की। कुछ वाहनों पर भारत सरकार लिखा हुआ था। टीम के अचानक पहुंचने से फैक्टरी में कर्मचारियों के बीच हलचल मच गई। अधिकारियों ने फैक्टरी परिसर में कारोबार से जुड़े दस्तावेज, अभिलेख और अन्य रिकॉर्ड खंगाले।

कर्मचारियों से भी कारोबारी गतिविधियों और संबंधित अभिलेखों के बारे में पूछताछ की गई। कार्रवाई की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि जीएसटी की टीम ने इजराइल अंसारी के तंबौर स्थित मकान, बेहटा स्थित मिनी चीनी मिल और लखनऊ स्थित मकान पर भी एक साथ छापेमारी की। इन स्थानों पर मौजूद कुछ कर्मचारियों से पूछताछ किए जाने की जानकारी सामने आई है। सभी ठिकानों पर टीम दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच में जुटी रही। हालांकि, छापेमारी किस मामले में की गई है, इसे लेकर जीएसटी अथवा संबंधित अधिकारियों की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। जांच के दौरान क्या मिला और किसी प्रकार की बरामदगी हुई है या नहीं, इसकी भी पुष्टि नहीं हो सकी है। कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। जांच पूरी होने के बाद ही छापेमारी की वजह और इससे जुड़े तथ्यों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## भारत को जानो प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत विकास परिषद शाखा छोटी काशी, गोला के तत्वावधान में सोमवार को अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन नगर व आसपास के 20 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। देश के



इतिहास, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन शाखा अध्यक्ष अनुज खरे, सचिव मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा, संरक्षिका मीनाक्षी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्षा नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ, जिला समन्वयक एवं शाखा प्रभारी राम सागर वर्मा, डॉ. आलोक वर्मा और आदर्श सोनी के मार्गदर्शन में हुआ। परीक्षा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में पर्यवेक्षकों और प्रभारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें सुशील वर्मा, बाबूराम वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, दीपक हालन, प्रमोद वर्मा एडवोकेट, बीडी वर्मा, आदित्य पांडे, आदर्श जायसवाल, रमाशंकर कटियार, रणजीत सिंह निरंकारी, पवनेश वर्मा, संजय शुक्ला, गौरव राजपूत, अरुण शर्मा, महेंद्र वर्मा, सुधीर वर्मा एडवोकेट, जितेंद्र शुक्ला एडवोकेट, अवधेश वर्मा, अनिरुद्ध गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, मंजू भारद्वाज, शकुंतला राजपूत, राजीव राजपूत, सर्वेंद्र अनुराग, गौरव वर्मा, विवेक राजपूत, राज वर्मा, जितेश मेहता, प्रभाकर गुप्ता, अजय गुप्ता, मोहित कन्नौजिया, डीपी श्रीवास्तव और नीरज सक्सेना शामिल रहे।

## डॉ. मनोज कुमार सिंह को मिला गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड




सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, प्रभावी नेतृत्व, मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिष्ठित गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 30 अगस्त को लखनऊ स्थित हयात रीजेंसी में आयोजित माई मेंटरदउड़ान 5.0 के भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डॉ. मनोज कुमार सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को सम्मान के माध्यम से विशेष पहचान मिली। डॉ. मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में संस्थान में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाता है। उनका प्रयास विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक रूप से सक्षम बनाने तक सीमित न रहकर उनके व्यक्तित्व और भविष्य को मजबूत आधार देने पर केंद्रित रहा है।

## यूजीसी नेट जेआरएफ में शिवम ने हासिल की देश में दूसरी रैंक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र शिवम तिवारी ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा जून 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। एजुकेशन विषय में 99.99 परसेंटाइल अंक हासिल कर शिवम ने अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।



शिवम तिवारी ने कक्षा छह से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज से प्राप्त की। उन्होंने हाईस्कूल में 82 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 87 प्रतिशत अंक हासिल किए। पढ़ाई के साथ वह विद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेते रहे। इसके बाद शिवम ने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी, बीएड और एमएड की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह भौतिक विज्ञान से परास्नातक कर रहे हैं। यूजीसी नेट जेआरएफ में सफलता मिलने के बाद उन्हें जूनियर रिसर्च फेलोशिप के तहत शोध कार्य करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही वह देश के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए भी पात्र हो गए हैं। मेधावी छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने शिवम तिवारी को चांदी का मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उनके पिता अवधेश तिवारी को अंगवस्त्रम भेंट किया गया। विद्यालय परिवार ने शिवम को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। शिवम के पिता अवधेश तिवारी अधिवक्ता हैं, जबकि माता प्रतिमा तिवारी गृहिणी हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में भी खुशी का माहौल है।

## दुकान का ताला तोड़ नकदी व सामान चोरी पुलिस को संदिग्ध लग रही घटना

सिंगाही खीरी। थाना क्षेत्र के ऐली गांव में एक किराना दुकान का ताला तोड़कर 15 हजार रुपये नकद और करीब 80 हजार रुपये का किराना सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि ऐली गांव निवासी नंदलाल की ऐली बाजार में बीर बाबा स्थान के पास किराने की दुकान है। नंदलाल के अनुसार, सोमवार की रात दुकान बंद कर घर जाते समय वह गल्ले में 15 हजार रुपये नकद छोड़ गए थे। मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। इसके बाद दुकान के अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखे 15 हजार रुपये नकद और करीब 80 हजार रुपये का किराना सामान गायब था। नंदलाल ने घटना की जानकारी गांव के लोगों को दी। ग्रामीणों की सलाह पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नंदलाल के बयान दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे ने बताया कि रात के समय दुकान में 15 हजार रुपये नकद छोड़कर जाने की बात प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बाइक सवार युवकों ने किया छात्रा का पीछा, नंबर मांगने पर मचा बवाल

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार दोपहर हरगांव-दतेली मार्ग पर नगडची मोड़ से अभिन्नी मोड़ के बीच कोचिंग से साइकिल से घर लौट रही छात्रा का बाइक सवार युवकों ने कथित तौर पर पीछा किया और उससे मोबाइल नंबर मांगने लगे। छात्रा ने विरोध किया तो भी युवक पीछा करते रहे। घबराई छात्रा ने एक राहगीर के मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही छात्रा के चाचा विनय कुमार मौके पर पहुंचे और युवकों की हरकत का विरोध किया। आरोप है कि इस पर शहर कोतवाली क्षेत्र के मन्नीचैराहा निवासी अरमान और उसके साथ मौजूद हरगांव के जहांगीराबाद निवासी मिथिलेश व आदेश ने विनय कुमार से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट किए जाने का भी आरोप है। घटना के बाद छात्रा और उसके परिजनों में दहशत का माहौल है। परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## तेंदुए की दस्तक से गांवों में दहशत

सीतापुर। हरगांव वन रेंज में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। महादेव अटरा गांव के पास शारदा नहर किनारे खेतों में विशालकाय तेंदुआ दिखाई देने के बाद किसानों और राहगीरों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ करीब एक सप्ताह से क्षेत्र में घूमता नजर आ रहा है। खेतों में तेंदुए की चहलकदमी से किसान अब अकेले खेतों की ओर जाने से भी कतरा रहे हैं। मंगलवार को तेंदुए की मौजूदगी की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के खेतों व नहर किनारे निरीक्षण किया। टीम को तेंदुए के पगचिह्न भी मिले। इसके बाद तेंदुए को पकड़ने के लिए खेतों के पास पिंजड़ा लगाया गया है। पिंजड़े में बकरी को रखा गया है, ताकि तेंदुआ उसके जरिए पिंजड़े तक पहुंचे। वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है। वन क्षेत्राधिकारी बीनू पाल ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए के पगचिह्न मिले हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया गया है और टीम उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि लखीमपुर जिले की सीमा नजदीक होने के कारण तेंदुआ लखीमपुर, लहरपुर और हरगांव क्षेत्र के बीच कहीं भी जा सकता है। तेंदुए की मौजूदगी से महादेव अटरा समेत आसपास के गांवों में भय का माहौल है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और खेतों की ओर अकेले न जाने की अपील की है। ग्रामीणों ने तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।

## 306 गांवों के आपदा प्रबंधन का बनेगा मास्टर प्लान

लखीमपुर खीरी। बाढ़, अतिवृष्टि, वज्रपात, अग्निकांड और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर तैयारी को मजबूत किया जा रहा है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राहत आयुक्त के निर्देश पर जिले की पांच प्रमुख तहसीलों के 306 गांवों में ग्राम पंचायत आपदा प्रबंधन योजना 2026-27 तैयार एवं अद्यतन की जा रही है।

योजना में प्रत्येक गांव की स्थिति, संभावित खतरे, उपलब्ध संसाधनों और आपदा के बाद पुनर्वास तक का विस्तृत खाका तैयार होगा। उक्त आशय की जानकारी एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दी। आपदा प्रबंधन योजना में सबसे पहले ग्राम का संक्षिप्त परिचय तैयार किया जा रहा है। इसमें गांव की भौगोलिक स्थिति, आबादी और अन्य महत्वपूर्ण आधारभूत जानकारियों के साथ खतरा एवं भेद्यता प्रोफाइल तैयार होगा। पिछले 20 वर्षों में बाढ़, जलभराव, अग्निकांड, वज्रपात, सर्पदंश आदि आपदाओं से हुई जन-धन की क्षति का विवरण भी शामिल किया जाएगा। आपदा के समय गांव में उपलब्ध संसाधनों की पहचान कर उनका मानचित्रण किया जा रहा है। इसमें पक्के शेल्टर होम, ऊंचे सुरक्षित स्थान, पेयजल स्रोत, सरकारी व निजी नाव, ट्रैक्टर, जेसीबी, जनरेटर सहित अन्य उपलब्ध संसाधनों का विवरण दर्ज होगा। लेखपाल और ग्राम विकास अधिकारी जियो-स्टैंपिंग व फोटो के माध्यम से स्थलवार सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं।

### आपदा से पहले की तैयारी का भी खाका

योजना में आपदा पूर्व तैयारी के उपाय भी तय किए जाएंगे। संभावित बाढ़ एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान, सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों का निर्धारण, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा संवेदनशील आबादी की सूची तैयार की जाएगी। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बुजुर्गों, गंभीर रोगियों और दिव्यांगजनों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

### आपदा के दौरान कौन क्या करेगा, तय होगी जिम्मेदारी

ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा के दौरान प्रतिक्रिया योजना तैयार की जा रही है। इसमें चेतावनी मिलने से लेकर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, खोज एवं बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, राहत सामग्री वितरण और संचार व्यवस्था तक की जिम्मेदारियां तय होंगी। ग्राम आपदा प्रबंधन समिति के माध्यम से स्थानीय स्वयंसेवकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। आपदा के बाद प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण की व्यवस्था भी श्रद्धढ का हिस्सा होगी। क्षतिग्रस्त आवास, सार्वजनिक परिसंपत्तियों और मूलभूत सुविधाओं की बहाली के साथ प्रभावित लोगों को राहत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### जिला योजना से जुड़ेगा गांव का प्लान

जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के निर्देशन में संबंधित एसडीएम और तहसीलदार योजना की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी 306 गांवों की योजनाएं पूर्ण होने के बाद इन्हें जिला आपदा प्रबंधन योजना से एकीकृत किया जाएगा। इससे गांव स्तर पर आपदा से पहले तैयारी, दौरान त्वरित प्रतिक्रिया और बाद में राहत-पुनर्वास की व्यवस्था को एक ही प्रणाली से संचालित करने में मदद मिलेगी।

## पांच लाख की मदद से सार्थक ने पहियों पर दौड़ा दी बचपन की चुस्की



लखीमपुर खीरी। कभी कारोबार का विचार था, लेकिन उसे जमीन पर उतारने के लिए पूंजी और सही मार्गदर्शन की जरूरत थी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने बाजपेई कॉलोनी निवासी सार्थक अरोड़ा के इस सपने को पंख दिए। पांच लाख रुपये की परियोजना से उन्होंने 'Icy Pops–बचपन की चुस्की की फ्रेंचाइजी लेकर बिजनेस ऑन व्हील्स मॉडल के तहत अपना कारोबार शुरू कर दिया। अब उनका चलता-फिरता वाहन शहर और आसपास के विभिन्न स्थानों पर आइसक्रीम व अन्य खाद्य उत्पादों की बिक्री कर रहा है। राजीव अरोड़ा के पुत्र सार्थक अरोड़ा ने कारोबार शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ लिया। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र ने उद्यम स्थापित करने में जरूरी मार्गदर्शन दिया, वहीं इंडियन बैंक, लखीमपुर ने वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया। विभाग और बैंक के समन्वित सहयोग से सार्थक ने अपने कारोबारी विचार को वास्तविक उद्यम का रूप दिया। इस पहल की खास बात यह है कि सार्थक केवल अपने लिए रोजगार तक सीमित नहीं रहे। उनके ह्यबिजनेस ऑन व्हील्स से उन्हें स्वरोजगार के साथ दो अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार मिला है। यानी सरकारी योजना से शुरू हुआ एक छोटा उद्यम अब परिवार की आमदनी बढ़ाने के साथ दूसरे हाथों को भी काम दे रहा है। बचपन की चुस्की के नाम से शुरू हुआ यह कारोबार बच्चों की पसंद को केंद्र में रखकर ग्राहकों तक पहुंच बना रहा है। स्थायी दुकान के बजाय चलायमान वाहन के जरिए अलग-अलग स्थानों पर उत्पाद पहुंचाने का मॉडल कारोबार को अधिक गतिशील बनाता है। सार्थक की कहानी यह संदेश देती है कि सरकारी योजना का लाभ लेकर युवा नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के जरिए मिली मदद ने उनके कारोबारी सपने को सिर्फ शुरूआत नहीं दी, बल्कि उसे स्वरोजगार से रोजगार सृजन तक पहुंचाने का रास्ता भी खोला।

## 79.70 लाख से संवरेगा बरमबाबा स्थान भूमि पूजन के साथ विकास कार्यों का शुभारंभ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मुनूगंज स्थित बरमबाबा स्थान को अब नई भव्यता मिलेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की वंदन योजना के तहत करीब 79.70 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का मंगलवार को भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र और बरमबाबा स्थान के लिए अपने भाई स्वर्गीय राजेंद्र राठी की स्मृति में भूमि दान करने वाले विजय राठी ने संयुक्त रूप से पूजन किया। आचार्य लवकुश शास्त्री की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न कराया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वंदन योजना के अंतर्गत धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाले स्थलों का विकास और सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में बरमबाबा स्थान पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे। प्रस्तावित कार्यों में हाल, उसके ऊपर कमरे, शौचालय, बाथरूम, सीढ़ियों के निर्माण के साथ वाटर कूलर, स्टील बेंच, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड आदि कार्य शामिल हैं। विकास कार्य पूरा होने के बाद परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि बरमबाबा स्थान क्षेत्र के लोगों की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। इसके सौंदर्यीकरण से परिसर की सुविधाओं में विस्तार होने के साथ धार्मिक स्थल की भव्यता भी बढ़ेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में सभासद दानिश राइन, सुरेश जायसवाल, हरिओम वर्मा, समाजसेवी प्रतीक राठी, श्रवण माहेश्वरी, अतुल अग्रवाल, आर्य समाज के प्रधानाचार्य अवधेश मिश्रा, राजेश्वर शुक्ला, मुनेन्द्र शुक्ला, ओमप्रकाश पेड़ा वाले, शिव गोपाल मिश्रा, गीता जयराम, आशीष गुप्ता, रक्षा देवी मंदिर की पुजारी रानी शर्मा, नवीन चंद्र कनौजिया, राम औतार गुप्ता, व्यापारी नेता दिनेश मिश्रा, अनुराग मिश्रा, नवनीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जिला महिला अस्पताल के पास से हटाया गया अतिक्रमण



सीतापुर। जिला महिला अस्पताल जाने वाले सिंगल मार्ग पर दोनों तरफ किए गए अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने बारिश के बीच अभियान चलाकर कार्रवाई की। एसडीएम सदर डॉ. जनार्दन कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने सड़क की पटरियों और दुकानों के सामने किए गए कब्जों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और पटरी दुकानदारों में खलबली मची रही। जिला अस्पताल और महिला अस्पताल जाने वाला यह मार्ग दिनभर मरीजों और तीमारदारों से व्यस्त रहता है। सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों ने सामान, काउंटर, होर्डिंग और बैनर लगाकर सड़क की जगह घेर रखी थी। इससे मार्ग पहले ही संकरा हो गया था और आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। सबसे ज्यादा परेशानी गंभीर मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस को उठानी पड़ रही थी। बारिश के बावजूद प्रशासन और नगर पालिका की टीम अभियान में जुटी रही। सड़क किनारे सामान फैलाकर बैठे दुकानदारों को तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण मिला तो जुमार्ने समेत सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सदर डॉ. जनार्दन कुमार ने बताया कि मार्ग पर अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मरीजों और एंबुलेंस की सुविधा को देखते हुए अभियान चलाया गया है। दोबारा अतिक्रमण मिलने पर संबंधित कब्जेदारों के खिलाफ जुमार्ना लगाया जाएगा।

## संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात काम किया जायेगाः रेखा वर्मा



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद पूर्व सांसद रेखा वर्मा के प्रथम सीतापुर आगमन पर मंगलवार को पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में अटरिया, सिधौली, कमलापुर, खैराबाद टोल, छीता पासी किला और अटल चैक समेत कई स्थानों पर कार्यकताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया। जगह-जगह स्वागत के दौरान कार्यकताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी की। भरत पैलेस में आयोजित स्वागत सभा में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने रेखा वर्मा को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए रेखा वर्मा ने कहा कि पार्टी ने उन पर तीसरी बार जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। जन-जन को पार्टी से जोड़कर संगठन को और मजबूत करने के लिए दिन-रात काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को उसी उत्साह और ऊर्जा के साथ मैदान में उतरना होगा, जिस उत्साह के साथ कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया है। उन्होंने वर्ष 2014 से पहले पार्टी के संघर्ष और इसके बाद पार्टी व क्षेत्र की सेवा के अपने अनुभव भी साझा किए। साथ ही आगामी कार्यक्रमों और नीतियों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने रेखा वर्मा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। यह चुनाव सिर्फ जीतना नहीं है, बल्कि इतिहास रचना है, जिससे विपक्ष का पिंडदान हो जाए। उन्होंने कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में दोगुनी ऊर्जा के साथ जुटने का आह्वान किया। इससे पहले अटल चैक पहुंचकर रेखा वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

संक्षेप

## जंक फूड के दुष्प्रभावों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**रायबरेली।** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, रायबरेली में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत मंगलवार को गृहविज्ञान विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता का विषय जंक फूड का स्वास्थ्य पर प्रभाव रखा गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए जंक फूड के अत्यधिक सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रीति तिवारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से जंक फूड की जगह घर में बने पौष्टिक एवं संतुलित भोजन को प्राथमिकता देने तथा स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाने का आह्वान किया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को जंक फूड के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ एवं पौष्टिक आहार के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की शिखा मौर्या, डॉ. राम दर्शन, प्रियंका गोसिया नायक, डॉ. सारिका सिंह, डॉ. स्नेह सिंह, डॉ. सलोनी भसीन, डॉ.स्वर्णिमा जायसवाल, गायत्री मिश्रा एवं सविता सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कच्ची शराब के खिलाफ कई घरों में दबिश

**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** मंगलवार को द्वारिकागंज चौकी पुलिस ने कलखुरा गांव में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कई घरों में दबिश दी। पुलिस ने दिनेश निषाद, यशोमती और रामजीत निषाद के घरों की तलाशी ली। इस दौरान करीब दो क्विंटल लहन बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान घरों में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। चैकी प्रभारी अशोक कुमार चैरसिया के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में हेड कांस्टेबल लाल बहादुर लोधी, कांस्टेबल ओमप्रकाश और विजय प्रकाश शामिल रहे।

## हनुमान कुंड वार्ड में महापौर का भ्रमण आज

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी दो सितम्बर बुधवार को सुबह 7 बजे हनुमान कुंड वार्ड का भ्रमण कर जनसमस्याओं का निदान करेंगे। इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के अलावा क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर निगम की टीम रहेगी। भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत बिरला धर्मशाला के निकट से शुरूआत होगी।

## वीर चक्र विजेता देवी प्रकाश को अर्पित की गयी पुष्पांजलि

**सोहावल-अयोध्या।** वीर चक्र विजेता शहीद देवी प्रकाश सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद की विधवा फूलमती की उपस्थिति में बड़ागांव रेलवे स्टेशन पर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम क्षेत्रीए विशिष्ट जनों के साथ में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह चैहान, सतनाम सिंह, लल्लू सिंह, नीलू तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह जगदीश गोस्वामी रजनीश गोस्वामी निर्देश वर्मा, आनंद, बलराम चैरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# अदिति सिंह से मिला टीएससीटी निरंतर कैशलेस सेवा की मांग

### किसी स्वजन के निधन पर शिक्षकों को 15 दिन का देने की मांग



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिला संयोजक अनुराग मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सदर विधायिक अदिति सिंह से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों एवं उनके परिवारों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा भारतीय स्टेट बैंक के साथ सैलरी पैकेज अकाउंट के माध्यम से दुर्घटना बीमा एवं सामान्य मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये के बीमा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

इसके साथ ही शिक्षकों ने मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ सेवानिवृत्ति के उपरांत भी शिक्षकों को निरंतर प्रदान किया जाए। किसी स्वजन के निधन पर अंतिम संस्कार एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन हेतु शिक्षकों को 15 दिवस का विशेष अवकाश प्रदान किया जाए।

इस दौरान मंडल प्रवक्ता अवध किशोर मिश्र ने टीएससीटी की स्थापना से लेकर अब तक की सेवा यात्रा, संगठन के उद्देश्यों तथा शिक्षकों एवं उनके परिवारों के लिए किए जा रहे विभिन्न सामाजिक एवं मानवीय कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि टीएससीटी अपनी स्थापना से अब तक 656 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों तक लगभग 300 करोड़ की आर्थिक सहायता पहुँचा चुका है। विधायिका अदिति सिंह ने शिक्षक समाज की भावनाओं, समस्याओं एवं मांगों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना, ज्ञापन सहर्ष स्वीकार किया तथा इन मांगों को माननीय मुख्यमंत्री जी तक पहुँचाने एवं उनके स्तर से आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभावी प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अखिलेश चौरसिया, जिला सहसंयोजक मयंक शुक्ला, जिला सहसंयोजक ज्ञान सागर मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शशांक त्रिवेदी सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं साथीगण उपस्थित रहे।

# जल भराव पीड़ितों के बीच पहुंचे एसडीएम सदर

रायबरेली ।विकासखंड अमांवा के लोधीपुर गांव में नहर के ओवरफ्लो होने से अतिरिक्त जल भराव हो जाने पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य लगातार प्रभावी ढंग से संचालित किए जा रहे हैं। सोमवार को गांव में अचानक पानी भरने से महिला एवं बच्चों सहित करीब 100 लोग जल भराव की स्थिति में फंस गए थे। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर जतुवा टप्पा गांव स्थित शेल्टर होम में पहुंचाया, जहां उनके ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। एसडीएम सदर गौतम सिंह पूरी तहसील प्रशासन की टीम के साथ शेल्टर होम पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर राहत एवं पुनर्वास व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित लोगों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम सदर ने शेल्टर होम में प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता स्वयं परखी। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही प्रभावित लोगों के बीच बैठकर उनके साथ भोजन भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेल्टर होम में रह रहे सभी प्रभावित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाएं, राहत शिविर में रह रहे किसी भी परिवार को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

- **खुद परखी भोजन की गुणवत्ता, किया भोजन**

एसडीएम ने कहा कि आपदा की इस स्थिति में प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं उन्हें आवश्यक राहत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। तहसील एवं संबंधित विभागों की टीमें लगातार क्षेत्र एवं शेल्टर होम की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार हरिशंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह सहित तहसील एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सदर विधायक अदिति सिंह की पहल से 27 गंभीर रोगियों को मिला जीवनदान

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने एक बार फिर मानवता और जनसेवा की मिसाल पेश की है। गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए उनके गंभीर इलाज हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से माह अगस्त 2026 में जनपद के 27 जरूरतमंद भाई-बहनों को गंभीर रोगों के इलाज हेतु कुल 46,56,181 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

- **मुख्यमंत्री राहत कोष से 46.56 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत**
- **जरूरतमंदों को कुल 46,56,181 की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है**

यह सहायता राशि कैंसर, हृदय रोग, किडनी फेल्योर, लिवर रोग सहित अन्य गंभीर और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए सीधे अस्पतालों को उपलब्ध कराई गई है, ताकि आर्थिक तंगी के कारण किसी का इलाज न रुके।


इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि इन सभी परिवारों को त्वरित उपचार व संबल प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। रायबरेली मेरा परिवार है, आपके स्वास्थ्य व संकट के समय हर संभव मदद पहुंचाना मेरा मुख्य कर्तव्य है। आप सभी का जीवन सुरक्षित व स्वस्थ रहे, यही मेरा सदैव प्रयास रहेगा ।उन्होंने बताया कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में लगातार जरूरतमंद मरीजों को चिन्हित कर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने का कार्य किया जा रहा है। पिछले महीनों में भी सैकड़ों मरीजों को इसी तरह करोड़ों रुपये की सहायता दिलाई जा चुकी है। सदर विधायक ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई भी पात्र व्यक्ति गंभीर बीमारी से ग्रसित है और आर्थिक रूप से कमजोर है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर इस योजना का लाभ अवश्य लें।

# खंभे खड़े, लाइटें बंद, 20.98 लाख खर्च,रूद्रनगर में विकास' अंधेरे में

जिला संवाददाता (vol)

**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत महराजगंज के वार्ड नंबर-6 रूद्रनगर के पूरे चूनू में विकास का ऐसा उजाला हुआ कि वह एक महीने भी टिक नहीं सका। करीब 20 लाख 98 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण के साथ लगाई गई तिरंगा लाइटें अब बंद पड़ी हैं। जिस रोशनी से वार्ड को जगमगाने का दावा था, वह महज कुछ ही समय में अंधेरे में तब्दील हो गई। तिरंगा लाइटें लगने के बाद इलाके के लोगों को उम्मीद थी कि रात में सड़क रोशनी से जगमगाएगी और वार्ड की तस्वीर बदलेगी। लेकिन अब हाल यह है कि लाइटें लगी हैं, खंभे खड़े हैं और लाखों रुपये का खर्च भी हो चुका है—बस रोशनी गायब है।

**लाखों का खर्च, मगर रोशनी ह्यगायबह्न :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि 20.98 लाख रुपये के इस विकास कार्य में लगी तिरंगा लाइटें



आखिर इतनी जल्दी खराब कैसे हो गईं? क्या लाइटों की गुणवत्ता की जांच की गई थी? क्या लगाने वाली फर्म की कोई जिम्मेदारी तय है? और यदि लाइटें खराब हैं तो उन्हें अब तक ठीक क्यों नहीं कराया गया। इन सवालों पर नगर पंचायत के जिम्मेदारों की खामोशी भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

**जनता पूछ रही—उजाला कब होगा :** पूरे चूनू के लोगों का सीधा सवाल है कि जब तिरंगा लाइटों पर पैसा खर्च किया गया है तो फिर उन्हें जलाने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? लोगों का कहना है कि विकास कार्य केवल सड़क बनाने और लाइट लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। सरकारी धन से लगाई गई सुविधाएं लंबे समय तक जनता के काम आएं, इसकी जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। अब देखना यह है कि नगर पंचायत प्रशासन बंद पड़ी तिरंगा लाइटों को कब तक दुरुस्त कराता है और 20.98 लाख रुपये के इस विकास कार्य में एक महीने में ही ह्यबुझ गए उजालेह्न की वजह क्या थी, इसका जवाब जनता को कब मिलता है। फिलहाल तिरंगा लाइटों के खंभे खड़े हैं, लेकिन रोशनी नदारद है जिस पर जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगती जनता भी इस बार सरकारी धन के दुरूपयोग व बंदरबाँट को देख चुनाव में सबक सिखाने को बेसब्र दिखाई पड़ रही।

# मंडल से बूथ समितियों का होगा सत्यापन निष्क्रिय पदाधिकारियों की बनेगी सूची




**अयोध्या।** भाजपा महानगर क्षेत्र में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए मंडल से लेकर बूथ समितियों तक का भौतिक सत्यापन करेगी। सत्यापन के दौरान निष्क्रिय पदाधिकारियों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी। यह सूची प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि संगठनात्मक सत्यापन की प्रक्रिया के तहत दो सितंबर को महानगर क्षेत्र के सभी मंडलों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें मंडल समितियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। देवकाली मंडल की बैठक पार्टी कार्यालय सिविल लाइन, करियप्पा मंडल की बैठक सर्किट हाउस, पूरा मंडल की बैठक अवध पैलेस तथा अयोध्या मंडल की बैठक परमहंस महाविद्यालय में होगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद तीन और चार सितंबर को महानगर क्षेत्र के सभी 85 शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित कर 11 सदस्यीय बूथ समितियों का सत्यापन किया जाएगा। शक्ति केंद्रों पर बैठकों के आयोजन के लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक पदाधिकारी को दो शक्ति केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। बूथ समितियों का सत्यापन मंडल अध्यक्ष व प्रभारी करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शक्ति केंद्रों की बैठकों में बूथ समिति के सदस्यों की सक्रियता का सत्यापन करने के साथ ही बूथ क्षेत्र में निवास करने वाले सामाजिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची तैयार की जाएगी। साथ ही प्रत्येक बूथ के सामाजिक समीकरण को भी सूचीबद्ध किया जाएगा।

# सूर्यकुंड मेले में नगर निगम करेगा प्रकाश सफाई और पेयजल की व्यवस्था

**अयोध्या।** सूर्यकुंड का मेला आगामी 17 सितंबर को आयोजित होगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम सफाई, प्रकाश, शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था करेगा। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने मंगलवार को अयोध्या धाम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई संभव में अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले से पहले संबंधित विभाग व्यवस्थाओं को पूरा कर लें और आयोजन के दौरान भी कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ।जनसुनवाई के दौरान महापौर के सामने 16 प्रकरण आए, जिनमें से नौ का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान नगर निगम की प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और जरूरत पड़ने पर अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराएं। गद्दोपुर में नगर निगम की भूमि पर पौधारोपण से संबंधित पैमाइश समय से न होने पर महापौर ने अधिकारियों को मौके पर जाकर पैमाइश कराने तथा जल्द से जल्द पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। जनौरा के टड़वा में नाली निर्माण में विलंब की शिकायत स्थानीय नागरिकों ने की। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नाली का निर्माण जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अतिक्रमण, टैक्स, सफाई, जलभराव समेत अन्य समस्याएं भी सामने आईं। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए, ताकि बारिश के दौरान नागरिकों को परेशानी न हो।

## लक्ष्मी स्वीट हाउस में लगी आग से मची अफरा-तफरी

**अयोध्या।** मंगलवार को शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लक्ष्मी स्वीट हाउस में अचानक आग लग गई। दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर विभाग को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। आग बुझने के बाद भी फायर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दोबारा आग भड़कने की आशंका को देखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान में आग लगने के बाद कुछ ही देर में धुआं तेजी से फैल गया था। इससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि फायर ब्रिगेड के समय से पहुंचने के कारण आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया।




प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि आग के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। फायर विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। दुकान में कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन भी किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार जांच पूरी होने के बाद आग लगने के कारण और नुकसान की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# भारत भूषण को न्याय मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई

**अयोध्या।** समाजसेवी राजन पांडेय के कुमारगंज स्थित आवास पर बिहार के बिलौटी गांव से चलकर पहुंचे स्व. भारत भूषण तिवारी के पिता काशीनाथ तिवारी का हजारों लोगो द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर समाजसेवी राजन पांडे ने कहा कि भारत भूषण ने गरीबों की सेवा और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। भारत भूषण को न्याय मिलने तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी हैं, उन्हें जेल भेजा जाए और परिवार की मांगें पूरी की जाएं। बताते चलें कि समाजसेवी के आवास पर पिछले 5 दिन से ठहरे काशीनाथ तिवारी से प्रशंसक लगातार उनका आशीर्वाद लेने पहुंच रहे है काशीनाथ ने यहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजन पांडेय ने जो वादा किया था उसी के अनुरूप चलते हुए बेटे के रूप में अपना सारा फर्ज अदा कर रहे है इसी वजह से वो इस घटना के बाद



पहली बार घर छोड़े तो सीधा राजन पांडेय के अयोध्या आवास पर पहुंचे है जहां आकर उनको बहुत शांति और सुकून मिल रहा है। उन्होंने कहा हमारे इस न्याय के लड़ाई में आप लोगों के आशीर्वाद की जरूरत है इस मार्मिक अपील पर सैकड़ों लोगों ने एक सुर में कहा पूरी अयोध्या समाजसेवी राजन पांडेय के नेतृत्व में आपके साथ न्याय की इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। समाजसेवी ने कहा कि वो और उनका परिवार अपने को धन्य मानता है कि काशीनाथ तिवारी ने बिहार से बाहर प्रवास के लिए सबसे पहले उनके परिवार को चुना। उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि आदरणीय काशीनाथ को स्वास्थ परिक्षण और अयोध्या दर्शन के उद्देश्य से बुलवाया गया है। समाजसेवी ने कहा कि भरत तिवारी वास्तव में एक वीर पुरुष था जो हमेशा गरीब शोषित वंचित असहाय के हक की लड़ाई लड़ता था यहीं कार्य उनका स्थानीय नेताओं के आंख में गड़ने लगा था जिसके कारण पुलिस के माध्यम से उनकी जघन्य हत्या करवाई गई। उन्होंने कहा कि उनको सीबीआई और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि हत्यारों को चिन्हित कर सजा जरूर मिलेगी। समाजसेवी ने बिहार सरकार से अपील की है कि उनके द्वारा किए गए वादा को पूरा करते हुए परिवार को एक नौकरी और आर्थिक सहायता त्वरित रूप से उपलब्ध करवाया जाए नहीं तो एक बार फिर से पूरे भारत से लोग बिहार पहुंचकर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। समाजसेवी राजन पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा भरत तिवारी के मंदिर के लिए जो वादा किया गया था उसका निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। इस मौके पर मिलने वालों में पंडित राधिका पांडेय डॉक्टर रमेश मिश्रा,शिव कुमार गिरी डॉ. विनोद पांडेय, कपिल पाण्डेय रामअचल शुक्ला सभासद महेंद्र सिंह, बबलेश सिंह,नंदन सिंह, गजराज मिश्रा फौजी, बम बहादुर पांडेय त्रिलोकी नाथ पांडे जगविजय सिंह संजीव तिवारी पवन पंडित सुल्तानपुर अनूप दुबे आदि उपस्थित रहे।

# स्कूलों में हरियाली की पाठशाला कटका क्लब ने रोपे पौधे



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए कटका क्लब सामाजिक संस्था की ओर से जिले के तीन विद्यालयों में पौधरोपण अभियान चलाया गया। पं जुग्गीलाल महिला महाविद्यालय, राज मांटेसरी इंटर कॉलेज और पीआर इंटर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस दौरान विद्यार्थियों को पौधों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्न ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन के साथ मानव जीवन के लिए भी आवश्यक हैं। केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं, उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि संस्था लगातार पौधरोपण और पर्यावरण जागरूकता अभियान चला रही है। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण मिश्र और शिक्षिका आशा तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में संजय दुबे, हर्षित श्रीवास्तव, राजेश गौतम, बृजेंद्र मिश्र, महेंद्र सिंह, धीरेन्द्र कुमार, अरविंद राय समेत शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बैडमिंटन एथलेटिक्स बास्केटबॉल और कबड्डी में ट्रायल आज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** खेल निदेशालय के तत्वाधान में जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय महिला खेल समारोह हेतु बुधवार को सुबह 10:00 बजे बैडमिंटन और एथलेटिक्स में जनपदीय ट्रायल लिया जाएगा स मंडल ट्रायल 4 सितंबर को क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में आयोजित किया जाएगा, राज्य स्तरीय आयोजन 8 से 9 सितंबर को प्रयागराज में होगा। वहीं बास्केटबॉल में समन्वय सब जूनियर बालक प्रतियोगिता का भी ट्रायल जनपद स्तर पर बुधवार को ही लिया जाएगा, जिसका मंडल ट्रायल सात सितंबर को अयोध्या में आयोजित होना है और 11 से 14 सितंबर को आजमगढ़ में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का जनपद स्तरीय ट्रायल बुधवार को संपन्न होगा। चयनित खिलाड़ियों को मंडल ट्रायल हेतु 7 सितंबर को अयोध्या में प्रतिभाग करना होगा राज्य स्तरीय आयोजन 15 से 17 सितंबर के मध्य सहारनपुर में आयोजित होगा जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र और एक पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ प्रतिभाग करेंगे।

## संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 500 छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंडे में मंगलवार को कादीपुर संकुल की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 आयोजित हुई। इसमें कादीपुर व शाहगंज क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़, चक्का, भाला व गोला फेंक सहित विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। सरस्वती विद्या मंदिर एवं सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरस्वती विद्या मंदिर शाहगंज के छात्र द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। आयोजन का संचालन शारीरिक प्रमुख विजय नारायण सिंह व सुरेंद्र पाल ने किया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा और राष्ट्र के गौरव का आधार: सत्य प्रकाश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्री संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया में सप्ताहभर चले संस्कृत सप्ताह का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का पाठ एवं रुद्राष्टाध्यायी का सस्वर पाठ कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में आचार्यगण ने संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और रोजगारपरक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, ज्ञान और परंपराओं की समृद्ध धरोहर है। विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के अध्ययन और प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा और देववाणी है। विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति दिखाई दिया उत्साह गर्व का विषय है। संस्कृत भाषा से राष्ट्र का गौरव जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता शशिधर मिश्र, दिनेश नारायण शुक्ला एवं व्याकरण सहायक सुधाकर मिश्र मौजूद रहे। छात्रों में अभिषेक पाठक, रोशन दुबे और श्रेयांस की प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराहनीय रहीं।

## एसएफआई ने चलाया सदस्यता अभियान बड़ी संख्या में छात्रों ने ली सदस्यता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की सुलतानपुर राणा प्रताप पीजी कॉलेज इकाई की ओर से मंगलवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्रों को संगठन के इतिहास, उद्देश्य तथा शिक्षा के अधिकार को लेकर किए जा रहे संघर्षों की जानकारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने एसएफआई की सदस्यता ग्रहण की। एसएफआई जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि शिक्षा लगातार महंगी हो रही है और छात्रवृत्ति व छात्रावास जैसी सुविधाओं से छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन छात्रों की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक कॉलेजों और स्कूलों में संगठन को पहुंचाने की बात कही। राणा प्रताप पीजी कॉलेज इकाई सचिव एवं जिला उपाध्यक्ष रवि प्रसाद ने कहा कि कॉलेज में छात्रों की समस्याओं को लेकर एसएफआई ने लगातार आवाज उठाई है। उन्होंने लाइब्रेरी खुलवाने के साथ फीस वृद्धि और स्वच्छ पेयजल जैसी समस्याओं को लेकर किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। जिला अध्यक्ष सलिल धुरिया ने बताया कि सदस्यता अभियान आने वाले दिनों में पूरे जिले में और तेज किया जाएगा। इस मौके पर काजल, शिवम कुमार, अकरम, सुभाष समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



संक्षेप

## दिशा समिति की बैठक 15को

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), देवरिया की बैठक 15 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सदर सांसद शशांक मणि करेंगे। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## हृदयाघात से ट्रेन यात्री की मृत्यु

**भटनी(देवरिया)।** लखनऊ से घर जा रहे एक रेलयात्री की स्थानीय रेलवे स्टेशन पर हृदयाघात भटनी स्टेशन पर मृत्यु हो गई। ट्रेन यात्री की मृत्यु की सूचना मिलते ही जीआरपी एवं आर पी एफ पुलिस पहुंच कर छानबीन की ।छानबीन के बाद मृतक की पहचान 45वर्षीय पंकज कुमार कसरी पुत्र स्व पवन केसरी वार्ड संख्या-25पटवा टोला नगर परिषद सीवान के रुप मे हुई ।बताया गया है कि पंकज कुमार केशरी लखनऊ से अपने घर सीवान आ रहे थे ।रास्ते में भटनी रेलवे स्टेशन पर हृदयाघात से मृत्यु हो गयी । पुलिस परिजन को सूचना दे दी है ।परिजन भटनी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गये है । पुलिस आवशयक कार्यवाही पुरी कर शव को परिजन सौप दी है ।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह 3 को

**कसया, कुशीनगर।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षा के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देते हुए सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का सम्मान 03 सितम्बर दिन गुरुवार को 1:00 बजे बौद्ध स्थली कुशीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न किया जाएगा। उक्त सम्मान समारोह में शामिल होने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों/शिक्षिकाओ को आमंत्रण पत्र प्रेरित किया जा चुका है। उक्त आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद कुशीनगर के जिला मंत्री जितेन्द्र मणि त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि 04 सितम्बर को जन्माष्टमी पर्व होने के कारण कार्यक्रम स्थगित कर 03 सितम्बर को ही सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। सभी शिक्षकों से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## आईजीआरएस प्रकरणों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण पर पांच को नोटिस

**देवरिया।** आईजीआरएस प्रकरणों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण एवं लापरवाही पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है इनमें ड्यूटी में लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी सलेमपुर, शौचालय की मांग से संबंधित प्रकरण में सहायक विकास अधिकारी पथरदेवा, नाली निर्माण के मामले में खंड विकास अधिकारी भाटपाररानी, प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्र व्यक्ति को आवास दिए जाने की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर तथा सूचना उपलब्ध कराने के प्रकरण में खंड विकास अधिकारी गौरी बाजार शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बूथ सत्यापन पर जोर



**देवरिया।** भाजपा की जिला संगठनात्मक बैठक मंगलवार को औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष काली प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, बूथ, शक्तिकेंद्र और मंडल कार्यसमितियों को सक्रिय करने के साथ ही आगामी सेवा माह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से है। इसलिए प्रत्येक बूथ पर गठित कार्यसमिति की सक्रियता और उसके सदस्यों की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 4 सितंबर तक जिले के सभी शक्तिकेंद्रों व मंडलों पर बैठक आयोजित की जाए। इन बैठकों के माध्यम से बूथ, शक्तिकेंद्र और मंडल कार्यसमितियों का भौतिक सत्यापन कराकर इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा कराएं। उन्होंने कहा कि सत्यापन का उद्देश्य संगठन की जमीनी स्थिति को मजबूत करना है। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संपर्क बढ़ाएं और कार्यसमिति के प्रत्येक सदस्य को उसकी जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए सक्रिय करें। संगठन के कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में बूथ कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में आगामी सेवा माह को लेकर भी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा माह मनाया जाएगा। इस दौरान पार्टी की ओर से विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सेवा माह के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। काली प्रसाद ने कहा कि सेवा कार्य भाजपा की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन के निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडल से लेकर बूथ स्तर तक बेहतर समन्वय आवश्यक है। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारियां तय करने तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही ने कहा सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठन की योजनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें धरातल पर उतारें, ताकि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा और अधिक मजबूत हो सके।

# जल निगम, सिंचाई, बाढ़ खंड व नलकूप विभाग की समीक्षा

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में महिला कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तीकरण की दिशा में संचालित कार्यक्रमों एवं की जा रही कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं तक शासन की सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वन स्टॉप सेंटर, देवरिया में विगत 13 दिनों से आवासित बालिकाओं की नियमित काउंसलिंग एवं आवश्यक परामर्श किया गया। इस दौरान उनकी पारिवारिक एवं शैक्षिक स्थिति की जानकारी लेते हुए बालिकाओं के हित में आवश्यक कार्रवाई की गई। काउंसलिंग के उपरांत दोनों बालिकाओं को उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

बालिकाओं की शिक्षा एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक बालिका एवं उसकी बहन का कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, रुद्रपुर में नामांकन कराया गया। जिलाधिकारी ने बालिकाओं के संरक्षण के साथ-साथ उनकी शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि 4 सितंबर को महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तीकरण विषय पर यूट्यूब लाइव प्रसारण आयोजित किया जाए। इसके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को कार्यक्रम से जोड़ने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 17 सितंबर को विकासखंड भागलपुर, बरहज, लार, सलेमपुर एवं बनकटा में पीएनटी की बैठकें आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। इन बैठकों में महिला एवं बालिका सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तीकरण के साथ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। डीएम ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तीकरण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं।

# जनपद के 16 विकास खण्डों की 180 ग्राम पंचायतों में रोजगार सृजन शून्य

**देवरिया।** विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण (विबीजी-राम जी) योजना की समीक्षा विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्त विबीजी-राम जी ने योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 16 विकासखंडों की 180 ग्राम पंचायतों में अभी तक रोजगार सृजन शून्य है। जानकारी सामने आने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक एक भी मानव दिवस का सृजन नहीं हुआ है, वहां तैनात ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम रोजगार सेवक का वेतन तब तक आहरित न किया जाए, जब तक संबंधित ग्राम पंचायत में रोजगार सृजन सुनिश्चित नहीं हो जाता।

सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों में इच्छुक श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका को मजबूत करना है। ऐसे में किसी ग्राम पंचायत में रोजगार सृजन का शून्य रहना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने उपायुक्त विबीजी-आरएमजी को निर्देशित किया कि शून्य रोजगार वाली ग्राम पंचायतों की लगातार निगरानी की जाए। साथ ही संबंधित अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जहां समीक्षा के बावजूद रोजगार सृजन में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक पात्र श्रमिक को योजना का लाभ दिलाना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम 5पंचायतवार कार्ययोजना बनाकर तत्काल रोजगार सृजन शुरू कराएं और इसकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।

# परियोजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के डीएम ने दिये निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में जल संसाधन से जुड़े विभागों की बैठक कर विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जल निगम (ग्रामीण एवं शहरी), बाढ़ खंड, सिंचाई, लघु सिंचाई तथा नलकूप विभाग के कार्यों की जानकारी ली गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जाए और कार्यों में अनावश्यक देरी न होने दी जाए।

जल निगम की योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों का रिस्टोरेशन समय से पूरा कराया जाए, ताकि आवागमन में आमजन को परेशानी न हो। पेयजल परियोजनाओं को भी निर्धारित समय में पूरा कराने पर जोर दिया गया। बाढ़ खंड के कार्यों की समीक्षा में जलस्तर एवं वर्षा संबंधी आंकड़ों को नियमित रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बाढ़ एवं कटान से बचाव से जुड़े कार्यों की प्रभावी निगरानी करते हुए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी रखने को कहा। सिंचाई विभाग की योजनाओं की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने नहरों में पानी की उपलब्धता और टेल तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने नहरों की ब्लॉकवार स्थिति का विवरण तैयार रखने तथा आवश्यकतानुसार सिल्ट सफाई कराने को कहा। नलकूप विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी राजकीय नलकूपों को क्रियाशील रखने तथा किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

# बेसिक शिक्षा विभाग व आईजीआरएस की डीएम ने की समीक्षा



**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित जिला टास्क फोर्स, शिक्षा समिति एवं प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा बैठक की। उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, डिजिटल अटेंडेंस, आधारभूत सुविधाओं तथा विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं संदर्भों की भी समीक्षा की।

कार्य में लापरवाही पाए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्बन, गौरी बाजार, रामपुर कारखाना, बनकटा, पथरदेवा एवं बरहज का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिक्षक की उपस्थिति ऑनलाइन टैबलेट के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए तथा डिजिटल उपस्थिति की नियमित निगरानी की जाए। साथ ही सभी खंड विकास अधिकारियों को 20-20 विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि इससे पठन-पाठन, नामांकन एवं छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति में वास्तविक सुधार दिखाई देना चाहिए। उन्होंने निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान विकसित करने, नियमित आकलन करने तथा उसके अनुरूप शिक्षण गतिविधियां संचालित करने पर विशेष जोर दिया। ऑपरेशन कायाकल्प के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं खंड शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से विद्यालयों को निर्धारित 19 पैरामीटरों के अनुसार संतृप्त करने के निर्देश दिए गए। पेयजल, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर, फर्श एवं विद्यालय परिसर के रखरखाव के साथ प्रोजेक्ट अलंकार के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में पीएम पोषण, समग्र शिक्षा, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग एवं जूता-मोजा, डीबीटी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित छात्रहित में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने पात्र विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराने तथा किसी भी पात्र बच्चे को सुविधा से वंचित न रहने देने के निर्देश दिए। उन्होंने समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, शारदा कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल से बाहर बच्चों का चिन्हांकन कर विद्यालय में प्रवेश दिलाने तथा विद्यालय प्रबंध समितियों के माध्यम से अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। एसआरजी एवं एआरपी को शिक्षकों के प्रभावी प्रशिक्षण, नवीन शिक्षण विधियों, बाल-केंद्रित शिक्षा एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बेसिक शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सभी अधिकारी नियमित अनुश्रवण करें और शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित व बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान डीएम ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं संदर्भों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

## बालिकाओं की काउंसलिंग, किया परिवार को सुपुर्द

**देवरिया।** महिला कल्याण विभाग, देवरिया द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में निरन्तर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वन स्टॉप सेन्टर, देवरिया में विगत 13 दिन से आवासित बालिकाओं की नियमित काउन्सलिंग एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। काउन्सलिंग के दौरान बालिकाओं की पारिवारिक एवं शैक्षिक स्थिति का संज्ञान लेते हुए उनके हित में आवश्यक कार्यवाही की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बालिकाओं तथा उनके परिवार के सदस्यों से संवाद स्थापित कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। काउन्सलिंग के उपरान्त बालिकाओं को उनके परिवार के सुपुर्द किया गया। बालिकाओं के भविष्य एवं शिक्षा को ध्यान में रखते हुए बालिका तथा उसकी एक अन्य बहन का कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, रुद्रपुर में नामांकन कराया गया है। दोनों बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा उनकी शिक्षा निरन्तर जारी रह सकेगी। विभाग द्वारा बालिकाओं के संरक्षण के साथ-साथ उन्हें शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में 4.9.2026 को महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण थीम पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। लाइव प्रसारण के माध्यम से महिला एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलम्बन तथा शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूकता प्रदान की जाएगी। विभाग द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर लाइव प्रसारण का लाभ उठाएं तथा महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में 17 सितंबर को विकास खंड भागलपुर, बरहज, लार, सलेमपुर एवं बनकटा में पीएनटी की बैठकें आयोजित की जानी हैं।

# जिला पोषण समिति व आईजीआरएस की हुई बैठक



**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जनपद में संचालित पोषण संबंधी कार्यक्रमों की प्रगति, कुपोषित बच्चों एवं एनीमिया से प्रभावित महिलाओं की स्थिति तथा विभागीय समन्वय की समीक्षा की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न मिलने पर डीएम ने लार, सलेमपुर एवं रुद्रपुर के बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) व संबंधित सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे होम विजिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली गई। डीएम ने सीडीपीओ को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों के किए गए वजन का सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के गृह भ्रमण की भी नियमित जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

डीएम ने निर्देश दिया कि गंभीर एवं मध्यम कुपोषित श्रेणी में चिन्हित बच्चों की नियमित निगरानी की जाए। उनके स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण उपचार एवं फॉलोअप में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कम से कम 20-20 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देशित किया कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं कर रही हैं, उनके विरुद्ध संबंधित सीडीपीओ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त जनपद का लक्ष्य सभी संबंधित विभागों के आपसी समन्वय और प्रभावी निगरानी से ही हासिल किया जा सकता है। इसलिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारी शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित करें। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित गतिविधियों का नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के साथ ही पोषण सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

## कुशीनगर में विकास के नाम पर बड़ा खेल निर्माण अधूरा और कर दिया लोकार्पण




**कुशीनगर।** जिले में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के ऐसे-ऐसे नायाब नमूने सामने आ रहे हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि कुशीनगर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों के लिए जनता के गाढ़े पसीने की कमाई सिर्फ अपनी जेबें भरने का जरिया बन चुकी है। मामला नगर पालिका के वार्ड नंबर-12 वीर अब्दुल हमीद नगर का है, जहां कागजों पर तो विकास की लंबी लकीरें खींच दी गईं, लेकिन धरातल पर सिर्फ नगर वासियों की आंखों में धूल झोंकी गई। 15वें राज्य वित्त आयोग की भारी-भरकम धनराशि से बनने वाली आरसीसी नाली का निर्माण आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। गंभीर बात तो यह है कि बिना काम पूरा हुए ही इस निर्माण को लोकहित में अर्पण यानी 'लोकार्पण' भी नगर प्रशासन द्वारा बड़े तामझाम के साथ कर दिया गया। इस पूरे खेल की सबसे बड़ी बानगी यह है कि निर्माण स्थल पर लगाए गए शिलापट यानी लोकार्पण बोर्ड पर भी गोलमाल की पूरी दास्तान साफ झलकती है। कायदे के मुताबिक, किसी भी सरकारी योजना के बोर्ड पर स्वीकृत धनराशि, निर्माण कार्य की कुल दूरी/क्षेत्रफल और कार्य पूर्ण होने की समय सीमा का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है, ताकि आम जनता को यह पता चल सके कि उनके इलाके में कितना बजट खर्च हो रहा है और काम कब तक पूरा होना है। लेकिन वीर अब्दुल हमीद नगर में लगे बोर्ड पर इन जरूरी आंकड़ों और समयावधि को शातिर तरीके से गायब कर दिया गया है। बोर्ड पर सिर्फ सीएम से लेकर सभासद मधुबाला तक, केवल जनप्रतिनिधियों के नाम और 15वें राज्य वित्त आयोग के तहत 'प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक आरसीसी नाली निर्माण' का सतही उल्लेख भर कर दिया गया है। आंकड़ों और समय सीमा को छुपाना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि इस पूरे प्रोजेक्ट में वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की गहरी बू आ रही है। मामले की तह में जाएं तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आते हैं। दस्तावेजों के अनुसार, इस वार्ड में प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक 630 मीटर आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाना था, जिसके लिए पूरे 32 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। हैरानी की बात यह है कि ठेकेदार और नगर प्रशासन की कथित मिलीभगत के चलते, निर्धारित लक्ष्य का केवल आधा हिस्सा ही धरातल पर उतारा गया और बाकी का बड़ा हिस्सा आज भी भगवान भरोसे अधूरा पड़ा है। जनता के विकास के नाम पर आया लाखों रुपया कहां हवा हो गया, इसका जवाब देने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी सामने आने को तैयार नहीं है।

## रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों से 15 तक आवेदन आमंत्रित

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता ने शासन के पत्र के क्रम मे बताया कि जनपद कुशीनगर के 22 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का चयन रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु किया गया है। चयनित विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है ।उन्होंने इच्छुक महिला/पुरुष प्रशिक्षक, जिनके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट की योग्यता का प्रमाण-पत्र हो तथा जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्य करने के इच्छुक हों, वे निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र 15 सितम्बर, 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा चयनित विद्यालयों में 03 माह तक प्रतिदिन 40 मिनट आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्य के लिए अधिकतम 15,000/- मानदेय देय होगा। यथासंभव महिला प्रशिक्षकों को वरीयता प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 सितम्बर, 2026 के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ समय सीमा के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

## संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

भटनी(देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम जिगिना मिश्र मे स्थित पंडित त्रिलोकीनाथ मिश्र इण्टरमीडिएट कालेज में संस्कृत संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित संस्कृत प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत ।पुरस्कृत होने के प्रतिभागियों के खिल उठे चेहरे ।संस्कृत समान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शिवांगी प्रजापति प्रथम आयुषी द्वितीय आर्चितमौर्या तृतीय समीक्षा गुप्ता अशोक दुबे एवं जान्हवी को सांत्ववाना पुरस्कार गीत प्रतियोगिता में कृष्णा तिवारी प्रथम हर्षित पाण्डेय द्वितीय एवं नंदनी शर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला ।नेहा खुशी आस्मीना खातून को पुरस्कार दिया गया ।

## कुशीनगर ने ठाना है, जनपद को बाल विवाह से मुक्त कराना है



**कुशीनगर।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार मंगलवार को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, कुशीनगर द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान, रविन्द्रनगर में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह ने की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्रता एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराया गया। जेण्डर स्पेशलिस्ट श्रीमती प्रीती सिंह द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, 112, 108 एवं 102 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने के संबंध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में श्रीमती वंदना कुशवाहा द्वारा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर चर्चा करते हुए इनके सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री अमन मिश्रा, असिस्टेंट अकाउंटेंट द्वारा विभागीय योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा पात्र लाभार्थियों से स्वयं योजनाओं का लाभ लेने एवं पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने हेतु अपील की गई। इस अवसर पर संस्था से विभाकर मिश्रा, सितारा बानो, पवन कुमार, तमन्ना प्रवीन सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री नलिन सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। ह्यह्यकुशीनगर ने ठाना है, जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाना है।

## चुनौतियों के बीच विकास

भारतीय अर्थव्यवस्था, जीडीपी की विकास दर और विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों को लेकर जिनको संदेह था, उनका संदेह अब दूर हो जाना चाहिए। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जो नतीजे आये हैं, उससे स्पष्ट है कि भारत एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय आय संबंधी आंकड़े सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृद्धि की राह पर बनी हुई है। तिमाही में स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह वृद्धि 6.9 प्रतिशत थी। यह ईरान युद्ध शुरू होने के बाद की पहली पूरी तिमाही थी। यानी ईरान युद्ध का असर उतना गंभीर नहीं रहा जितनी आशंका शुरूआती दिनों में जताई गई थी। ध्यान रहे कि भारत अपनी कच्चे तेल और गैस की अधिकांश जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और संकट के शुरुआती दिनों में आपूर्ति कुछ बाधित भी हुई थी। पश्चिम एशिया संकट के कारण पैदा हुई इन बाधाओं को देखते हुए यह कहना उचित होगा कि इस अवधि के दौरान अर्थव्यवस्था का प्रबंधन अच्छी तरह किया गया। आर्थिक गतिविधियों को मापने के लिए अधिक उपयुक्त माने जाने वाले सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में इस तिमाही के दौरान 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समग्र वृद्धि को द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन का सहारा मिला। द्वितीयक क्षेत्र में विनिर्माण गतिविधि में इस तिमाही के दौरान 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में इसमें वृद्धि 8.3 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र में भी सुधार हुआ और इसकी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रही जो गत वर्ष 5.2 प्रतिशत थी। तृतीयक क्षेत्र में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 8 प्रतिशत थी। हालांकि प्राथमिक क्षेत्र का प्रदर्शन इस तिमाही में कमजोर रहा। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत थी। इस वर्ष सामान्य से कम मॉनसून के कारण कृषि वृद्धि दबाव में रह सकती है। खनन और उत्खनन क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई। तिमाही के दौरान निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह पिछले वर्ष की तुलना में सुधार है लेकिन कुल जीडीपी वृद्धि दर से कम है। हालांकि, निवेश का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसमें 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह वृद्धि केवल 5.8 प्रतिशत थी। जीडीपी में पूंजी निर्माण की हिस्सेदारी भी वर्तमान कीमतों पर बढ़कर 34.3 प्रतिशत हो गई। अब यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि पूंजी निर्माण में यह वृद्धि कितनी व्यापक है और क्या आने वाली तिमाहियों में इसे कायम रखा जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण रूप से मदद करेगी। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि आर्थिक वृद्धि को 2025 में प्रत्यक्ष करों में दी गई राहत और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती जैसे कदमों से सहारा मिला। मौद्रिक नीति भी वृद्धि के अनुकूल रही। यद्यपि आने वाली तिमाहियों में इनमें से कुछ उपायों का असर कम होने की संभावना है। महंगाई के अनुमान भी संकेत देते हैं कि आने वाले महीनों में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जरूरत पड़ सकती है। वृद्धि के मजबूत आंकड़े नीतिगत दर बढ़ाने के पक्ष में तर्क को और मजबूत करेंगे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है तथा कच्चे तेल की कीमतें अब भी ऊंची बनी हुई हैं। इसके अलावा आने वाले महीनों में वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों में उल्लेखनीय सख्ती का जोखिम है जिसका असर पूंजी प्रवाह और निवेश पर पड़ सकता है। ये सभी कारक अगले कुछ तिमाहियों में आर्थिक गतिविधियों और वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए अर्थव्यवस्था को आगे भी सावधानीपूर्वक प्रबंधन की जरूरत रहेगी ताकि उच्च वृद्धि की यह गति बरकरार रहे।




**वैश्विक चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसद की वृद्धि देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।**

### विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

–गीता.

# बिश्केक से ट्रंप को मोदी का स्पष्ट संदेश



विजय कपूर

> बिश्केक में मोदी के बयानों का सही अर्थ तभी सामने आ सकता है जब शब्दों के पर्दे में कही गई बातों को समझ लिया जाये। पहली बात तो यह है कि रूस व ईरान से व्यापार में विस्तार व विविधता लाने से वह ट्रम्प को स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि वाशिंगटन के साथ जो लम्बित व्यापार समझौता है, उसे नई दिल्ली की शर्तों पर स्वीकार किया जाये वर्ना भारत के पास अन्य विकल्प भी खुले हुए हैं।



### कूटनीति

ईरान से चल रहे युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प इतने कुंठित हो गये हैं कि उन्होंने जंग का एक नया मैदान खोज निकाला है- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दायरा, जिसमें वह की-बोर्ड की मदद से ईरान के तेल टर्मिनल नष्ट कर रहे हैं, त्वरित सैन्य विजय घोषित कर रहे हैं और असहज प्रश्नों को संपादित कर रहे हैं। 30 अगस्त 2026 की रात को उन्होंने एआई की मदद से बनाया गया वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ईरान के स्ट्रेटेजिक खर्ग द्वीप को नष्ट होते हुए दिखाया गया है और ट्रम्प कह रहे हैं कि महत्वपूर्ण तेल हब को 'चकनाचूर कर दिया गया है'। वीडियो में विस्फोट व बबादी दिखायी गई, जिसके बारे में रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं, हालांकि लगभग एक माह की तनावपूर्ण शांति के बाद अमेरिका व ईरान ने एक दूसरे के ठिकानों पर निशाने साधे हैं और यूएई व जॉर्डन को भी निशाना बनाया गया है। पेंटागन ने खर्ग द्वीप पर किसी भी हमले की पुष्टि नहीं की है, लेकिन ट्रम्प को यह घोषणा करने से कोई नहीं रोक सका कि ईरान असफल देश है और उसके 'समर्थन में केवल अमेरिकी फेक न्यूज हैं" जो अमेरिका की महान विजय को मानने से इंकार करती हैं। ट्रम्प के मुताबिक 'ईरान तो मर चुका है'। दूसरी ओर रूस व यूक्रेन की जंग भी बंद होने का नाम नहीं ले रही है।

इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन व ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से अलग-अलग द्विपक्षी मुलाकातें करते हुए अपने शांति की संदेश को पुनः दोहराया और कहा कि अब अनंत युद्ध से युद्ध के अंत करने का समय आ गया है। गौरतलब है कि मोदी अन्य विश्व नेताओं के साथ किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हैं, एससीओ के राज्य प्रमुखों के सम्मेलन के लिए। सम्मेलन के हाशिये पर मोदी ने पुतिन व पेजेशकियन से अलग-अलग द्विपक्षीय मुलाकातें कीं। पुतिन से उन्होंने कहा कि मानवता की खातिर अनंत युद्ध पर विराम लगाया जाये। इसके अतिरिक्त दोनों नेताओं ने ऊर्जा, रक्षा, इनोवेशन, स्पेस, खाद और पीपल-टू-पीपल सम्पर्क के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तृत करने पर फोकस किया। जाहिर है, मोदी व पुतिन की वार्ता से ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों नेता नई दिल्ली व मास्को के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में हैं। इससे क्या नई दिल्ली व वाशिंगटन के संबंध प्रभावित होंगे? यह प्रश्न इस लिहाज से प्रासंगिक है कि अमेरिकी सीनेट ने 7 अगस्त 2026 को एक विधेयक 86-11 के प्रभावी अंतर से पारित किया, जिसका नाम बदलकर अब लिंडसे ओ ग्राहम सेंशनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 कर दिया गया है और जिसके तहत भारत व चीन आदि देशों पर अमेरिका 100 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है; क्योंकि ये रूस के पेट्रोलियम उत्पाद के मुख्य खरीदार हैं। अमेरिका का तर्क है कि इस खरीदारी के चलते ही रूस यूक्रेन पर युद्ध जारी रखे हुए है। गौरतलब है कि इजराइल की विस्तारवादी नीति के कट्टर समर्थक लिंडसे ग्राहम का विचार था कि रूस को नियंत्रित करने और यूक्रेन युद्ध को बंद करवाने के लिए आवश्यक है कि जो देश रूस के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, उन पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया जाये। रिपब्लिकन सीनेटर ग्राहम की हाल में मृत्यु (11 जुलाई 2026) के बाद इस बाईपार्टीजन (दो पार्टियों द्वारा समर्थित) विधेयक को सीनेट में पारित कराने में अधिक बल दिया गया और सम्मान स्वरूप विधेयक में भी उनका नाम जोड़ दिया गया। विधेयक का एक रिपब्लिकन और 10 डेमोक्रेट्स सदस्यों ने विरोध किया। हालांकि यह विधेयक 31 अगस्त 2026 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में पेश कर दिया गया, लेकिन इस लेख के लिखे जाने तक इस सदन में उस पर मतदान होना शेष था। इस विधेयक के पारित होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प को यह छूट मिल जाती है कि वह उन देशों के सामान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगायें जो रुसी तेल व गैस आयात करते हैं। वर्तमान में रुसी तेल व गैस को आयात करने वाले टॉप पांच देश हैं- चीन, भारत, अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया। रूस पर पाबंदियों के अतिरिक्त इस विधेयक की अवधि का विस्तार 2031 तक रहेगा, जोकि ईरान पर पाबंदी कानून, 1996 की एक्सपायरी डेट है। ईरान एक्ट से उन कम्पनियों पर जुमार्ना लगाया जाता है, जो ईरान के ऊर्जा सेक्टर में निवेश करती हैं। यहां यह याद दिलाना भी आवश्यक है कि हाल ही में वाइट हाउस भारत पर यह आरोप लगाते हुए कि वह उन प्रथाओं का उल्लंघन कर रहा है, जिन्हें वाशिंगटन फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार) समझता है, 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका भारत के विरुद्ध टैरिफ में अतिरिक्त वृद्धि करने जा रहा है, जिसका नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच जो व्यापार समझौता संभावित है उस पर भी गहरा असर पड़ सकता है। नई दिल्ली व वाशिंगटन के संबंध इस लिहाज से भी प्रभावित हो सकते हैं कि बिश्केक में पेजेशकियन के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मोदी ने नौपरिवहन व वाणिज्य में आजादी पर बल देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में नागरिकों व नागरिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। मोदी ने यह इच्छा व्यक्त करते हुए कि 'आने वाले समय में" भारत ईरान के साथ ट्रेड बास्केट में 'विस्तार व विविधता' चाहता है, कहा कि पश्चिम एशिया का टकराव बातचीत व डिप्लोमेसी से हल किया जाना चाहिए। बाद में मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात के दौरान भारत की ईरान के साथ विविध सेक्टर्स में लम्बी दोस्ती को मजबूत करने के हमारे कमिटमेंट को दोहराया। ...भारत स्थायी शांति के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करेगा।' मोदी का यह कहना एकदम सही है कि 'युद्ध में गुजारा गया प्रत्येक दिन मानवता को पीछे धकेल देता है और शांति की ओर बढ़ाया गया हर कदम मानवता को नई उम्मीद व उत्साह से भर देता है'। लेकिन शांति के इन उपदेशों से किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही है।

वर्ष 2024 में अपनी मास्को और फिर कीव यात्राओं के दौरान भी मोदी ने कहा था कि 'जंग के मैदान पर कोई समाधान नहीं निकलता है'। यह बात भी सही थी कि हल के लिए आखिरकार वार्ता की मेज पर ही आना पड़ता है। लेकिन जंग तो अभी तक जारी है। बहरहाल, बिश्केक में मोदी के बयानों का सही अर्थ तभी सामने आ सकता है जब शब्दों के पर्दे में कही गई बातों को समझ लिया जाये। पहली बात तो यह है कि रूस व ईरान से व्यापार में विस्तार व विविधता लाने से वह ट्रम्प को स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि वाशिंगटन के साथ जो लम्बित व्यापार समझौता है, उसे नई दिल्ली की शर्तों पर स्वीकार किया जाये वर्ना भारत के पास अन्य विकल्प भी खुले हुए हैं। दूसरा यह कि ट्रम्प की बेवकूफियों से अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अकेला पड़ता जा रहा है और दुनिया का झुकाव चीन-रूस व उनके सहयोगियों की ओर होता जा रहा है। सऊदी अरब, तुर्की व पाकिस्तान के बीच जो मक्का समझौता हुआ है, उसे भी अप्रत्यक्ष रूप से चीन व रूस का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में ट्रम्प प्रेम की खातिर भारत अकेला नहीं रहना चाहता है। रूस व ईरान उसके पुराने भरोसेमंद दोस्त रहे हैं। बदलते वैश्विक समीकरणों में उनसे दोस्ती को मजबूत करना आवश्यक हो गया है। आखिर ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को कब तक बर्दाश्त किया जा सकता है?

### सोशल मीडिया



सपा बहादुर अखिलेश यादव ने बतौर मुख्यमंत्री पिछड़ों, दलितों व सवर्णों के साथ न्याय किया होता तो आज उनको पीडीए के नाम पर वोटर्स को भ्रमित करने की जरूरत नहीं पड़ती। केशव प्र. मौर्य.



जब कनेक्टिविटी बेहतर होती है तो वह हमें गति देती है और जब गति सकारात्मक दिशा में अपने गंतव्य की ओर बढ़ती है तो वही प्रगति का आधार बनती है। सीएम योगी.



भाजपा और वोट चोरी आयोग के तरीके बदलते रहते हैं और बदलते रहेंगे। मकसद बस एक ही है, किसी भी कीमत पर बीजेपी की जीत, और भारत के लोकतंत्र का अंत। राहुल गांधी.

## संन्यास की परंपरा

### अंतर्दृष्टि

जीवन को आत्म-अज्ञान के बिंदु से देखना संसार है। आत्म-ज्ञान के बिंदु से देखना संन्यास है। इसलिए जब कोई कहता है कि मैंने संन्यास लिया है, तो मुझे बात बड़ी असत्य मालूम होती है। यह लिया हुआ संन्यास ही संसार के विरोध की भ्रांति पैदा कर देता है। संन्यास भी क्या लिया जा सकता है? क्या कोई कहेगा कि ज्ञान मैंने लिया है? लिया हुआ ज्ञान भी क्या कोई ज्ञान होगा? ऐसा ही लिया हुआ संन्यास भी, संन्यास नहीं होता है। सत्य ओढ़े नहीं जाते हैं। उन्हें तुम्हारे भीतर जगाना होता है। संन्यास का जन्म होता है। वह समझ से आता है। उस समझ से हम परिवर्तित होते जाते हैं। जैसे-जैसे हमारी समझ बदलती है, हमारी दृष्टि बदलती है और अनायास ही आचरण भी बदल जाता है। संसार जहां का तहां होता है, पर हमारे भीतर संन्यास का जन्म होता जाता है। संन्यास का अर्थ है: यह बोध कि मैं शरीर ही नहीं हूं, आत्मा हूं।

बोध के साथ ही भीतर आसक्ति और अज्ञान नहीं रह जाता है। संसार बाहर था, अब भी वह बाहर होगा, पर भीतर उसके प्रति राग-शून्यता होगी, या यूं कहें कि संसार अब भीतर नहीं होगा। असंन्यास में हमने एंट्रेंस तो रखा है, एक्झिट नहीं रखा है। उसमें भीतर जा सकते हैं, बाहर नहीं आ सकते और ऐसा स्वर्ग भी नरक हो जाता है जिसमें बाहर लौटने का दरवाजा न हो। वह परतंत्रता बन जाता है, कारागृह हो जाता है। कोई संन्यासी लौटना चाहे तो कोई क्या कर सकता है? वह लौट सकता है लेकिन आप उसकी निंदा करते हैं, अपमान करते हैं। कंडेमनेशन है उसके पीछे। और इसीलिए हमने एक तरकीब बना रखी है कि जब कोई संन्यास लेता है, तो उसका भारी शोरगुल मचाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत बैंडबाजा बजाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत फूलमालाएं पहनाते हैं, और यह उपद्रव का दूसरा हिस्सा है, वह उस संन्यासी को पता नहीं है कि अगर वह कल लौटा तो जैसे फूलमालाएं फेंकी गईं, वैसे ही पत्थर और जूते भी फेंके जाएंगे और ये ही लोग फेंकने वाले, कोई दूसरा आदमी नहीं होगा। असल में इन लोगों ने फूलामालाएं पहना कर उससे कहा कि अब सावधान, अब लौटना मत, जितना आदर दिया है उतना ही अनादर प्रतीक्षा करेगा। यह बड़ी खतरनाक बात है। इसके कारण न मालूम कितने लोग संन्यास का आनंद ले सकते हैं, वे नहीं ले पाते। वे कभी निर्णय ही नहीं कर पाते कि जीवन भर के लिए। जीवन भर का निर्णय बड़ी महंगी बात है, बड़ी मुश्किल बात है। फिर हकदार भी नहीं हैं हम जीवन भर के निर्णय के लिए। तो मेरी दृष्टि है कि संन्यास सदा ही सावधिक है आप कभी भी वापस लौट सकते हैं। कौन बाधा डालने वाला है? संन्यास आपने लिया था। संन्यास आप छोड़ते हैं। आपके अतिरिक्त इसमें कोई और निर्णायक नहीं है। आप ही डिसीसिव हैं, आपका ही निर्णय है।

**- ओशो.**

## बुरे दिनों का आगाज...

### व्यंग्यलोक

वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरुआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही हो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया। बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यो के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ।

मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है। हाजमा खराब हो जाता है तथा अन्य कई ट्रबल्स खड़ी हो जाती हैं।



पूरन सरमा

## अनेकता में एकता का प्रतीक है कॉर्डोबा



पर्यटन

हाल ही में जब स्पेन ने फुटबॉल विश्व कप जीता तो मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि स्पेनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अपना राष्ट्रीय गान गाया ही नहीं। दरअसल, ला मार्चा रियल में कोई आधिकारिक बोल नहीं है, सिर्फ 18वीं शताब्दी की एक विजयी धुन बजायी जाती है, इसलिए वास्तव में उनके पास गाने के लिए कुछ भी नहीं है। फिर जब स्पेन में जीत का जश्न मनाया जा रहा था तो लोग अलग-अलग रंगों व डिजाइन के झंडे लिए हुए थे। ऐसा इसलिए कि स्पेन में 17 स्वायत्त समुदाय व 2 स्वायत्त शहर हैं जो राज्यों की तरह फंक्शन करते हैं और यह क्षेत्र 50 प्रांतों में विभाजित हैं। हर समुदाय का अपना झंडा व गान है। इस अनेकता में भी स्पेन में एकता है, जो सड़कों पर उसकी जीत के जश्न में साफ दिखायी दे रही थी।

स्पेन कट्टर कैथलिक देश है, लेकिन अनुमानित 'ऐतिहासिक गलतियों' से ग्रस्त नहीं है। एक समय में इसका नाम अन्दुलिस था, जिसका पुराना शहर कॉर्डोबा आज भी बहुत सुंदर है और अक्सर एक दूसरे के टकराव में रहने वाले तीन धर्मों का वारिस हैं, जिनकी यादों व स्मारकों को प्यारे व वैज्ञानिक अंदाज में सुरक्षित रखा गया है। वर्ष 1236 से पहले इस्लाम स्पेन का प्रमुख धर्म था, जिसके मुस्लिम शासकों ने 10वीं शताब्दी में कॉर्डोबा को यूरोप का सबसे बड़ा व सबसे सुसंस्कृत शहर बना दिया था। अनेक खलीफाओं के दौर में यहूदी धर्म ने जबरदस्त तरक्की की थी। हम यहूदी मोहल्ले ला जुडेरिया की तरफ जा रहे हैं, एक मध्य युग के सिनागोग (यहूदी मन्दिर) को देखने के लिए। इसके अतिरिक्त स्पेन में अभी दो और मध्य युग के सिनागोग शेष हैं। यह कूल व सुंदर स्मारक हैं, उस समुदाय का जो एक जमाने में स्पेन में आर्थिक दृष्टि से सबसे सम्पन्न था। पूजा हॉल की सफेद संगमर्मर की दीवारों पर हिब्रू में इबारतें लिखी हैं और एक बालकनी भी है, शायद महिलाओं को अलग से बैठाने के लिए। सिनागोग के बाहर 12वीं शताब्दी के यहूदी विद्वान, दार्शनिक, हकीम मैमोनिदेस की मूर्ति है। कॉर्डोबा के मुस्कुराते लोगों ने हमें सुनिश्चित किया, 'हम वास्तव में बहुत आराम पसंद व सहज लोग हैं. हमें गार्डन, फूल, नाजुक जेवर, सड़कों के किनारे बने कैफे में दोस्तों से मिलना जैसी चीजें पसंद हैं। आप जो थोड़ा समय यहां बिताओगे उसमें ही इस बात का अंदाजा हो जायेगा।' हमें अंदाजा हो गया। कैल्लेजा डे लॉस फ्लोर्स की पतली गलियों में चहलकदमी करते हुए हमने पुती हुई दीवारों पर गमले लटके हुए देखे जिनमें फूल खिल रहे थे। लोहे के सुंदर दरवाजों में से झांका तो अंदर आंगन में फव्वारे व पौधों की ठंडक थी। शहर की मुस्लिम विरासत पूरी तरह से झलक रही थी। खुले आंगनयुक्त मकान न सिर्फ वेंटिलेशन उपलब्ध करा रहे थे बल्कि परिवार की महिलाओं की प्राइवेसी भी सुनिश्चित कर रहे थे।

लोग खुलकर चांदी के जेवरों की खरीदारी कर रहे थे। सभी डिजाइन मूरिश मूल के थे। एक महिला ने बताया, 'मैं भारत गई हूं। मुझे मालूम है कि तुम्हारी महिलाओं को सोना बहुत पसंद है, जो शानदार कपड़ों के साथ अच्छा लगता भी है। लेकिन अधिकतर मुस्लिम सोने को दिखावा समझते हैं। फिर परम्परागत मूरिश महिलाएं जो सादे रंग के कपड़े पहनती हैं, उनके साथ चांदी अधिक अच्छी लगती है।' पतली गलियों से निकल कर हम चैड़ी सड़कों पर आ गये। खुली हवा में, रंग-बिरंगे छातों के नीचे लोगों की टोलियां बैठी हुई थीं, गहरी वार्ता में व्यस्त। स्पेनी लोग सिर्फ भूख शांत करने के लिए भोजन नहीं करते हैं। उनके लिए प्रत्येक भोजन प्रसन्न सामाजिक अवसर है और हमनें पुरानी बातें सुनने के लिए हर भोजन के लिए दो घंटे आवंटित कर दिए थे, विशेष कर अन्दुलिस प्रांत में। स्पेन के इस दक्षिणी हिस्से में घर से बाहर बैठने की आरामदायक संस्कृति है, जैसे मध्ययुग की सभ्यता किसी वजह से आधुनिक से मिल गई हो। इसका हम पर नाटकीय प्रभाव पड़ा जब हमने महान कैथेड्रल में प्रवेश किया जिसे आज भी स्थानीय लोग ला मेज्कुइत (मस्जिद) कहते हैं। इतिहास बताता है कि पहले यह सेंट विन्सेंट की चर्च थी जिसे जर्मनी मूल के विसिगोथ शासकों ने बनवाया था, जो कॉर्डोबा पर मूर मुस्लिमों से पहले राज करते थे। मूरों ने आधी चर्च को खरीद लिया और कुछ समय तक धार्मिक भाईचारे की शानदार मिसाल के तहत दोनों मुस्लिमों व ईसाइयों का साझा पूजास्थल था। फिर मुस्लिमों की बढ़ती संख्या को देखते हुए खलीफा अब्दुर्रहमान ने मोटी कीमत देकर और शहर में अन्य चर्च निर्माण की अनुमति देकर 784 में चर्च का बाकी आधा हिस्सा भी खरीद लिया। इस तरह आहिस्ता-आहिस्ता एक बड़ी मस्जिद की बुनियाद पड़ी।

**समीर चौधरी.**

## आपकी बात

### संसाधनों का बंटवारा

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है।

दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

### विकास से उत्पन्न अवसर

देश की आर्थिक प्रगति के लिए शहरों का हाईटेक और आधुनिक विकास बहुत जरूरी है। शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में शहरीकरण तेज होगा। शहरीकरण को अवसरों के रूप में देखना चाहिए और यहां होने वाले प्रत्येक निवेश को युवाओं के लिए रोजगार सृजन के तौर पर देखना चाहिए। क्योंकि शहरीकरण अवसरों का हब है और इस मौके को किसी भी तरह गंवाना नहीं चाहिए।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं से संवाद

बहराइच। महिला महाविद्यालय, बहराइच, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय हृष्क सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त कल की ओरहृ रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती चारू चौधरी, उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का आधार शिक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की असुरक्षा, उत्पीड़न अथवा भेदभाव की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि उचित माध्यम से अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण तैयार करना केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन की जानकारी भी दी। मा. उपाध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने कहा कि आज का भारत बदलता भारत है महिलाएं एक मजबूत कड़ी है आप में शक्ति बहुत है उन्होंने कहा कि महिलाएं मल्टी टास्किंग होती है उनके अन्दर कुक, टीचर, माता, पैरेन्टस, बहन, पत्नी इत्यादि के लिए अपनी पहचान बना सकती है। संवाद के दौरान छात्राओं ने महिला सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक चुनौतियों से संबंधित प्रश्न एवं विचार साझा किए। मुख्य अतिथि ने छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन सुरक्षित, सम्मानित एवं सशक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## दलित बस्ती में जलभराव, जिलाधिकारी से गुहार

बांदा। अतर्रा कस्बा के वार्ड सिविल लाइन दलित बस्ती निवासी शैलेंद्र, मोतीलाल, अनिल, ब्रजेश, मोहित, जुनकी देवी, नारायन, केता आदि ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद से कुछ दूरी पर सिविल लाइन वार्ड की ट्रांसफार्मर गली दलित बस्ती में एक सप्ताह से घुटनों तक जलभराव है। बस्ती की मुख्य सड़क सहित आसपास की गलियों में पानी भरा होने के क ारण लोगों का आवागमन प्रभावित है। स्कूली बच्चे गंदे पानी से होकर निकलते हैं। पानी भरने के कारण कच्चे मकान गिर रहे हैं। जलभराव गंदगी से कई परिवारों के बच्चे बीमार हो चुके हैं। मोहल्लेवासी कई बार अधिकारियों, कर्मचारियों को अवगत कराया लेकिन राहत की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई। जिलाधिकारी से मौके पर टीम भेजने, जलभराव की निकासी कराने, नालों की सफाई, कीटनाशक एंटी लार्वा का छिड़काव कराने की मांग की है।

## एडीएम ने जलस्तर एवं रपटों का लिया जायजा

बांदा। लगातार हो रही वर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान रखते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार धर्मेंद्र, उप जिलाधिकारी पैलानी ने तहसील पैलानी के अंतर्गत ग्राम गौरीकला, अमारा, नांदादेव, पड़ौरा, सिंधनकला, पैलानीडेरा, तहसील बबेरू के तिंदवारी-बबेरू मार्ग स्थित सिमौनी रपटा का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों के आवागमन संबंधी समस्याओं एवं प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। जिन गांवों के संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त, बाधित हुए हैं, वहां नाव की व्यवस्था देखी। आवश्यकता के अनुसार आवश्यक सामग्री की उपलब्धता एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों एवं राजस्व अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनसामान्य की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# रुपईडीहा नेपालगंज रोड के बीच नियमित ट्रेन सेवा शुरू

## पहले दिन 85 टिकट और 201 यात्री रवाना हुए



रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से एक सितंबर मंगलवार को सुबह आठ बजकर बीस मिनट पर नियमित ट्रेन सेवा का संचालन शुरू हो गया। पहले दिन 87 टिकटों पर 201 यात्रियों ने नानपारा और बहराइच होते हुए गोंडा तक की यात्रा के लिए टिकट खरीदे। नियमित रेल सेवा शुरू होने से यात्रियों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। आपको बताते बहराइच का किराया मात्र ?15 होने पर यात्रियों ने कहा भारत सरकार द्वारा चलाई गई रेलगाड़ी माननीय योगी मुख्यमंत्री जी के उद्घाटन एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाने पर बहुत कम किराए में हम लोग कहीं जाना हो तो समय पर अपने स्थान पर पहुंच जाऐंगे इस खुशी में भारत माता की जय वंदे मातरम का उदघोस लगाया ट्रेन का संचालन मुख्य लोको पायलट राजीव पांडेय, लोको पायलट शशि कुमार श्रीवास्तव और सहायक लोको पायलट वंदना कुमारी ने किया। लोको पायलटों ने बताया कि पहले दिन यात्रा करने वाले यात्रियों में काफी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कर्मठ कार्यकर्ता कार्यकारिणी सदस्य एवं वर्तमान में नामित सभासद रतन कुमार अग्रवाल, ने समाजसेवा के तहत रेलगाड़ी एवं लोको पायलट सहित यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, समिति के जिला संरक्षक केसरी प्रसाद सोनी उर्फ गज्जू भैया, नगर सचिव राजीव अग्रवाल अनूप अग्रवाल, पत्रकार संजय पत्रकार राम जी सोनी, सहित अन्य दर्जनों सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आतंकियों से लोहा लेने वाले ब्रिगेडियर टीपी शुक्ला पंचतत्व में विलीन



बहराइच। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लोहा लेने वाले और श्रीलंका में लिट्टे (छळळए) के खिलाफ सैन्य अभियान में अदम्य साहस का परिचय देने वाले सेवानिवृत्त सेना के ब्रिगेडियर टीपी शुक्ला का सोमवार को निधन हो गया। शहर के मोहल्ला नौवागढ़ी निवासी ब्रिगेडियर के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। देशसेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति ने उन्हें विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया था। ब्रिगेडियर टीपी शुक्ला ने सैन्य सेवा के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियानों में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्हें श्रीलंका में लिट्टे आतंकियों के खिलाफ अभियान में भेजा गया, जहां उन्होंने अपने साहस और सैन्य कौशल से सफलता हासिल की। सेना में उन्हें एक कुशल और जांबाज अधिकारी के रूप में जाना जाता था। सेवानिवृत्ति के बाद वह बहराइच में रह रहे थे। सोमवार को उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अयोध्या से पहुंचे सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल महेश ध्यानी ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत ब्रिगेडियर को श्रद्धांजलि दी। तिरंगे में लिपटे ब्रिगेडियर टीपी शुक्ला के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई देते समय माहौल गमगीन हो गया। उनके बेटे डॉ. पीके शुक्ला ने मुखाग्नि दी। देश की सीमाओं की रक्षा में जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा समर्पित करने वाले जांबाज अधिकारी की अंतिम विदाई पर हर आंख नम नजर आई।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खरेला पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना खरेला पर पंजीकृत धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल यादव द्वारा पुलिस टीम गठित की गई थी। गठित टीम के वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, उप निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल प्रान्जल दुबे एवं महिला कांस्टेबल शिवानी साहू द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता एवं अभियुक्त की सघन तलाश, पतारसी एवं सुरागरसी के क्रम में दिनांक 31 अगस्त 2026 को अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा अभियुक्त रंजीत कुमार जाटव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## फर्जी फेसबुक आइडी के जरिए रुपये मांगने वाला गिरफ्तार




बांदा। फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर रुपयों की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। गौरतलब हो कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फेक फेसबुक आइडी बनाकर रुपयों की मांग की थी। थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए कोतवाली नगर, साइबर, सर्विलांस सेल एवं तकनीकी टीम द्वारा डिजिटल साक्ष्यों, सोशल मीडिया गतिविधियों और अन्य तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपी की पहचान मुश्ताक पुत्र बसीर निवासी ग्राम मानकी सादिकावास थाना रामगढ जनपद अलवर राजस्थान के रूप में की। जांच के दौरान सामने आए महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मुश्ताक पुत्र बसीर निवासी ग्राम मानकी सादिकावास थाना रामगढ जनपद अलवर राजस्थान को मवई बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ मे उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह राजस्थान का रहने वाला है। अधिकारियों की फर्जी आइडी बनाकर रुपए मागें जाते है। रुपए लेने ही जनपद आया है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

## खंभे पर चढ़े युवक की करंट से मौत

बांदा। घर की बिजली ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा युवक करंट की चपेट में आ गया। बिजली का झटका लगते ही वह खंभे से चिपक गया। किसी तरह बिजली आपूर्ति बंद कराकर उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव के मजरा बहादुरपुरवा निवासी कुंवर बहादुर (30) पुत्र सुरेंद्र कुमार मंगलवार रात अपने घर की बिजली ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और खंभे से चिपक गया। परिजनों और आसपास के लोगों ने किसी तरह बिजली आपूर्ति बंद कराई और युवक को खंभे से नीचे उतारा। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई विजय बहादुर ने बताया कि कुंवरबहादुर खंभे पर चढ़कर घर की बिजली ठीक कर रहा था। इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक विशंभर यादव अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने एमसीएच विंग का किया निरीक्षण



बहराइच। उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती चारू चौधरी ने जनपद के एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान महर्षि बालार्क चिकित्सालय के एम.सी.एच. विंग का निरीक्षण कर महिलाओं को प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सेवाओं एवं सुविधाओं, चिकित्सालय की साफ-सफाई का जायजा लिया। मा. उपाध्यक्ष ने अल्ट्रासाउण्ड कक्ष, टीकाकरण कक्ष, ओ.टी., ओ.पी.डी., आई.सी.यू., पी.एन.सी., एफ.एन.क्यू., के.एम.सी. सहित अन्य वार्डों, पैथालॉजी व ब्लड बैंक इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ तथा मरीजो एवं तीमारदारों से अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्रीमती चौधरी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा व मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री.को निर्देश दिया कि चिकित्सालय में आने वाली महिलाओं को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। श्रीमती चौधरी ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसी स्तर को बनाये रखने का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर डॉ. स्वांगी व डॉ. मेघा सहित विभिन्न फैकल्टी के चिकित्सक, हॉस्पिटल मैनेजर रिजवान अली सहित पैरा मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## एसपी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



जिला संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा 51वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोट्र्स रायफल/ रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उल्लेखनीय है कि जनपद सीतापुर में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस की 51वीं वार्षिक शूटिंग स्पोट्र्स एवं राइफल/रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग तथा अलार्म एफिशिएंसी रेस (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता-2026* में गोरखपुर जोन के लिये चयनित जनपद बहराइच पुलिस की टीम ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त कर जोन व जनपद का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि से गोरखपुर जोन व जनपद बहराइच पुलिस का गौरव बढ़ा है तथा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की जा रही है पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव ने टीम के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद एवं पुलिस विभाग का नाम गौरवान्वित करने की अपेक्षा व्यक्त कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में *म0उ0नि0 मधु गुप्ता (अभिसूचना इकाई), आ0 हिमांशु शुक्ला (थाना साइबर क्राइम), म0आ0 अंजली शुक्ला (मीडिया सेल), तथा म0आ0 शची पटेल (अभियोजन शाखा)* द्वारा गोरखपुर जोन टीम में चयनित होकर प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## पालिका प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

जिला संवाददाता

बिजनौर। शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने एंव नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और के लिए प्रशासन ने कार्रवाही शुरू कर दी है। पालिका प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी ने दोबारा सडकों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन/तहसील प्रशासन/पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार दोपहर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर पालिका चैराहे से लेकर बुल्ला के चैराहे तक सडक के दोनों ओर किए गए अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह से साफ कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान व्यापारियों और अतिक्रमणकारियों में हडकंप मचा रहा। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह ने किया। कार्रवाई के दौरान किसी



भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पालिका की टीम ने जेसीबी की मदद से सडकों के किनारे अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स, टीनशेड और ठेलों को हटवाया। अभियान के दौरान पालिका और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर डटे रहे। इसमें कर अधीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, अवर अभियंता (जलकल गौरव शर्मा, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार, कर निरीक्षक सुंदरलाल व हिमांशु मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए थाना शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीत कुमार और यातायात निरीक्षक रवि नैन भी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पालिका प्रशासन से अपेक्षा की थी कि शहर की यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका चैराहा, बुल्ला का चैराहा, जजी का चैराहा और झालू तिराहे से अवैध अतिक्रमण हटाया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने दोबारा सडकों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सराहनीय कार्य करने पर डीजीपी प्रशंसा चिन्ह से निरीक्षक विपिन कुमार को किया सम्मानित



बिजनौर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए निरीक्षक विपिन कुमार को उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा द्वारा पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर निरीक्षक विपिन कुमार को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान उनके द्वारा पुलिस सेवा में किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई तथा अन्य पुलिसकर्मियों को भी कर्तव्यनिष्ठा एवं पूरी लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षक विपिन कुमार को सम्मान मिलने पर उनके सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

## बूथों के निष्क्रिय पदाधिकारी होंगे बाहर: जिलाध्यक्ष



बांदा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान एवं बूथ समितियों के सत्यापन के संबंध चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते सभी बूथ समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी करना है। सत्यापन के दौरान यदि कोई पदाधिकारी निष्क्रिय पाया जाये तो उसको हटाकर दूसरे कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाए। कहा कि आगामी 17 सितंबर से चलने वाले सेवा संकल्प अभियान में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनाना है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने कहा कि यदि पार्टी के कार्य को मन से किया जाए तो उसमें तन भी सक्रिय रहेगा। इसलिए सभी लोग पार्टी के कार्यक्रमों में सेवाभाव व ईमानदारी के साथ सहयोग करें। कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, जगराम सिंह, आनंदी साहू, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता, सुधीर कुशवाहा, राकेश गुप्ता लल्ला, अमित सेठ भोलू, पंकज रैकवार, संतू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एससी-एसटी आयोग के सदस्य ने की प्रगति समीक्षा



जिला संवाददाता

बिजनौर। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य मिठाई लाल ने जनसुनवाई की तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन वर्ग विशेष के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका लाभ उन तक पहुंचना चाहिए। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के सदस्य मिठाई लाल ने मंगलवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग व अन्य व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना व उन्हें समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन वर्ग विशेष के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका लाभ उन तक पहुंचना चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, नगर पालिका की योजनाओं, राजस्व व पुलिस विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने एससी-एसटी एक्ट के प्रकरणों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए गठित निगरानी समिति की प्रत्येक माह नियमित रूप से बैठक कराई जाए, इसमें जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चयनित प्रत्येक ग्राम को 20 लाख रुपए विकास कार्यों के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 470 ग्राम चिन्हित है, जिनमें से 181 में कार्य पूर्ण हो गया है, शेष प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन अंतर्गत 60103 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में 2702 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं वहीं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में पात्र लाभार्थियों को 30 हजार रुपए की एक मुश्त धनराशि दी जाती है।

## भाकियू ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन

धामपुर, बिजनौर। किसान के खाते से पैसे निकाले जाने के मामले में सैकडो किसानों ने पीएनबी बैंक के बाहर धरना दिया। जानकारी होने पर नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और किसानों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। भारतीय किसान यूनियन का थाना स्योहारा में बैंक मैनेजर के खिलाफ बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन हुआ। किसानों को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष चै0 गजेन्द्र सिंह टिकैत ने बताया कि बैंक कर्मियों की मिलीभगत से किसान अनीसा के खाते से दूसरे ने अपना फोटो लगाकर रकम निकाल ली। उन्होंने बताया कि इतना बडे स्तर पर गडबडी किसानों में रोष है, दूसरी तरफ किसानों के लोन के खातों में सेटलमेंट के नाम पर अधिक रकम वसूली जा रही है। प्रदर्शन में वार्ता के लिए पहुंचे नायब तहसीलदार और थाना अध्यक्ष संजय सिंह तोमर के सामने सभी शिकायते गंभीरता से रखी गई लिखित में एक शिकायत अधिकारियों को सौंपी, किसानों का कहना है कि बैंक की गंभीरता से जांच होनी चाहिए जो भी दोषी उसके खिलाफ कार्रवाई हो। नायब तहसीलदार और थानाध्यक्ष के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। धरना प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, गजराम सिंह, रामचरण सिंह, हिवजुर रहमान, मौ0 जमाल, देवराज सिह, अमित कुमार, पोखर सिंह, सुखबीर सिंह, योगेश ठाकुर, हरिओम यादव, इमरान, मलखान गुर्जर सहित सैकडों किसान मौजूद रहे।



## मिशन शक्ति अभियान मे महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत मंगलवार को जिले के सभी थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा गांवों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के संबंध में जानकारी दी। टीमों ने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, छेड़छाड़ और उत्पीड़न की घटनाओं पर तत्काल पुलिस को सूचना देने तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में बिना संकोच हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएंअभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन भी किया गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के त्वरित और विधिपूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। पुलिस टीमों ने कहा कि महिला अपराधों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर चलाए गए अभियान के दौरान टीमों ने महिलाओं और आमजन को बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस से तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। बालिकाओं को विशेष रूप से अनजान लोगों से सावधान रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

संक्षेप

## मिडाक्स और एमएफ यूटिलिटीज ने की साझेदारी

मुंबई। मिडाक्स ने एमएफ यूटिलिटीज इंडिया के साथ एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत मिडाक्स का मल्टी-एसेट वेल्थ प्लेटफॉर्म देशभर के सभी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।इस साझेदारी के माध्यम से एमएफडी, मिडाक्स के एकीकृत टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम के जरिए म्यूचुअल फंड, अंतरराष्ट्रीय एवं भारतीय इक्विटी, कॉरपोरेट फिक्स्ड डिपॉजिट, लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज, अनलिस्टेड सिक्योरिटीज, बॉन्ड्स, एमएलडी और अन्य वित्तीय उत्पादों तक पहुंच बना सकेंगे और उन्हें वितरित कर सकेंगे।यह साझेदारी डिस्ट्रीब्यूटर्स को एक व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, एआई-संचालित टेक्नोलॉजी क्षमताएं और बड़े स्तर पर वेल्थ बिजनेस तैयार करने की क्षमता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। वर्तमान में मिडाक्स 2,000 से अधिक एमएफडी के साथ काम कर रहा है और 160 से अधिक शहरों में 7 लाख से अधिक निवेशकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है।

## कोडी रोड्स ने जॉन सीना को खोजने के लिए लाखों गेमर्स को शामिल किया

नई दिल्ली। क्लैश ऑफ क्लैंस, जिसके अब तक दो बिलियन से ज्यादा डाउनलोड हो चुके हैं, डब्ल्यू डब्ल्यू ई के साथ दूसरी बार मिलकर काम कर रहा है; और इस बार, ये दुश्मनी पर्सनल है. डब्ल्यू डब्ल्यू ई सुपरस्टार कोडी रोड्स और डब्ल्यू डब्ल्यू ई लेजेंड जॉन सीना रिंग में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, लेकिन उनके बीच मुकाबला वहीं से शुरू नहीं हुआ था। दोनों ही लंबे समय से क्लैश ऑफ क्लैंस खेलते आ रहे हैं, और गेमिंग का ये साझा इतिहास लॉकर रूम में एक मशहूर किस्सा बन गया है। अब, एक दशक से खेल रहे रोड्स ने क्लैश ऑफ क्लैंस कम्युनिटी और अपने साथी डब्ल्यू डब्ल्यू ई सुपरस्टार्स को झ जॉन सीना का बेस ढूंढने में मदद के लिए साथ लिया है। इस तरह, वे रिंग की एक दशक पुरानी लड़ाई को गेम के अंदर बने गांवों तक ले आए हैं आज से, 1 सितंबर से 30 सितंबर तक, क्लैश ऑफ क्लैंस के प्लेयर्स अपने रोजाना के रेड्स के दौरान सीना के लूट से भरे बेस को खोज सकते हैं। प्लेयर्स जितने ज्यादा रेड करेंगे, उनके लिए उस खास डब्ल्यू डब्ल्यू ई लेजेंड को खोजने और अपने गांव के लिए एक बार मिलने वाला कोडी रोड्स का स्टैच्यू पाने की संभावना उतनी ही ज्यादा होगी।

## वायुकोप्स ने हासिल किया राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-4 स्थान

बरेली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, आईआईटी इंदौर एरोथॉन 2026 में इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली की टीम वायुकोप्स ने राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-4 स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और आईआईटी इंदौर द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 7 और 8 अगस्त 2026 को आईआईटी इंदौर में आयोजित किया गया।देशभर से करीब 1,000 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से केवल 25 टीमों का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ। इन 25 अंतिम टीमों में 5 टीमें आईआईटी से थीं। वहीं, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी की टीम वायुकोप्स ग्रैंड फिनाले के अंतिम चरण तक पहुंचने वाली एकमात्र गैर- आईआईटी विश्वविद्यालय टीम रही।

## निसान की होलसेल बिक्री में 147 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने अगस्त, 2026 में कुल 9,350 यूनिट्स की होलसेल बिक्री का एलान किया है। बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में 3,426 यूनिट्स और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 5,924 यूनिट्स की बिक्री की। मैग्नाइट और ग्रेवाइट को लेकर लगातार मांग बने रहने से घरेलू स्तर पर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें नई निसान टेक्टॉन के लिए बाजार से मिल रही शानदार प्रतिक्रिया का भी योगदान रहा। सालाना आधार पर कंपनी ने घरेलू बाजार में बिक्री में 147 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने निसान की वन कार, वन वर्ल्ड की रणनीति के तहत दक्षिणअफ्रीका, भूटान और नेपाल के लिए निसान टेक्टॉन का निर्यात शुरू कर दिया है। इन बाजारों के लिए 1,300 से ज्यादा कारों का पहला बैच भेजा गया है। टेक्टॉन ने इन बाजारों में निर्यात के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने सफर के पहले चरण में कदम रख दिया है। भारत में तैयार इस एसयूवी को पूरे क्षेत्र के बाजारों में ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा।

# सेंसेक्स में हल्की गिरावट के साथ बंद




मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से मंगलवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को लंबे समय तक सख्त बनाए रखने की आशंका बढ़ने से भी दुनिया के उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हो रही है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 12.99 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 76,944.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 301.15 अंक गिरकर 76,656.12 अंक तक आ गया था। अपराह्न 3.12 बजे सेंसेक्स 271.79 अंक गिरकर 76,685.48 अंक पर कारोबार कर रहा था, लेकिन समापन नीलामी सत्र (सीएएस) के दौरान इसने अधिकांश नुकसान की भरपाई कर ली। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 24.60 अंक गिरकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक वायदा अनुबंधों की समाप्ति के दिन निफ्टी एक समय करीब 100 अंक गिरकर 23,980.55 अंक तक आ गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में से मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, आईटीसी, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल बढ़त वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। इस बीच, पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनान बढ़ने के चलते वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.03 प्रतिशत बढ़कर 92.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार भारत की मजबूत वृद्धि की रफ्तार और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच संतुलन बना रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और फेडरल रिजर्व के अपेक्षाकृत सख्त रुख से महंगाई तथा लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका बढ़ी है। भारतीय अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 7,985.88 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सोमवार को सेंसेक्स 307.24 अंक गिरकर 76,957.27 अंक और निफ्टी 95.25 अंक घटकर 24,080.40 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 94.94 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को 28 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.94 (अस्थायी) पर रहा। घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण और पोर्टफोलियो निवेश से जुड़े प्रवाह के बीच यह दो महीने के उच्च स्तर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, हाल में एमएससीआई से जुड़े निवेश प्रवाह से रुपये को अस्थायी सहारा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी संभवतः घरेलू मुद्रा को समर्थन देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.06 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 94.79 से 95.10 के दायरे में रहा। अंत में यह 94.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को अमेरिकी



डॉलर के मुकाबले 21 पैसे मजबूत होकर 95.22 पर बंद हुआ था। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप और बेहतर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से भारतीय रुपया मजबूत हुआ। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत बढ़कर 99.58 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 1.97 प्रतिशत चढ़कर 92.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये पर कुछ हद तक दबाव बना रह सकता है। हालांकि, तनाव में कमी आने पर निचले स्तर पर रुपये को समर्थन मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.65 से 95.25 के दायरे में रहने का अनुमान है। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 12.99 अंक की गिरावट के साथ 76,944.28 अंक पर और निफ्टी 24.60 अंक टूटकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध आधार पर 7,985.88 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# दिल्ली को केंद्र से एक हजार टन प्याज मिलेगी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि केंद्र राष्ट्रीय राजधानी को 1,000 टन प्याज उपलब्ध कराएगा जो लोगों को 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेची जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के बयान के मुताबिक, गुप्ता ने कहा कि प्याज शहर के सभी 13 जिलों में उचित मूल्य की दुकानों और वैन के माध्यम से भी बेची जाएगी।

बयान में कहा गया है कि वैन के माध्यम से प्याज बेचने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किफायती प्याज उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां लोग आसानी से उचित मूल्य की दुकानों तक नहीं पहुंच सकते। फिलहाल दिल्ली के खुदरा बाजारों में प्याज करीब 50-60 रुपये प्रति किलो के भाव बिक रहा है। बारिश के कारण फसल को हुए नुकसान के चलते हाल के सप्ताहों में प्याज की कीमतें बढ़ी हैं। इसके बाद दिल्ली सरकार ने प्याज खरीदकर लोगों को किफायती दाम पर उपलब्ध कराने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राजधानी में प्याज की कमी नहीं होने देगी। सीएमओ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्लीवासियों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है, साथ ही उचित और सस्ती कीमतों पर प्याज भी उपलब्ध कराना है।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पांच साल के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मांग में नरमी के बीच उत्पादन और नए ऑर्डर की वृद्धि धीमी पड़ने से अगस्त में पांच साल के निचले स्तर 52.8 पर आ गई।

मंगलवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई के 53.5 से घटकर अगस्त में 52.8 रह गया। यह पांच साल में क्षेत्र की स्थिति में सबसे कमजोर सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से अधिक का अंक विस्तार को जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद



प्रबंधक सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की डिलीवरी अवधि और खरीद के भंडार जैसे मापदंडों से समग्र कारोबारी परिस्थितियों का आकलन करता है। कंपनियों ने मांग की परिस्थितियों में नरमी की जानकारी दी। इससे खरीद के स्तर और भंडार में वृद्धि धीमी हुई तथा रोजगार में मामूली गिरावट आई। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, भारत की विनिर्माण वृद्धि अगस्त में घटकर 52.8 रह गई और इसमें लगातार तीसरे महीने गिरावट आई। उत्पादन सूचकांक अगस्त 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे संकेत मिलता है कि उत्पादन में अब भी वृद्धि हो रही है, लेकिन इसकी गति काफी धीमी हो गई है। नए ऑर्डर में वृद्धि जारी रही, हालांकि इसकी गति पांच साल में सबसे कमजोर रही। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने वृद्धि की धीमी गति के लिए बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और कुछ उत्पादों की कमजोर मांग को जिम्मेदार ठहराया। प्रमुख बाजारों से मांग के चलते निर्यात बिक्री में वृद्धि जारी रही।

# सोना 2700 रुपये और चांदी 5000 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट आई। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 2,700 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये घटकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि सोमवार को यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। यह कीमती धातु 19 अगस्त को भी इसी स्तर पर कारोबार कर रही थी, जब इसकी कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। पिछले पांच सत्रों में, सोने में 8,900 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। 25 अगस्त को इसकी कीमत 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। चांदी की कीमत में भी 5,000 रुपये की गिरावट आई और यह 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को यह 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। सर्राफा पर दबाव इसलिए बना क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच नए तनाव से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गईं और ब्याज दरों के परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित हो गया।

# पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम कंपनियों की पेट्रोल और डीजल बिक्री में अगस्त में तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण अनियमित मानसूनी बारिश के कारण किसानों और वाहन चालकों की ईंधन मांग में वृद्धि है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) की पेट्रोल बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 34.8 लाख टन रही।

पिछले साल इसी महीने में कंपनियों ने 31.9 लाख टन पेट्रोल बेचा था। जुलाई में भी पेट्रोल की बिक्री में सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अगस्त में पेट्रोल की बिक्री 2024 के इसी महीने के 30.5 लाख टन के मुकाबले 14 प्रतिशत और अगस्त, 2023 के स्तर से 30.7 प्रतिशत अधिक रही। मासिक आधार पर पेट्रोल की बिक्री करीब एक प्रतिशत बढ़कर 34.5 लाख टन रही। देश में आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख संकेतक मानी जाने वाली डीजल की बिक्री अगस्त में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 62.7 लाख टन रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 56.9 लाख टन थी। डीजल की मांग में लगातार दूसरे महीने दहाई अंक में वृद्धि हुई है। जुलाई में इसकी बिक्री 10.7 प्रतिशत बढ़ी थी। डीजल देश में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला ईंधन है।

## झंडु बाम लेकर आया है अनडू विद झंडु

कोलकाता। जनरेशन जेड की सभी पीड़ाओं के लिए झंडु बाम लेकर आया है एक नया समाधानअनडू विद झंडु। हमारे इस नए कैम्पेन में अनडू विद झंडु भारत के नं. 1 पेन रिलीफ बाम झंडु बाम ने जनरेशन जेड की नजरों से दर्द को समझने की कोशिश की है। स्क्रीन देखने के कारण सिरदर्द और गर्दन दर्द, डूमस्क्रॉलिंग से थकान और रोज की परेशानियों को पीड़ा के रूप में दर्शाया गया है जिसे कि आज के युवा उपभोक्ता तुरंत पहचान लेते हैं। इस कैम्पेन का केंद्र है पीड़ालैंड एक काल्पनिक दुनिया जहाँ पर आज के युवा आधुनिक जीवन के दर्द और परेशानियों से जूझते दिखेंगे। झंडु बाम ने जिस तरह पॉपूलर कल्चर को अपनाया है, वैसा बस कुछएक ब्रांड्स ही कर पाए हैं। इसे लोगों द्वारा बेहद पसंद किया गया था।

# देश की बिजली की खपत अगस्त में करीब 13 प्रतिशत बढ़कर 169 अरब यूनिट

नयी दिल्ली। देश की बिजली खपत अगस्त में सालाना आधार पर 12.85 प्रतिशत बढ़कर 169.01 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। देश के कई हिस्सों में अधिक नमी के कारण एयर कंडीशनर (एसी) जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की मांग और खपत बढ़ी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2025 में देश की कुल बिजली खपत 149.76 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों के अनुसार, देशभर में नम परिस्थितियों के कारण वास्तविक तापमान की तुलना में अधिक गर्मी महसूस होने से एयर कंडीशनर जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा, जिससे बिजली की मांग और खपत में वृद्धि



हुई। आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग पिछले महीने बढ़कर 258.27 गीगावाट हो गई, जबकि अगस्त, 2025 में यह 229.72 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1000 मेगावाट) थी। हालांकि, अगस्त में बिजली की अधिकतम मांग मई में दर्ज 270.82 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर से काफी कम रही। बिजली की अधिकतम मांग पिछले साल जून, 2025 में 242.77 गीगावाट दर्ज की गई थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही थी। विशेषज्ञों ने कहा कि जारी मानसून के दौरान नमी की स्थिति बनी रहने से सितंबर में भी बिजली की मांग स्थिर रहने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून में सामान्य से कम बारिश का अनुमान जताया है। नवीनतम पूर्वानुमान में सितंबर में भी सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम संबंधी अनुमानित परिस्थितियों से सितंबर में भी बिजली की मांग और खपत बढ़ सकती है।

## सैमसंग ने गैलेक्सी बुक6 लाइनअप को और आगे बढ़ाया

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज नया 14 इंच गैलेक्सी बुक6 पेश किया है। रोजमर्रा के कामकाज को ध्यान में रखकर बनाया गया यह मॉडल गैलेक्सी बुक6 लाइनअप को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाता है। 799 डॉलर से शुरू होने वाले गैलेक्सी बुक6 में 25 घंटे तक चलने वाली बैटरी, इंटेल कोर 3 और कोर 5 की परफॉर्मेंस, गैलेक्सी एआई वाले फीचर्स और गैलेक्सी बुक6 परिवार का वही जाना पहचाना डिजाइन मिलता है। नए गैलेक्सी बुक6 के साथ हम गैलेक्सी बुक का अनुभव और ज्यादा लोगों तक पहुंचाना चाहते थे। कम कीमत में यह वे सारी चीजें एक साथ देता है जिन्हें यूजर रोज काम में लाते हैं, जैसे भरोसेमंद परफॉर्मेंस, लंबी चलने वाली बैटरी, आपस में जुड़े गैलेक्सी अनुभव और गैलेक्सी बुक6 का डिजाइन डीएनए। यह भरोसा खरीदने के बाद भी बना रहता है।

## पेज एक का शेष

### पटाखा विस्फोट

आदेश दिया। रात करीब नौ बजे उत्खनन मशीनों की मदद से फैक्टरी का ढांचा ढहा दिया गया। वहीं, घटना के बाद फरार चल रहे तीन आरोपियों-शकील, आदिल और कहकशां बेगम-पर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में आठ बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। चायल के क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह ने बताया कि विस्फोट के संबंध में पिपरी थाने में दर्ज प्राथमिकी में नौशाद, उसके बेटे आदिल, पत्नी कहकशां बानो, भाई शकील, भाभी शबाना और भतीजी साइना समेत छह लोगों को नामजद किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीम गठित की गई थीं, जो विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही थीं। क्षेत्राधिकारी के मुताबिक, मंगलवार तड़के करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि नौशाद चरवा थाना क्षेत्र में तेरह मील के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। इसके बाद चरवा पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे घेर लिया।

### नौ पुलिसकर्मी

दो सिपाही पर कार्रवाई की गई है। आईजी अजय कुमार मिश्रा के निर्देश पर पिपरी थाना व चौकी में पिछले दो वर्ष में तैनात रहे यहां पुलिस कर्मियों को खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दुर्घटना से संबंधित तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया है। अवैध पटाखा फैक्ट्री के ठीक बगल बूंदी का कारखाना था। सोमवार को घटना के वक्त कारखाने में रहे दो मजदूरों की मौत हो गई थी, एक शव की शिनाख्त हुई जबकि दूसरे का कटा हुआ हाथ प्रयागराज व पैर कौशांबी के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। दिव्यांग का कटा हुआ पैर देख बिलखी उमा ने उसकी पहचान अपने भाई सुनील मौर्य के रूप में की। पुलिस अब इसकी आधिकारिक पुष्टि डीएनए टेस्ट से कराएगी। बताया गया है कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पटाखा बनाने के लिए बारुद सहित दूसरे ज्वलनशील पदार्थ का मिश्रण किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक धमाका हुआ तो चंद मिनट में ही पूरा मकान जमींदोज हो गया। आग लगने के साथ ही आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। चौतरफा बारुद की गंध फैल गई। आसपास के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पटाखा फैक्ट्री, बूंदी कारखाना में काम कर रहे कर्मचारी, मजदूर मलबे में दब गए। थोड़ी ही देर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्रयागराज के एडीजी जोन ज्योति नारायण, आईजी रेंज अजय मिश्रा, मंडलायुक्त, एडिशनल पुलिस कमिश्नर डा. अजय पाल शर्मा, कौशांबी के जिलाधिकारी अमित पाल शर्मा, एसपी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस वर्ष 2024 में निलंबित किया गया था। आईजी अजय कुमार मिश्रा ने लापरवाही बरतने पर एक इंस्पेक्टर और छह दारोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके बाद दो और पर कार्रवाई हुई। निलंबित होने वालों में निरीक्षक शिवचरण राम, उपनिरीक्षक विकास सिंह, विनय सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिषेक गुप्ता, मनीष पाल व अमित द्विवेदी शामिल हैं। इससे पहले सोमवार को रात कौशांबी एसपी ने दो बीट आरक्षी को निलंबित करते हुए थाना प्रभारी समेत तीन लोगों को लाइन हाजिर किया था।

### सरकारी सेवाओं

में संशोधन कर चयन प्रक्रिया को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार आधारित द्विस्तरीय व्यवस्था में बदला गया। नई व्यवस्था में लिखित परीक्षा को 85 प्रतिशत और साक्षात्कार को 15 प्रतिशत अंक का वेटेज दिया गया। इससे चयन में शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता को प्रमुख आधार बनाया गया। संशोधित विनियमावली के बाद 27 फरवरी, 2026 को 26 सहायक पर्यावरण अभियंता और 14 सहायक वैज्ञानिक अधिकारी पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया। 27 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न शहरों में एक साथ लिखित परीक्षा आयोजित हुई, जिसका आयोजन आईआईटी कानपुर के माध्यम से कराया गया। लिखित परीक्षा का परिणाम 8 जून को घोषित किया गया। इसके बाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की अध्यक्षता में चार साक्षात्कार पैनल गठित किए गए। पैनल में विभिन्न आईआईटी और विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया।

### सेवा संकल्प

को अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की पहुंच केवल जिला मुख्यालय या विकासखंड स्तर तक सीमित न रहे, बल्कि इसे न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को केवल आंकड़ों और योजनाओं की सूची के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उन परिवारों और लाभार्थियों की वास्तविक कहानियां जनता के सामने लाई जाएं, जिनके जीवन में सरकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं से बदलाव आया है।

### आतंकवाद

का सबसे जूयादा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ता है। मोदी ने कहा इसलिए, भारत ने लगातार यह कहा है कि सभी तनावों और संघर्षों का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं बल्कि बातचीत और कूटनीति के ज़रिए किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने शांतिपूर्ण यूरेशिया के लिए शांति और स्थिरता के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित यूरेशिया के लिए हमारी साझा इच्छा, अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता से भी गहराई से जुड़ी है। भारत, अफगानिस्तान के लोगों के विकास और उन्हें मानवीय सहायता पहुंचाने में योगदान देता रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। मोदी का भाषण तीन मुख्य विषयों-सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर-पर आधारित था, जिनका प्रस्ताव उन्होंने समूह के पिछले शिखर सम्मेलन में एससीओ के लिए भारत की दृष्टि के तौर पर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ का सहयोग सीधे लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा हमारी सफलता का असली पैमाना यह होना चाहिए कि हमारी कोशिशों से युवाओं के लिए कितने नये अवसर सृजित होते हैं, हमारे उद्यमियों के लिए कितने नये बाज़ार खुलते हैं, हमारे किसानों को प्रौद्योगिकी से कितना फायदा होता है और हमारे नागरिकों का जीवन कितना बेहतर होता है।

### यूपीपीईटी : अब

अभ्यर्थी अब 7 सितंबर 2026 तक पंजीकरण कर सकते हैं, निर्धारित आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट कर सकते हैं। इससे उन अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं।

### राम मंदिर

हावरे शामिल हैं। उनका सामूहिक अनुभव रक्षा, न्यायपालिका और प्रशासन के क्षेत्रों में विस्तृत है, जिसने इस महत्वपूर्ण कार्य के सफलता पूर्वक संचालन और प्रत्याशियों के मूल्यांकन में विविध दृष्टिकोण प्रदान किया है। सर्च कमेटी द्वारा रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के समय संत गोविन्ददेव, कोषाध्यक्ष व ट्रस्टी, संत दिनेंद्र दास, ट्रस्टी, कृष्ण मोहन, महासचिव, ट्रस्टी, शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी, अयोध्या, दिनेश, विशेष आमंत्रित सदस्य, जगदीश आफले, सचिव, जगन्नाथ गुलवे व बजरंग बागड़ा की उपस्थिति रही। चयन प्रक्रिया कठोर, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम थी। शुरूआत 5,585 आवेदनों से हुई और समिति ने एसआई तकनीक और मैनुअल प्रोसेस को संयुक्त करते हुए एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर, पुणे और संबलपुर-उड़ीसा में टीमों ने समांतर कार्य करते हुए पूरी प्रक्रिया को त्रुटि रहित व सरल बनाने का कार्य किया।

### वाणिज्यिक

की परिचालन लागत में एटीएफ की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत तक होती है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 19 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए 2,738 रुपये से बढ़ाकर 2,747.50 रुपये कर दी गई है। बाजार मूल्य वाले पांच किलोग्राम के रसोई गैस एलपीजी सिलेंडर (जिसे पांच किलोग्राम एफटीएल कहा जाता है) की कीमत भी 762 रुपये से बढ़ाकर 764 रुपये कर दी गई है। कीमतों में यह वृद्धि लगातार दो महीने की कटौती के बाद हुई है। एक अगस्त को 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 192 रुपये और एक जुलाई को 183.50 रुपये की कटौती की गई थी। एक जुलाई और एक अगस्त को वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में की गई दोनों कटौतियां पश्चिम एशिया संकट के कारण जून में कीमतों के रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंचने के बाद हुई थीं।

### धामी ने सैनिक

रूप में देखा जाता था, अब उन्हें देश के पहले क्षेत्र के तौर पर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीमांत इलाकों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय नागरिकों की भूमिका को भी महत्व दिया जा रहा है। सीमाओं पर तैनात सैनिक और सीमा से सटे गांवों में रहने वाले नागरिक राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बनबसा में स्थापित सैनिक स्मारक देश की सीमाओं की रक्षा में योगदान देने वाले वीर जवानों के प्रति सामूहिक कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। यह स्थल युवाओं को राष्ट्रहित, अनुशासन और देशसेवा के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक परिवार से आने के कारण सेना और सैनिक परिवारों से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के सम्मान से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए गर्व के साथ अत्यंत भावुक क्षण भी है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के त्याग को केवल स्मरण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण को भी समाज एवं सरकार की प्राथमिकता में शामिल किया जाना चाहिए।

### छह सितंबर

महोबा, झांसी, ललितपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, एटा, कासगंज, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं समेत आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। मौसम विभाग ने सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, गाजीपुर, वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, भदोही, चित्रकूट और कौशाम्बी में आकस्मिक बाढ़ की आशंका भी जताई है। इन जिलों में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। नदियों, नालों और जलभराव वाले इलाकों की लगातार निगरानी के साथ-साथ संभावित प्रभावित आबादी को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### हरियाणा : खड़े

देते हुए बताया कि यह हादसा तड़के करीब 4.30 बजे हुआ, जब पिक-अप गाड़ी में सवार लोग राजस्थान में खाटू श्याम मंदिर और राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करके लौट रहे थे और वृंदावन जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग गया और उसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। अधिकारी के अनुसार मरने वालों में तीन महिलाएं थीं। मृतकों की पहचान विजय (75), राजकुमार (40), रेशमा (45), कमला (65), सुधा (52), और महेश (60) के रूप में हुई है। घायलों को पलवल के एक अस्पताल ले जाया गया।




# काशी रुद्राक्स ने मेरठ मावेरिक्स को हराया

## यूपी टी-20 : कानपुर में डिफेंडिंग चैंपियन काशी रुद्राक्स की जीत से तय हुईं प्लेऑफ की 4 टीमें

खेल संवाददाता

कानपुर। यूपी टी20 लीग 2026 के 29वें और बेहद अहम मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन काशी रुद्राक्स ने टेबल-टॉपर्स मेरठ मावेरिक्स को 56 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। 40 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास वाले कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में मिली इस धमाकेदार जीत के साथ ही यूपी टी-20 के चौथे सीजन के प्लेऑफ (टॉप 4) की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। लीग चरण की समाप्ति के बाद पॉइंट्स टेबल में मेरठ मावेरिक्स 15 अंकों के साथ शीर्ष पर रही, जबकि लखनऊ फाल्कन्स 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। काशी रुद्राक्स और नोएडा किंग्स 10-10 अंकों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रहीं। वहीं, गौर गोरखपुर लायंस और मेजबान कानपुर सुपरस्टार्स का सफर यहीं खत्म हो गया है। 'करो या मरो' के इस मुकाबले में काशी रुद्राक्स के कप्तान करण शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निडर फैसला लिया।

**यूपी टी-20 2026: प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल (इकाना स्टेडियम, लखनऊ)**

- 3 सितंबर 2026 (गुरुवार):
- क्वालिफायर 1: मेरठ मावेरिक्स बनाम लखनऊ फाल्कन्स (दोपहर 3:00 बजे से)
- एलिमिनेटर: काशी रुद्राक्स बनाम नोएडा किंग्स (शाम 7:30 बजे से)
- 4 सितंबर 2026 (शुक्रवार):
- क्वालिफायर 2: क्वालिफायर 1 की हारने वाली टीम बनाम एलिमिनेटर की विजेता टीम (शाम 7:30 बजे से)
- 6 सितंबर 2026 (रविवार):
- ग्रैंड फिनाले (फाइनल): क्वालिफायर 1 की विजेता बनाम क्वालिफायर 2 की विजेता (शाम 7:30 बजे से)



सलामी बल्लेबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए 51 गेंदों में 75 रनों की मजबूत साझेदारी की। वैभव जायसवाल ने 24 गेंदों में तेज तर्रार 33 रन बनाए, जबकि कप्तान करण शर्मा ने 40 गेंदों में 57 रनों की कप्तानी पारी खेलकर ठोस नींव रखी। इसके बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज उपेंद्र यादव ने मैदान पर उतरकर तबाही मचाई। उपेंद्र ने महज 29 गेंदों में 4 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 57 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसके दम पर काशी रुद्राक्स ने 20 ओवर में 175/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ मावेरिक्स की शुरूआत बेहद खराब रही।

स्टार ओपनर स्वास्तिक चिकारा को कार्तिक यादव ने 4 गेंदों के डक पर पवेलियन भेज दिया। कार्तिक यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवरों में महज 12 रन देकर 3 विकेट झटके और मेरठ के टॉप ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया। इस मैच विनिंग प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मेरठ के लिए दिव्यांश राजपूत (39 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर वह 'हिट-विकेट' आउट हो गए। अगली ही गेंद पर ऋषभ राजपूत ने यश गर्ग को आउट किया। 17वें ओवर की पहली गेंद पर इम्पैक्ट प्लेयर संगम सिंह ने विकेट लेकर टीम की हैट्रिक पूरी की। ऋषभ राजपूत (3/13) और अटल बिहारी विपिन राय (2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के आगे मेरठ की पूरी टीम 19.2 ओवर में 119 रनों पर ढेर हो गई। कानपुर में लगातार

**बारिश के कारण लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शिफ्ट हुए सभी प्लेऑफ मुकाबले**

बारिश और गीले मैदान की परिस्थितियों को देखते हुए लीग प्रशासन ने प्लेऑफ के सभी मुकाबलों को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया है। वहीं दूसरी ओर मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज सिद्धेश लाड को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है। ठाकुर को कार्यभार प्रबंधन के तहत इस पद से हटाया गया।

ठाकुर ने 2025-26 सत्र के लिए अजिंक्य रहाणे की जगह मुंबई की कप्तानी संभाली थी, जिसमें 42 बार की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गई थी। रणजी सत्र की शुरुआत 11 अक्टूबर को होगी और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में चंडीगढ़ से भिड़ेगी। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक शीर्ष अधिकारी ने लाड की नियुक्ति की पुष्टि की है। 34 वर्षीय लाड बीच में मुंबई को छोड़कर गोवा चले गए थे। उन्होंने एक साल की कूल ऑफ अवधि पूरी करने के बाद 2024-25 में मुंबई की टीम में वापसी की थी। पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में उन्होंने आठ मैचों में 77.40 की औसत से 774 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

# अल्काराज ने जीत के साथ वापसी की, सबालेंका भी दूसरे दौर में



न्यूयॉर्क। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका भी आगे बढ़ने में सफल रही। अल्काराज़ दाहिनी कलाई में चोट के कारण अप्रैल से ही बाहर थे तथा इस कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में ही नहीं खेल पाए थे। स्पेन के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को रोमन सफिउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान का शानदार आगाज किया। सबालेंका के बाद आर्थर ऐश स्टेडियम में प्रवेश करने वाले दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ मैच के आगे बढ़ने के साथ अधिक सहज नज़र आने लगे और उन्होंने शानदार खेल का नजारा पेश किया। उन्होंने दर्शकों से अपार समर्थन पाने के लिए अपने कान पर हाथ रखा और मैच के अंतिम गेम में एक शानदार वॉली विनर के बाद मुट्ठी हवा में लहराई। अल्काराज़ ने कहा, मुझे फिर से प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला, इससे मैं बहुत खुश हूं।

मुझे लगता है कि टेनिस का स्तर निश्चित रूप से बेहतर होगा। मैंने अपने पहले मैच में जिस तरह का खेल दिखाया उससे मैं खुश हूं। अगर सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फिट रहते हैं, तो यानिक सिनर के घुटने की चोट के कारण बाहर होने और नोवाक जोकोविच के पहले दौर में हारने के बाद, वह जल्द ही प्रबल दावेदार बन सकते हैं। महिला एकल में सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-4, 6-4 से हराकर 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार तीन यूएस ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की तरफ कदम बढ़ाए। वह वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले तीन अवसरों पर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। सबालेंका ने 2023 में कोको गॉफ से मिली हार से उबरते हुए 2024 में जीत हासिल की और फिर पिछले साल अमांडा अनिसिमोवा को हराकर खिताब का बचाव किया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे पसंदीदा स्टेडियमों में से एक है। मैंने इस स्टेडियम में सबसे अच्छी भावनाओं का अनुभव किया है।

## स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर का हार के साथ अंत

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन में 2016 के चैंपियन स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर सोमवार को पहले दौर में ही मैटियो बेरेटिनी से 7-6 (4), 7-6 (3), 6-0 से हार के साथ समाप्त हो गया। वावरिंका ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब फ्लशिंग मीडोज (जहां यूएस ओपन खेला जाता है) में जीता था। उन्होंने 10 साल पहले फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। इस 41 साल के खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आप उनका आखिरी सत्र होगा। उन्हें इस बार यूएस ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। वावरिंका ने कहा, मुझे इसकी बहुत याद आएगी। मुझे इसकी बहुत ज्यादा याद आएगी। मुझे यह खेल बहुत पसंद है। इस अवसर पर अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन (यूएसटीए) के अधिकारियों ने वावरिंका को कोर्ट पर सम्मानित भी किया।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में तमिलनाडु के धावकों का जलवा

लुधियाना। तमिलनाडु के धावकों ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले ही दिन मंगलवार को यहां 100 मीटर स्पर्धा के पुरुष और महिला दोनों वर्गों का स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। समराज आर (10.46 सेकंड) ने पुरुष वर्ग में नया युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि टी मृदिका (11.78 सेकंड) ने महिला वर्ग में मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। समराज का यह प्रदर्शन 2023 में कोयंबटूर में अंशु रजक द्वारा बनाए गए 10.63 सेकंड के पिछले युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। मृदिका ने 2012 में बेंगलुरु में दुती चंद द्वारा बनाए गए 11.80 सेकंड के पिछले मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वह फाइनल में 12 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने वाली इकलौती धाविका रहीं।

### प्रशांत सिंह को साइ गांधीनगर केंद्र का क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने खेलो इंडिया योजना के पूर्व अधिकारी प्रशांत सिंह को अपने गांधीनगर केंद्र का क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त किया है और इसके साथ ही उन्हें गुजरात और राजस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। साइ ने मंगलवार को यह घोषणा की। लखनऊके रहने वाले सिंह को खेल प्रशासन में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे खेलो इंडिया योजना की शुरुआत से ही इससे जुड़े रहे हैं। उन्होंने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना और ओलंपिक सेल में भी जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने दिल्ली स्थित साइ मुख्यालय में एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी, साइकिलिंग, तलवारबाजी और जूडो सहित विभिन्न खेलों के खेलविकास अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है।

### सांगवान की अर्धशतकीय पारी से उत्तर क्षेत्र का संघर्ष जारी

बेंगलुरु। सनत सांगवान की 76 रन की जुझारू पारी की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 256 रन बनाकर अपना संघर्ष जारी रखा। उत्तर क्षेत्र की टीम इस तरह 139 रन की बढ़त हासिल कर चुकी है और उसके तीन विकेट शेष हैं। दिन की शुरुआत में दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा बीते दिन के अपने स्कोर में 10 रन और जोड़कर 116 रन पर नाबाद रहे। उन्होंने 10वें विकेट के लिए कावुरी साईतेजा (12) के साथ 42 रन की साझेदारी कर टीम को पहली पारी का स्कोर 312 रन तक पहुंचाने के साथ 117 रन की बड़ी बढ़त दिलाई।

# रणजी : सूर्यकुमार को मिल सकती है कमान

एजेंसी

मुंबई। मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज सिद्धेश लाड को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि सीमित ओवरों के घरेलू टूर्नामेंटों में श्रेयस अय्यर या सूर्यकुमार यादव में से किसी एक को टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। ठाकुर को

**रणजी में लाड संभालेंगे मुंबई की कप्तानी**

कार्यभार प्रबंधन के तहत कप्तानी से हटाया गया है। उनकी कप्तानी में 42 बार की रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई की टीम क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक से हार कर बाहर हो गई थी। मुंबई टीम प्रबंधन का लक्ष्य ठाकुर को लाल गेंद वाली टीम के प्रमुख गेंदबाज के रूप में अधिकतम प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करना है। ठाकुर ने अतीत में मुश्किल परिस्थितियों में बल्ले से भी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुंबई लगातार दूसरे सत्र में नए कप्तान की अगुवाई में रणजी ट्रॉफी में उतरेगी। 2025-26 सत्र से पहले ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे की जगह टीम की कमान संभाली थी। सभी प्रारूपों से इस साल जुलाई में संन्यास लेने वाले रहाणे ने 2023-24 सत्र में मुंबई को रिकॉर्ड 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाया था। फाइनल में मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब अपने नाम किया था। सफेद गेंद के घरेलू क्रिकेट में भी मुंबई अपने नेतृत्व विकल्पों का अधिकतम इस्तेमाल करना चाहेगी। भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के मौजूदा कप्तान श्रेयस अय्यर और उनके पूर्ववर्ती सूर्यकुमार यादव, दोनों कप्तानी की दौड़ में हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से कहा, सफेद गेंद की कप्तानी के लिए हमारे पास श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव, दोनों विकल्प हैं, लेकिन यह उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा। अय्यर ने इससे पहले भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव से संभाली है। सूर्यकुमार ने इसी साल फरवरी में भारत को टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी और कुल तीसरी खिताबी जीत दिलाई थी। अय्यर ने 2024-25 सत्र में मुंबई को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का खिताब भी दिलाया था। रणजी सत्र की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी और मुंबई की टीम एलीट ग्रुप डी के अपने पहले मुकाबले में चंडीगढ़ से भिड़ेगी। इस ग्रुप में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, रेलवे, तमिलनाडु और उत्तराखंड की टीमें भी शामिल हैं। चौतीस वर्षीय लाड को दबाव की परिस्थितियों में शांत और संयमित रहने के साथ-साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता के कारण मुंबई का नया कप्तान चुना गया है। लाड 2022-23 सत्र में गोवा से जुड़े थे, लेकिन वहां एक साल बिताने के बाद मुंबई लौट आए। 2023-24 सत्र में अनिवार्य एक साल का कूलिंग ऑफ पीरियड पूरा करने के बाद उन्होंने 2024-25 सत्र में फिर से



मुंबई का रुख किया और टीम में वापसी की। पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में उन्होंने आठ मैचों में 77.40 की औसत से 774 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने पांच शतक और एक अर्धशतक लगाया था। वहीं दूसरी ओर भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने कहा कि पिछले तीन महीनों में सीनियर तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी करने से उन्हें सही लेंथ से गेंदबाजी करने में मदद मिली है और अब उनका लक्ष्य सभी प्रारूपों में खेलना है।

## चीन मास्टर्स के पहले दिन उन्नति को मिली शिकस्त

शेनजेन। उन्नति हुड्डा चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को महिला एकल के पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल रहीं, जबकि पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में पहले गेम के दौरान ही मैच से हटने का फैसला किया। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज उन्नति को पहले दौर में दक्षिण कोरिया की 12वीं रैंकिंग वाली किम गा-यून के हाथों 10-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी पहले गेम में चीन के चेन बो यांग और लियू यी के खिलाफ 8-11 से पीछे चल रही थी तभी उन्होंने मुकाबले से हटने का फैसला किया। उनके मैच से हटने की वजह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी, लेकिन माना जा रहा है कि यह फिटनेस से जुड़ी हो सकती है।

# मार्श व हेड की वनडे टीम में वापसी

सिडनी। कप्तान मिशेल मार्श और उनके साथी सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को इस महीने के आखिर में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया है।



मार्श और हेड इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान और बांग्लादेश में वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 15 सितंबर से शुरू होने वाला यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे विश्व कप खेला जाएगा। तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की जोड़ी जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली सीरीज में नहीं खेल पाएगी और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल होगी। युवा खिलाड़ी जोएल डेविस और ओली पीक ने पाकिस्तान और बांग्लादेश में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैच 15, 18 और 20 सितंबर को हरारे में खेले जाएंगे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज डरबन (24 सितंबर), जोहान्सबर्ग (27 सितंबर) और पोटचेफस्ट्रूम (30 सितंबर) में खेली जाएगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, यह छह मैचों की श्रृंखला अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण है। इसलिए मिच (मार्श), ट्रैविस और जोश (हेज़लवुड) का वापसी करना बहुत अच्छा है।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीमः मिशेल मार्श, पैट कमिंस (केवल दक्षिण अफ्रीका के लिए), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कॉनॉली, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ओलिवर पीक, मैथ्यू रेनशॉ, बिली स्टैनलेक, मिशेल स्टार्क, एडम ज़म्पा।

# आर्सेनल और बार्सिलोना का विजय अभियान जारी

एजेंसी

लंदन। आर्सेनल ने एस्टन विला को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा, जबकि बार्सिलोना और रोमा ने क्रमशः स्पेन और इटली में शानदार जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल ने बुकायो साका के 59वें मिनट में किए गए गोल के दम पर तीन अंक हासिल किए। उधर ला लिगा में लामिन यामल और राफिन्हा दोनों ने दो-दो गोल किए जिससे बार्सिलोना ने रायो वैलेकानो को 5-2 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत से बार्सिलोना गोल अंतर के आधार पर रियाल मैड्रिड से आगे निकलकर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इटली की लीग सीरी ए में डोनेल मालेन ने दो मैचों में अपने गोल की संख्या पांच तक पहुंचा दी। उनके शानदार प्रदर्शन से रोमा ने लेचे के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की। मालेन ने रोमा की फियोरेंटीना के खिलाफ शुरुआती मैच में जीत में हैट्रिक लगाई थी। वहीं दूसरी ओर अच्छे दिन आए, बुरे दिन भी आए और फिर एक ऐसा बदनाम दिन भी आया जिसे कोलकाता शायद भूल जाना चाहेगा।



इन सबके बीच लियोनेल मेस्सी किसी ना किसी तरह इस शहर के फुटबॉल प्रेम के करीब बने रहे। अर्जेंटीना के इस सुपरस्टार की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के 24 घंटे भी पूरे नहीं हुए हैं और कोलकाता में ऐसा महसूस हो रहा है जैसे कुछ हाथ से फिसल रहा है। मेस्सी इस शहर के लिए कभी सिर्फ एक और सुपरस्टार नहीं रहे जो आए, खेले और चले गए। मेस्सी के पहली बार सॉल्ट लेक स्टेडियम में कदम रखने के भी अब ठीक 15 साल हो गए हैं। दो सितंबर की उस शाम शुरू हुआ 90 मिनट का जादू गहरे जुनून में बदल गया।

## साइ बेंगलुरु में भारतीय एथलीट स्मार्ट ट्रैक पर कर रहे अभ्यास

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के करीब आने के साथ स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले, लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी समेत आठ भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में विशेष स्मार्ट ट्रैक पर अपनी तैयारियों को धार दे रहे हैं। आठ खिलाड़ियों के साथ यह शिविर आठ सितंबर तक चलेगा। इस शिविर को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत मंजूरी दी गई है। शिविर में 800 मीटर धावक कृष्ण कुमार, डेकाथलॉन एथलीट तौफीक एन, ऊंची कूद के एथलीट आदर्श राम और सुप्रिया बी तथा पैदल चाल खिलाड़ी मंजू रानी और प्रियंका भी शामिल हैं।

# कोन्स्टास, हैंड्सकॉम्ब और रिचर्डसन भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में

एजेंसी

सिडनी। तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस, सैम कॉन्स्टास और नाथन मैकस्वीनी जैसे सीनियर टीम की तरफ से खेल चुके खिलाड़ियों को भारत ए के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ए की दो प्रारूपों के लिए चुनी गई 14 सदस्यीय टीमों में शामिल किया गया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की राष्ट्रीय चयन समिति ने कहा कि भारत का यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से परिचित कराना और उन्हें भारत में खेलने की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम इस दौरे में चार दिवसीय मैच भी खेलेगी जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अगले साल की शुरुआत में भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए सीनियर टीम में जगह बनाने का मौका मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया ए टीम पुडुचेरी में दो चार दिवसीय मैच और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी।

पहला चार दिवसीय मैच 22 सितंबर से जबकि दूसरा मैच 29 सितंबर से शुरू होगा है। अनौपचारिक वनडे मैच छह, नौ और 11 अक्टूबर को खेले जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह दौरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम भारत का दौरा करने वाली है।

# गत चैंपियन मध्य क्षेत्र को हराकर पूर्व क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के फाइनल में

एजेंसी

बेंगलुरु। बंगाल के तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार की धारदार गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी की तेजतर्रार पारी के दम पर पूर्व क्षेत्र ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के तीसरे दिन गत चैंपियन मध्य क्षेत्र को चार विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व क्षेत्र के सामने फाइनल में दक्षिण क्षेत्र या उत्तर क्षेत्र की चुनौती होगी। फाइनल मुकाबला छह सितंबर से चेपक (चेन्नई) में खेला जाएगा।

शमी और मुकेश ने सात विकेट आपस में साझा करते हुए मध्य क्षेत्र की दूसरी पारी को 158 रन पर समेट दिया। पूर्व क्षेत्र ने इसके बाद छह विकेट गंवाने के बावजूद 159 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। स्पिनरों के लिए लगातार मददगार होती जा रही पिच पर 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्व क्षेत्र के लिए ठोस शुरुआत करना बेहद जरूरी था। सूर्यवंशी (40 रन, 43 गेंद) ने दो अलग-अलग अंदाज वाली पारी खेली। उन्होंने शुरुआती 15 रन 30 गेंदों में बनाए, जो पहली पारी में 42 गेंदों पर



बनाए गए उनके अर्धशतक के बिल्कुल विपरीत था। इस दौरान उन्होंने तेज गेंदबाज आर्यन पांडे की गेंद पर सिर्फ एक छक्का लगाया। इसके बाद उन्होंने महज 13 गेंदों में 25 रन बटोर लिए, जिसमें एक और छक्का और तीन चौके शामिल थे। उनके सलामी जोड़ीदार अभिमन्यु ईश्वरन ने शुरुआत में उनसे तेज गति से रन बनाए। उन्होंने ऑफ स्पिनर सारांश जैन की गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर अपना खाता खोला। सूर्यवंशी ने पारी के 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन इस 15 वर्षीय बल्लेबाज ने इसी ओवर में एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा दिया। कप्तान रजत पाटीदार ने दौड़ते हुए शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। सूर्यवंशी के आउट होते ही पूर्व क्षेत्र की पारी पर जैसे सन्नाटा छा गया।

इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने लगी और लक्ष्य का पीछा अचानक मुश्किल नजर आने लगा। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने लगातार गेंदों पर कुमार कुशाग्र और अनुकूल रॉय को आउट कर स्कोर पांच विकेट पर 124 रन कर दिया। कप्तान इशान किशन (नाबाद 39 रन, 41 गेंद) ने हालांकि मध्यक्रम में आत्मविश्वास से भरी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत तक पहुंचा दिया। इससे पहले, मध्य क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 45 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन दूसरे दिन भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। टीम ने पहले सत्र में ही अपने बाकी सात विकेट गंवा दिए। नौवां विकेट गिरने के बाद सत्र को 30 मिनट के लिए बढ़ाया गया था। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी और मुकेश ने मध्य क्षेत्र के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया।

# छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस ली जायेंगी : नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि जुलाई में दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस ली जाएंगी और उनके खिलाफ कोई कड़ी कार्वाई नहीं की जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि सरकार ने नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) 2026 प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को भी 90 दिनों के भीतर उचित मुआवजा देने का फैसला किया है। नड्डा की यह टिप्पणी 20 से 25 जुलाई के बीच देशभर में कॉजपा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के कुछ ही समय बाद आई। शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद कॉजपा ने पांच सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में प्रस्तावित अपना मार्च वापस ले लिया। नड्डा ने कहा कि 25 जुलाई को उन्होंने और उनके सहयोगी जितेंद्र सिंह ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए जाएंगे तथा इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी। नड्डा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत सरकार की ओर से हमने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें आश्वासन दिया था कि प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिये जाएंगे और उनके खिलाफ आगे कोई कड़ी कार्वाई नहीं की जाएगी। नड्डा ने



मार्च रद्द करने के कॉजपा के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र ने भाजपा शासित सभी राज्यों से चर्चा की है और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्राधिकार में कॉजपा के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी वापस लेने का आश्वासन दिया है। नड्डा ने कहा, इसी भावना के साथ हमने भाजपा शासित राज्यों के साथ भी चर्चा की। अब हम अपना आश्वासन पूरा करने जा रहे हैं। हम दिल्ली में पांच सितंबर के प्रदर्शन वापस लेने के कॉजपा के फैसले का स्वागत करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और उनकी प्रगति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कॉजपा ने केंद्र पर 25 जुलाई को किए गए उन वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिक्षक दिवस (पांच सितंबर) को दिल्ली में विरोध मार्च निकालने का आह्वान किया था। कॉजपा ने कहा था कि केंद्र ने इन वादों के जरिए परीक्षा में अनियमितताओं और नीट-यूजी 2026 के प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ 36 दिनों से जारी आंदोलन को खत्म करने के लिए समूह को मनाया था। सरकार और कॉजपा के बीच 25 जुलाई को हुए समझौते के अनुसार, सरकार ने प्रश्नपत्र लीक होने और इसके बाद परीक्षा रद्द किए जाने के बाद आत्महत्या करने वाले नीट-यूजी अभ्यर्थियों के परिवारों को सम्मानजनक मुआवजा देने का वादा किया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद मई में आयोजित नीट-यूजी 2026 की परीक्षा बारह मई को रद्द कर दी थी। इसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा कराई गई। कॉजपा के अनुसार, इस मार्च का नेतृत्व उन छात्रों के परिवार करने वाले थे, जिन्होंने नीट-यूजी 2026 की परीक्षा रद्द किए जाने और उसके बाद दोबारा परीक्षा कराए जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। कॉजपा के अनुसार इसके अलावा, जुलाई में हुए आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पुलिस की ज्यादती का सामना करने वाले लोग भी मार्च में शामिल होने वाले थे। इससे पहले, 20 जुलाई को कॉजपा के नेतृत्व में निकाले गए चलो संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई थी। संसद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया था और आंसू गैस के गोले छोड़े थे। कई शहरों तक फैले छात्रों के इस आंदोलन में तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग प्रमुख थी।

जंतर-मंतर पर 20 जून को शुरू हुआ आंदोलन 25 जुलाई को प्रधान के इस्तीफे और सरकार द्वारा कॉजपा की अन्य मांगें स्वीकार किए जाने के बाद समाप्त कर दिया गया था।

# जीएसटी संग्रह अगस्त में 14.8 प्रतिशत बढ़कर करीब दो लाख करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह अगस्त में सालाना आधार पर 14.8 प्रतिशत बढ़कर करीब दो लाख करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून तिमाही में शुल्क संबंधी चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बावजूद मजबूत आर्थिक गतिविधियों तथा खपत के दम पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के आधिकारिक आंकड़े जारी होने के एक दिन बाद आए अगस्त के जीएसटी संग्रह के आंकड़े साझा किए गए हैं।

घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.3 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं आयात से राजस्व 29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,604 करोड़ रुपये हो गया। अगस्त में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1,99,853 करोड़ रुपये रहा। कुल केंद्रीय जीएसटी संग्रह




अगस्त में 38,413 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी संग्रह 46,316 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह 1.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। अगस्त में रिफंड 68 प्रतिशत बढ़कर 31,795 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि है। ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दर्शाता है, जिसमें लगातार बनी हुई खपत एवं अनुपालन में सुधार दिखाई देता है। यह पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों से आगे आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और अधिक समावेशी तथा भौगोलिक रूप से संतुलित वृद्धि का संकेत है। त्योहारों के नजदीक होने से अगले कुछ महीनों में उपभोक्ता खर्च बढ़ने के कारण राजस्व संग्रह में वृद्धि होने की संभावना है। अप्रैल-अगस्त के दौरान कुल जीएसटी राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 10.43 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले एक साल में संग्रह में निरंतरता को दर्शाता है। जीएसटी परिषद की अगली बैठक 12 सितंबर को निर्धारित है।

## संक्षेप

### कोयला आपूर्ति अगस्त में 5.5 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की कोयला आपूर्ति अगस्त, 2026 में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़कर 6.06 करोड़ टन हो गई। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में 5.74 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की थी। कोल इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) को कोयले की आपूर्ति अगस्त में 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.21 करोड़ टन हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में यह 1.10 करोड़ टन थी। कंपनी की कुल कोयला आपूर्ति चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त तक पांच महीनों के दौरान 6.70 प्रतिशत वृद्धि के साथ 32.29 करोड़ टन रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 30.26 करोड़ टन थी। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में अधिक आपूर्ति से खदान के मुहाने पर जमा करीब 5.5 करोड़ टन कोयला भंडार को खपाने में भी मदद मिली। कोल इंडिया के खदान के मुहाने पर फिलहाल करीब 7.6 करोड़ टन कोयला उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह भंडार आने वाले महीनों में बिजली उत्पादन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। कोल इंडिया की देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

# पांच राज्यों को 1183 करोड़ की दूसरी किस्त जारी होगी



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पांच राज्यों - उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और त्रिपुरा - के लिए दो केंद्रीय योजनाओं के तहत 1,183.11 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने को मंजूरी दी।

एक सरकारी बयान के अनुसार, चौहान ने इन पांच राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। कृषि सचिव अतीश चंद्र भी बैठक में शामिल हुए। मंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) के तहत कुल 1,183.11 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने को मंजूरी दी। इस राशि का इस्तेमाल किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और कृषि में आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। आंध्र प्रदेश को 409.40 करोड़ रुपये, तमिलनाडु को 355.88 करोड़ रुपये, ओडिशा को 219.65 करोड़ रुपये, उत्तराखंड को 106.67 करोड़ रुपये और त्रिपुरा को 91.51 करोड़ रुपये मिलेंगे। चौहान ने सभी राज्यों से जमीनी स्तर पर इन योजनाओं को तेजी से लागू करने का आग्रह किया ताकि योजनाओं का फायदा हर पात्र किसान तक समय पर पहुंच सके।

# बैंक कर्मचारी संगठनों का 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आहवान

नयी दिल्ली। बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के शीर्ष संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने पांच-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने में देरी, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में मतभेद और पेंशन संबंधी मुद्दों समेत विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल होने पर खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंकिंग सेवाएं देश के कई हिस्सों में चार दिन तक प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल शुक्रवार के दिन प्रस्तावित है, जिसके बाद दो दिन बैंक अवकाश रहेगा। वहीं, कुछ राज्यों में 14 सितंबर को भी गणेश चतुर्थी का अवकाश है। सात बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों के निकाय यूएफबीयू ने 28 सितंबर से तीन दिन की एक और राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी दी है। यह हड़ताल छमाही खाताबंदी के साथ होगी। शीर्ष संगठन ने कहा कि मांगें नहीं मानी जाने की स्थिति में 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का भी फैसला किया गया है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) के महासचिव रूपम रॉय ने कहा कि पांच-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव पर भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने आठ मार्च, 2024 को हुए 12वें द्विपक्षीय समझौतेनौवें संयुक्त नोट के तहत सहमति जताई थी।

# पेट्रोल और डीजल निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा, विमान ईंधन पर शुल्क घटा


एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा दिया। वहीं विमान ईंधन पर शुल्क में मामूली कटौती की गई। संशोधित दरें एक सितंबर से अगले पखवाड़े के लिए प्रभावी होंगी।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर के साथ विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) बढ़ाकर 25 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 24 रुपये प्रति लीटर था। वहीं, विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को घटाकर 19 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि पहले यह 19.50 रुपये प्रति लीटर था।

पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क भी 1.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले शून्य था। अप्रत्याशित लाभ कर सरकार की तरफ से लगाया गया शुल्क है। यह उन विशिष्ट कंपनियों या उद्योगों पर लगाया जाता है जो अपनी व्यावसायिक रणनीतियों के बजाय अप्रत्याशित बाहरी घटनाओं के कारण अचानक भारी मुनाफा कमाते हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com